
प्रयागराज, शनिवार, 3 दिसम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 10, वर्ष 11, अंक 224, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00


परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



अंदर- देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद याद रहेंगे



अंदर- विराट के पास पोंटिंग का रिकार्ड तोड़ने का अवसर

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सूबे में निकाय चुनाव का बिगुल बजा

## जल्द ही जारी होगी मेयर और चेयरमैन पद के लिए आरक्षण की लिस्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर विकास विभाग की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। वार्डों के आरक्षण को लेकर नगर विकास विभाग ने बाकी बचे 27 जिलों की आरक्षण सूची जारी कर दी है। वहीं दो दिसम्बर को विभाग द्वारा जारी की गई वार्डों के आरक्षण सूची पर सात दिनों में आपत्तियां मांगी गई हैं। हालांकि इसमें काफी कुछ बदलाव की संभावना कम ही है। वहीं जल्द ही मेयर और चेयरमैन की सीटों पर भी आरक्षण की लिस्ट जारी हो जायेगी।

नगर विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को 27 जिलों के आरक्षण की सूची जारी की है। जिन जिलों के निकायों के लिए वार्ड आरक्षण की सूची जारी की गयी है। इनमें शामली, आगरा, आम्बेडकरनगर, आजमगढ़, इटावा, कन्नौज, कानपुर जिला शामिल है। गोरखपुर, झांसी, प्रयागराज, फतेहपुर, फरूखाबाद, बलिया, बिजनौर, बुलंदशहर, मऊ और मथुरा के वार्डों को भी आरक्षण सूची जारी हो गई है। वहीं इसी लिस्ट में मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, मेरठ, मैनपुरी, रामपुर, ललितपुर, सहारनपुर, सीतापुर और हरदोई शामिल हैं।

### नगर निकाय चुनाव

**बचे हुए 27 जिलों के आरक्षण की भी सूची जारी, आपत्ति व सुझाव के लिए दिया गया एक सप्ताह का समय**




1 दिसम्बर को नगर विकास विभाग ने राजधानी लखनऊ समेत 48 जिलों के वार्डों की आरक्षण सूची जारी की थी। इसमें लखनऊ के कुल 110 नगर निगम वार्डों की आरक्षण सूची जारी की गई थी। फिलहाल यह लिस्ट अभी फाइनल नहीं है। इसको लेकर एक सप्ताह का समय दिया गया है, इस दौरान अगर कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता है तो जिलाधिकारी के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। वहीं शुक्रवार को बाकी बचे जिलों के वार्डों की आरक्षण सूची जारी होने के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों के वार्डों की आरक्षण सूची जारी हो गई है।

### दो से तीन चरणों में हो सकते हैं निकाय चुनाव

नगर विकास विभाग ने निकाय चुनाव का कार्यक्रम लगभग तैयार कर लिया है। विधानमंडल सत्र के बाद इसे राज्य निर्वाचन आयोग को सौंपने की तैयारी है। आयोग इसके आधार पर चुनाव की अधिसूचना जारी करेगा। इस बार चुनाव दो या तीन चरणों में कराने की है। पिछली बार की अपेक्षा इस बार 100 अधिक निकायों में चुनाव होना है। राज्य सरकार 15 जनवरी से पहले चुनावी प्रक्रिया को पूरा करा लेना चाहती है। इसके बाद फरवरी में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसीलिए दो से तीन चरणों में चुनाव कराने की तैयारी है। वर्ष 2017 में तीन चरणों में चुनाव हुआ था। पहले चरण में 24, दूसरे चरण में 25 और तीसरे चरण में 26 जिलों में चुनाव कराया गया है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव का कार्यक्रम इस तरह से तैयार किया जा रहा है कि कम समय के अंतराल में चुनावी प्रक्रिया पूरी हो सके।

**विधानमंडल सत्र के बाद जारी हो सकती है अधिसूचना**

# सपा विधायक इरफान का कानपुर में सरेंडर

**कानपुर।** कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट से फरार सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने कानपुर कमिश्नर कैंप कार्यालय के सामने सरेंडर कर दिया है। इस दौरान विधायक हसन रूमी और अमिताभ बाजपेई भी उनके साथ मौजूद रहे।

पिछले महीने एक भूमि विवाद में एक महिला को कथित रूप से परेशान करने और उसके घर में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था और तब से फरार चल रहे थे। सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी के खिलाफ जाजमऊ थाने में 8 नवंबर को एक मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा एक महिला ने दर्ज कराया था जिसमें आरोप है कि विधायक उनके भाई व अन्य उनके प्लाट पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से 7 नवंबर को प्लाट में बनी झोपड़ी में आग लगा दी गई और उन लोगों के साथ मारपीट व जान से मार देने की धमकी दी। धारा 212 के तहत अपराधी को कानूनी दंड से बचाने के इरादे से आश्रय देना अपराध यदि मृत्यु दंडनीय है तो आश्रम देने वाले को पांच वर्ष की सजा व जुर्माना अथवा अपराध आजीवन कारावास या दस वर्ष तक की सजा से दंडनीय है तो तीन वर्ष तक की सजा व जुर्माना हो सकता है।

### कसा शिकंजा

**भूमि विवाद में मामला दर्ज होने के बाद से थे फरार**




### स्पाइसजेट की कोच्चि एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

**कोच्चि।** सऊदी अरब के जेद्दा से आ रही स्पाइस जेट की फ्लाइट की कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई है। इस विमान में 197 यात्री सवार थे। ये घटना शुक्रवार की शाम के वक्त की बताई जा रही है। इस मामले पर डीजीसीए ने कहा है कि जेद्दा से कोझिकोड जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान का हाइड्रोलिक सिस्टम फेल होने के कारण कोच्चि की ओर मोड़ दिया गया। फिलहाल कोच्चि में सभी यात्रियों के साथ सुरक्षित उतरे हैं।

# कैलिफोर्निया में पकड़ाया गोल्डी बराड़


## गैंगस्टर को अब भारत लाने की हो रही तैयारी

**नई दिल्ली।** कनाडा से भागकर कैलिफोर्निया पहुंचे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को हिरासत में ले लिया गया है। गोल्डी बराड़ पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड है। तीन महीने पहले ही गोल्डी कनाडा से भागकर कैलिफोर्निया पहुंचा था। सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि गोल्डी बराड़ को हिरासत में ले लिया गया है। उस 20 नवंबर के आसपास ही डिटेन कर लिया गया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का कहना है कि कैलिफोर्निया ने भारत सरकार और पंजाब पुलिस को गोल्डी बराड़ को डिटेन करने की जानकारी दी है। सीएम मान ने कहा कि अमेरिका के साथ प्रत्यर्पण संधि के अनुसार गोल्डी को भारत लाया जाएगा ताकि जिन लोगों ने अपने बेटे और बेटियों को खोया है उन्हें कुछ सांत्वना मिल सके। उन्होंने कहा कि बराड़ अपनी गैंग के जरिए पाकिस्तान से अपना काम करवाता था। मान ने दावा किया कि गोल्डी बराड़ जल्द ही पंजाब पुलिस की कस्टडी में होगा। गोल्डी बराड़ की उम्र अभी सिर्फ 28 साल है इतनी कम उम्र में उस पर कई सारे क्रिमिनल केस दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि उसके खिलाफ 16 मामले दर्ज हैं।

इस साल 29 मई को पंजाबी सिंगर सुखदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या हो गई थी। इसका मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ ही था। गोल्डी बराड़ लॉरेंस बिश्नोई गैंग का मेंबर है जिसने सिद्धू मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। बराड़ को डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी प्रदीप सिंह की हत्या का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। गोल्डी बराड़ यानी सतिंदरजीत सिंह पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब का रहने वाला है। वहीं 2017 में स्टूडेंट वीजा पर कनाडा गया था। वहीं से वहां अपनी गैंग चलाता था। मूसेवाला की हत्या के बाद से गोल्डी बराड़ को कनाडा में खतरा महसूस हो रहा था। इसकी वजह ये थी कनाडा में मूसेवाला के बहुत फैंस हैं। साथ ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दुश्मन बम्बीहा गैंग के दर्जनों लोग भी वहां रहते हैं। इसकारण वहां सितंबर में कनाडा से कैलिफोर्निया शिफ्ट हो गया था। सूत्रों का कहना है कि कैलिफोर्निया में गोल्डी बराड़ राजनीतिक शरण लेने की कोशिश कर रहा था ताकि पकड़े जाने पर भारत न भेजा जा सके। हालांकि ऐसा हो नहीं सका। गोल्डी बराड़ के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था। किसी भी आरोपी को दूसरे देश से अपने देश में लाने के लिए दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि यानी एक्स्ट्राडीशन ट्रीटी होना जरूरी है।

### शिकंजे में

**मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड है गोल्डी**




### ट्रांसजेंडरों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रांसजेंडर्स के लिए बार काउंसिल या वकील के रूप में नामांकन शुल्क में छूट देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इस मामले को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा राव की पीठ के समक्ष पेश किया गया। मामले की सुनवाई से इनकार करते हुए पीठ ने कहा कि न्यायिक समीक्षा के मानदंड संवैधानिक अदालतों को नामांकन शुल्क में छूट जैसे आदेश पारित करने की अनुमति नहीं देते हैं। इस मामले पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप यह नहीं कह सकते हैं कि ट्रांसजेंडर से नामांकन फीस नहीं लें। फिर ये छूट सिर्फ ट्रांसजेंडर को ही क्यों, ये तो महिलाओं, दिव्यांगों और असहाय लोगों को भी मिलनी चाहिए।' सीजेआई ने कहा कि आपको न्यायिक समीक्षा के मानदंड को समझना होगा। इसके साथ ही सीजेआई ने टिप्पणी की है कि अगर कानूनी पेशे में इस तरह की छूट दी जाती है तो फिर ये मेडिकल के क्षेत्र सहित अन्य सेक्टरों में लागू होनी चाहिए और वहां भी छूट मिलनी चाहिए। **एजेंसी**

# गोला व बारूद से भरे सेना के ट्रक में आग, लगा भीषण जाम

### हड़कंप

**ट्रक में बार-बार हो रहे धमाकों के कारण आसपास के लोग सहमे**



**बीकानेर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर एक सेना के ट्रक में आग लग गई। ट्रक में गोला-बारूद और हथियार रखे हैं। आग लगने से ट्रक में ब्लास्ट हो रहे हैं। हादसे के कारण हाईवे पर ट्रैफिक रोक दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची है, लेकिन बार-बार हो रहे ब्लास्ट के कारण आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस और सेना के जवान हालात को काबू करने में जुटे हुए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार पिंडवाड़ा की तरफ से सेना के ट्रकों का काफिला उदयपुर आ रहा था। काफिले में शामिल एक ट्रक में गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर थामला वेरी बेकरिया थाना सर्किल के पास अचानक आग लग गई। उस ट्रक में करीब दो जवान मौजूद थे। दोनों ही सुरक्षित बताए जा रहे हैं। देखते ही देखते ट्रक में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके बाद उसमें धमाके होने लगे।

धमाकों के कारण कोई भी ट्रक के पास नहीं जा पा रहा है। आग की सूचना पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। हालांकि अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि ट्रक में आग किस कारण से लगी है। घटना के बाद से बीएसएफ ने इलाके को अपने कब्जे में ले लिया है। सेना के करीब 40 जवान मौके पर तैनात हैं। इसके अलावा पांच थाने के अधिकारी और पुलिसकर्मी भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। हाईवे पर ट्रैफिक रोक दिया गया है। इससे दोनों तरह करीब 15-15 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। ट्रक में बार-बार हो रहे धमाकों के कारण आसपास के लोग सहमे हुए हैं। आग की लपटें भी दूर से नजर आ रही हैं।

# सीएम बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी अरेस्ट

**रायपुर।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छत्तीसगढ़ के एक शीर्ष नौकरशाह को गिरफ्तार किया है। अधिकारी की पहचान सौम्या चौरसिया के रूप में की गई है। सौम्या, मुख्यमंत्री के कार्यालय में उप सचिव के पद पर हैं। सौम्या एक अवैध खनन मामले में केंद्रीय एजेंसियों के रडार पर थीं और ईडी द्वारा तलाशी से पहले आयकर विभाग ने उनसे जुड़ी संपत्तियों पर छापा मारा था। ईडी द्वारा पूछताछ के लिए बुलाए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां पिछले दो महीनों में सौम्या से कई बार पूछताछ कर चुकी हैं। इनकम टैक्स की टीम ने पिछले साल जून में कहा था कि उसने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में छापेमारी के बाद 100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित हवाला रैकेट का भंडाफोड़ किया है। हवाला लेनदेन के तहत औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से हटकर नकदी का लेनदेन हुआ है। सौम्या चौरसिया के घर पर फरवरी 2020 में भी छापा मारा गया था। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय एजेंसी का छापे की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध कहा था। उन्होंने दावा किया था कि यह उनकी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश है। फरवरी 2022 में इनकम टैक्स की टीम ने सौम्या चौरसिया के बंगले पर छापा मारा था। फरवरी 2020 में छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव सौम्या चौरसिया सहित उनके करीबी सहयोगियों पर इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी से मामला राज्य बनाम केंद्र बन गया था। इनकम टैक्स की टीम ने सौम्या चौरसिया के बंगले पर छापा मारा था। उस समय जगदलपुर में भी दो कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे गए थे।

इनकम टैक्स के छापे के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने उन 19 कारों को जब्त कर लिया था, जिसको आयकर के अधिकारियों ने छापेमारी के लिए किराए पर लिया था। छत्तीसगढ़ पुलिस का कहना था कि सभी गाड़ियां नो पार्किंग एरिया में खड़ी थीं। इसके बाद मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना वसूलने के बाद गाड़ियों को छोड़ दिया गया था। इस मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा में भी उठाया था।



### कसा शिकंजा

**मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई, सौम्या से कई बार हो चुकी है पूछताछ**

### काबुल में पाकिस्तान के दूतावास पर हमला

**काबुल।** अफगानिस्तान के काबुल में शुक्रवार को पाकिस्तान के दूतावास पर हमला हुआ है। यह हमला दूतावास के पाक प्रमुख उबेदुर रहमान निजमानी को जान से मारने की कोशिश के तहत किया गया है। राजदूत को बचाने के लिए सिक्योरिटी गार्ड को गोली लगी है। उसका इलाज जारी है।

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है। उन्होंने तालिबान सरकार से इस मामले में कठोर कार्रवाई करने के लिए कहा है। पीएम शहबाज शरीफ ने ट्वीट करते हुए लिखा, मैं पाकिस्तानी दूतावास में राजदूत की हत्या की कोशिश करने वाले हमले की कठोर शब्दों में निंदा करता हूं। पाक पीएम ने आगे लिखा कि उस सिक्योरिटी गार्ड को मेरा सलाम है, जिसने राजदूत की जान बचाने के लिए खुद गोली खा ली। वो जल्दी ठीक हो जाए, ऐसी कामना है। मैं मांग करता हूं कि इस मामले में तुरंत जांच शुरू की जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। काबुल में पाक दूतावास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# ट्रेन में खिड़की से आई मौत

### रेलवे की लापरवाही

**अलीगढ़ में ट्रेन की खिड़की तोड़कर डिब्बे के अंदर घुसी सरिया, यात्री की गर्दन के हुई आर-पार, मौके पर हुई मौत, मुकदमा दर्ज**




**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में नीलांचल एक्सप्रेस में एक बेहद चौंकाने वाला हादसा हुआ है। यहां मजदूरों द्वारा पटरी पर छोड़ा गया सब्बल ट्रेन की खिड़की तोड़ते हुए यात्री के गर्दन में जा घुसा और सिर फाड़ते हुए निकल गया। यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान ट्रेन की रफ्तार 110 किमी/घंटा बताई जा रही है। घटना डाबर-सोमना स्टेशन के बीच हुई। हादसे के बाद कम्पार्टमेंट में चीख-पुकार मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। इस बीच अन्य यात्रियों ने चेन पुलिंग करके ट्रेन रोकी। जीआरपी और आरपीएफ को बुलाया। शव को ट्रेन से बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। रेलवे के मुताबिक हादसे में जान गंवाने वाले यात्री का नाम हरिकेश कुमार दुबे है। वह सुल्तानपुर के गोपीनाथपुर गांव के रहने वाले थे। गुरुवार को घर जाने के लिए दिल्ली से सुल्तानपुर के लिए रवाना हुए थे। ट्रेन अलीगढ़ के सोमना पहुंचने वाली थी, तभी यह घटना हुई। हरिकेश दिल्ली में मोबाइल टॉवर से जुड़ी कंपनी में टेक्नीशियन थे। वह ट्रेन के जनरल कोच में खिड़की के किनारे बैठे हुए थे। इस भयावह हादसे में हरिकेश के पास बैठी एक महिला बाल-बाल बच गई। महिला अपनी सीट पर बैठी थी। सब्बल उसकी गर्दन को छूकर निकल गया।

नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि घटना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी और आरपीएफ को फोर्स ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। जीआरपी इंस्पेक्टर सुबोध यादव ने बताया कि गैर इरादतन हत्या की धारा-304 के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। ट्रैक पर काम करने वाले मजदूरों की तलाश की जा रही है, जिनकी लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। **एजेंसी**

### मैनपुरी में अखिलेश पर बरसे सीएम योगी, डिंपल को बताया, बेचारी

**मैनपुरी।** भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मैनपुरी के किश्चियन मैदान में शुक्रवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ के भाषण में सैफई परिवार ही निशाने पर रहा। उन्होंने कहा कि सैफई परिवार में समाजवाद के अलग-अलग ब्रांड हैं। शिवपाल सिंह का समाजवाद लठैत है तो वहीं प्रो. रामगोपाल का पूंजीवाद और अखिलेश यादव का समाजवाद अवसरवादी है। सीएम योगी ने कहा कि जब भी समाजवादी पार्टी चुनाव हारती है, बेचारी डिंपल को आगे कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में सैफई परिवार से मुक्ति पाने का अवसर है। मैनपुरी को समाजवादी नहीं रामराज्य चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा ने केवल अपना और अपने परिवार का ही विकास किया। उन्होंने इस बार मैनपुरी सीट पर भगवा फहराने की जनता से अपील की।



# महाठग सुकेश के खिलाफ नोरा फतेही ईडी के सामने पेश

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री नोरा फतेही कथित महाठग सुकेश चंद्रशेखर और सहयोगियों के खिलाफ चल रही धन शोधन जांच के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुईं। अभिनेत्री फतेही (30) से पूर्व में संघीय एजेंसी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक सुकेश के बारे में पूछताछ कर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत उनका बयान दर्ज किया जाएगा।

ईडी ने मामले में दायर अपने पहले के आरोपपत्र में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को एक आरोपी के रूप में नामित किया था जबकि फतेही का बयान उसी अभियोजन पक्ष की शिकायत में शामिल था। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि 32 वर्षीय चंद्रशेखर ने फर्नांडीज के लिए उपहार खरीदने के लिए अवैध धन का इस्तेमाल किया जो उसने फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटर शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह सहित हाई-प्रोफाइल लोगों को धोखा देकर कमाया था। यह राशि करीब 200 करोड़ रुपये की थी। चंद्रशेखर को ईडी ने गिरफ्तार किया था।



### पीएमएलए मामला

**200 करोड़ के हेरफेर के मामले में बयान दर्ज**

# बीजेपी कार्यकारिणी में कैप्टन अमरिंदर व सुनील जाखड़

## कांग्रेस से पांच दशक पुराना नाता तोड़ भाजपा में शामिल हुए थे सुनील जाखड़

**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और पूर्व सांसद सुनील जाखड़ शुक्रवार को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त किए गए। इसके साथ ही कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता जयवीर शेरगिल को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया। वहीं भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राणा गुरमीत सोढ़ी, मनोरंजन कालिया और अमनजोत कौर रामूवालिया को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा यूपी बीजेपी के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी का मेंबर बनाया गया है। पार्टी ने बीजेपी की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष रहे मदन कौशिक, पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई के पूर्व अध्यक्ष विष्णुदेव साय और भाजपा की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोरंजन कालिया को राष्ट्रीय कार्य समिति का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। भारतीय जनता पार्टी ने एक बयान जारी कर कहा कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

कांग्रेस से अपने परिवार का पांच दशक पुराना नाता तोड़ने के बाद पंजाब के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ मई 2022 में भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा में शामिल होने के बाद जाखड़ ने कहा था, मेरे परिवार की तीन पीढ़ियों ने पिछले 50 सालों से कांग्रेस पार्टी की सेवा की। आज मैंने पंजाब में राष्ट्रवाद, एकता और भाईचारे के मुद्दों पर कांग्रेस से पांच दशक पुराना नाता तोड़ लिया है। अब मैं भाजपा के साथ पंजाब में राष्ट्रवाद, एकता और भाईचारे की राजनीति करूंगा। दरअसल, कांग्रेस की अनुशासन समिति ने जाखड़ को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो साल के लिए निलंबित करने की सिफारिश की थी। जिसके बाद उन्हें सभी पदों से हटा दिया गया था। सुनील जाखड़ ने आरोप लगाया था कि कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद ज्यादातर विधायक उनके समर्थन में थे। लेकिन उन्हें सिर्फ हिंदू होने की वजह से सीएम नहीं बनाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि इसके पीछे अंबिका सोनी थी, जिन्होंने कहा था कि पंजाब में सिख मुख्यमंत्री ही होना चाहिए। मुख्यमंत्री पद से वहीं, दूसरी ओर पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सितंबर 2022 में भारतीय जनता पार्टी जॉइन की थी। इसके साथ ही कैप्टन ने अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस जिसका गठन 2021 में किया गया था, उसका भी भाजपा में विलय कर लिया था। सितंबर 2021 में मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसी साल अगस्त महीने में कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद जयवीर शेरगिल शुक्रवार को बीजेपी में शामिल हो गए हैं। बीजेपी ने तत्काल प्रभाव से उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित कर दिया है। इस बीच सोशल मीडिया पर उनके पुराने वीडियो वायरल हो रहे हैं जहां वह बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हैं। अगस्त महीने में ही शेरगिल ने कांग्रेस पर बड़े आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दिया था। वे पार्टी के सबसे युवा राष्ट्रीय प्रवक्ता थे। 39 साल के शेरगिल ने आरोप लगाया था कि उन्होंने सबसे पुरानी पार्टी के साथ अपने संबंध तोड़ने का फैसला किया है क्योंकि चाटुकारिता 'दीमक' की तरह संगठन को खा रही है।

### नियुक्ति

**हटाए जाने के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस से दिया था इस्तीफा**

**जयवीर शेरगिल को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया**





## संक्षेप

### दूसरे दिन की शाम माया कुलश्रेष्ठ के कत्थक के नाम

**प्रयागराज।** शिल्प उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र का मुक्ताकाशी मंच कार्यक्रम के दूसरे दिन भी दूधिया रौशनी में नहा रहा है, हर कोई इस मेले का साक्षी बनने को बेताब है। कहीं बांसुरी की बिन बज रही है तो कही ढोल की थाप पर नाचते लोग ऐसा दृश्य है राष्ट्रीय शिल्प मेले का। मेले के दूसरे दिन की शाम माया कुलश्रेष्ठ के कत्थक के नाम रही। शिल्प हाट के मुक्ताकाशी मंच पर माया कुलश्रेष्ठ ने कत्थक भाव की खूबसूरत प्रस्तुति दी। उनके भाव पूर्ण प्रस्तुति के कारण 50 मिनट तक दर्शक मंत्रमुग्ध रहे। अपनी पहली प्रस्तुति श्रीकृष्ण की रासलीला की थीम पर ह्यह्य काहे कहे जाते रण छोर, काहे कहे जाते हो छलिया, काहे कहे जाते हो रसिया ऐ री सखी जान री सखी कैसा है मोरा संवारियाह्य बोल में आकर्षक नृत्य कर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को उसी में रमा दिया। इसके बाद राधा, बांसुरी, द्रोपदी, मीरा के चरित्र को अपने कत्थक से प्रस्तुत कर इसमें नारी के महत्व को दर्शाया।

# परिषदीय विद्यालयों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट का हुआ आयोजन

**बहरिया।** ब्लाक बहरिया में सभी विद्यालयों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट का आयोजन किया गया। यह परीक्षा सभी विद्यालयों में 1 से 3 तक के बच्चों की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 12 बजे तक तथा 4 से 8 तक के बच्चों की परीक्षा 12:30 बजे से 2 बजे तक संपन्न कराई गई। यह परीक्षा त्रैमासिक टेस्ट के रूप में ली गई। इस परीक्षा के माध्यम से सभी बच्चों को अपने प्रश्नों का उत्तर संक्षेप रूप में ओ एम आर सीट में भरकर देने के लिए बताया गया। 1 से 3 के बच्चों ने अपने प्रश्नों का हल अपनी कॉपियों में नोट करके अध्यापकों को देकर ओ एम आर शीट भरवाई । क्योंकि इस परीक्षा को कराने की पहले से कोई प्रारूप नहीं बताया गया था। जिसके चलते लगभग सभी बच्चों को ओ एमआर शीट भरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वही अध्यापकों एवं अभिभावकों का कहना है कि परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व ही इसका प्रारूप बता दिया गया होता तो जिससे बच्चों को इसका अभ्यास पहले से ही करा दिया जाता तो यह असुविधा आज ना होती।



परीक्षा देते बच्चे

## होलागढ़ में परिषदीय विद्यालयों में असेसमेंट परीक्षा का आयोजन



परीक्षा देते बच्चे व जांच करते प्रवेक्षक फिरोज आलम

**होलागढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर राज्य परियोजना निदेशक विजय किरन आनंद के आदेशानुसार प्रयागराज मंडल में 2 दिसम्बर को वि ख होलागढ़ के समस्त परिषदीय विद्यालयों 1 से 8 तक निपुण असेसमेंट की परीक्षा का आयोजन किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी लालजी शर्मा ने बताया कि समस्त विद्यालयों में एक एक पर्यवेक्षक की ड्यूटी लगाई गई है एवं बी आर सी होलागढ़ पर कंट्रोल रूम बनाया गया है परीक्षा नकल विहीन करायी जायेगी यदि नकल कराते हुए कोई शिक्षक पकड़ा गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि कक्षा 1 से 3 तक परीक्षा का समय 9-30 से 12 बजे तक एवं कक्षा 4 से 8 तक 12-30 से 2 बजे तक प्रतीक्षा होगी।

परीक्षा में विशेष बात यह है कि समस्त बच्चों की टैलीसीट सरल एप पर डाउनलोड करके स्कैनिंग शिक्षकों के द्वारा की जायेगी।

# ठगी करनें वाले युवक व युवती पर मुकदमा दर्ज

**ठगी**

**जिले के कई ब्लाकों में फैलाया था अपना जाल**

**शौचालय का आधा गड्ढा खुदवा कर ग्रामीणों को लिया था विश्वास में**



ठगी करने वाले खुशबू प्रजापति व असलम

**बहरिया।** बहरिया ब्लाक के अंतर्गत विभिन्न गांवों में जाकर शौचालय व आवास दिलाने के नाम पर ठगी करनें वाले युवक व युवती पर बहरिया पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि बहरिया के बीरभानपुर, सिलोखरा, पतुलकी, पूरनपुर, बेनीपुर आदि गांव में कई महीनों से एक युवक व उसकी महिला मित्र ग्रामीणों से शौचालय व आवास दिलाने के लिए अपनें को विकास भवन का बाबू बताकर लाखों रुपए लेकर फरार हो गया था। लेकिन गुरुवार को यह दोनों बहरिया के ही सातनपुर गांव पहुंच गये। वहां भी इन लोगों नें ग्रामीणों से आवास व शौचालय के नाम पर वसूली करना शुरू किया था । तो वहां के कुछ लोगों को शक हुआ इसी बीच किसी युवक नें बीरभानपुर में अपनें पहचान के जय प्रकाश पटेल,अजय कुमार पटेल को बताया कि कुछ लोग सातनपुर गांव में आवास व शौचालय दिलाने के लिए ग्रामीणों से पैसे ले रहे हैं। यह बात सुनकर बीरभानपुर,व पतुलकी गांव के ठगी के शिकार हुए कुछ लोग सातनपुर गांव पहुंच गये और लाखों रुपए के ठगी करनें वाले युवक व युवती को दबोच लिया। फिर इसकी सूचना बहरिया पुलिस को दे दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को युवक व युवती ने अपना जुर्म कबूल करतें हुए युवक नें अपना नाम असलम पुत्र हबीब व महिला नें अपना नाम खुशबू प्रजापति निवासी सैफखानपुर थाना फूलपुर बताया । जिस पर पुलिस नें दोनों ठगी करने वालों को बहरिया थानें ले आये । ठगो को पकड़े जानें की सूचना जैसे ही क्षेत्रवासियों को हुई तो जिन लोगों नें इनको आवास व शौचालय के नाम पर पैसा दिया था। मौके पर आ गए और सभी लोगों नें मिलकर बहरिया थाने में लिखित तहरीर दी। ग्रामीणों की लिखित तहरीर पर बहरिया पुलिस नें मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

आज के समय में सभी लोगों को पता है। कि आवास व शौचालय मिलनें के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरा जाता है। जिसमें प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की सहमति जरूरी है । यह जानते हुए भी लोगों नें किसी को सूचना ना मिलें और जल्दी से शौचालय व आवास मिल जाये इस होशियारी में ग्रमीण ठगी का शिकार हो गये।

**-रमेश कुमार सिंह**
**थाना अध्यक्ष बहरिया**

## जंघई विद्युत उपकेंद्र से 48 घंटे से आपूर्ति बंद 5 दर्जन गांवों के हजारों लोग अंधेरे में

**जंघई।** विद्युत आपूर्ति उपकेंद्र केंद्र जंघई, गोपालापुर उपकेंद्र से सम्बद्ध करीब 60 गांवों में विगत 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद है। बिजली कर्मचारियों के अनुसार बिजली कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। मछली शहर विद्युत केंद्र से सप्लाई आपूर्ति होती है परंतु 33 हजार वोल्टेज का तार गिर जाने के कारण उपकेंद्रों से सप्लाई आपूर्ति नहीं हो पा रही जब हड़ताल समाप्त होगा तब 33 हजार वोल्टेज तार को ठीक किया जाएगा और सप्लाई आपूर्ति किया जाएगा। सेमरी, असवां, बभनियांव, करौर, गोपालापुर, करकोली, सरायखेम, गरियांव, मुड़ाव, महेंद्रू सहित 60 गांवों में इस समय बिजली आपूर्ति बंद है हजारों ग्रामीणों के पास अंधेरे में रहने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। इनवर्टर, मोबाइल, सिंचाई, पढ़ाई, लिखाई सब बंद है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। छात्र, छात्राएं, बच्चे, गृहणी, किसान, नौजवान सभी बिजली आपूर्ति के कारण हैरान परेशान हैं। सत्तापक्ष विपक्ष का कोई नेता या जनप्रतिनिधि बिजली समस्या को हल करने की पहल नहीं कर रहा है हड़ताल कब तक रहेगी कब तक लोग अंधेरे में रहेंगे यह भगवान भरोसे है।

## बारात आने से पूर्व युवती फरार शादी के घर में मचा कोहराम

**मऊआइमा।** शुक्रवार को आने वाली बारात को कन्या पक्ष ने बारात लाने से मना कर दिया। जिससे वर पक्ष अचम्भित हो गए। बाद में पता चला कि युवती ही बीती रात फरार हो गई।जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को एक युवती की बारात आने वाली थी। बताते हैं कि बारात आने पूर्व बीती रात अचानक युवती फरार हो गई। शुक्रवार को सुबह परिजनों को जब पता चला तो वह पहले प्रतापगढ़ क्षेत्र के पटटी से आने वाली बारात को रोक दिए और युवती की तलाश में जुट गए। घर पर आए मेहमान धीरे धीरे खिसक लिए। बताते हैं कि युवती का फेसबुक पर किसी युवक से प्रेम प्रपंच चल रहा था। युवती के तमाम विरोध के बावजूद उसकी शादी प्रतापगढ़ के पटटी में तय कर दी गई। परन्तु आखिर में युवती घर का सारा जेवर नगदी आदि लेकर चुपके से फरार हो गई। बताते हैं कि वर पक्ष को जब सच्चाई पता चला तो उन्होंने शादी करने से साफ इंकार कर दिए और वर पक्ष कन्या पक्ष से खर्चा मांग रहा है। समाचार लिखे जाने तक युवती का कुछ पता नहीं चला था। वर और कन्या पक्ष के बीच पंचायत चल रही थी। इस बाबत किसी ने थाने में कोई शिकायत नहीं की थी।

## तीन ट्रैक्टरों का सेल्फ खोल ले गए चोर

**मेजा।** कोतवाली क्षेत्र के हनुमानगढ़ चौराहे पर बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन ट्रैक्टरों का सेल्फ खोल गए। मिली जानकारी के अनुसार के कोतवाली क्षेत्र के दरी (अहिरन का पूरा) गांव निवासी कुंवर सिंह, शिव बाबू व इंद्रजीत का ट्रैक्टरों का सेल्फ गुरुवार की बीती रात लगभग 3 बजे अज्ञात चोर खोले गए। उक्त तीनों ट्रैक्टर गांव के समीप ही हनुमानगढ़ चौराहे पर स्थित रामबाबू यादव के मकान के बगल खड़े थे। चोर तीन ट्रैक्टरों का सेल्फ खोलकर चुरा ले गए। सुबह जानकारी पर मौजूद लोगों में आक्रोश है। ट्रैक्टर मालिकों ने बताया कि पुलिस को सूचना दी गई है। वही देखा जाए तो इस समय क्षेत्र में चोरी की वारदात बड़ी हुई है।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण की अद्भुत लीला का किया बखान : पं लक्ष्मी नारायण



श्रीमद् भागवत कहते पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी

**करछना।** क्षेत्र के मधूका पूरा गांव में जन कल्याण हेतु चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा में कथा सुनने के लिए भक्त श्रोता जनों की भीड़ जुट रही है। श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा महापुराण की कथा सुनकर लोग भाव विह्वल हो रहे हैं । कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को कथा के व्यासपीठ पर विराजमान पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने बाल कृष्ण भगवान की अद्भुत लीलाओं का गुणगान करते हुए श्री कृष्ण और गोपियों की रासलीला की सुंदर झांकी प्रस्तुत करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया । और बताया कि भागवत कथा सुनने से मानव का कल्याण होता है । कथा के मुख्य श्रोता यजमान सेवानिवृत्त शिक्षक त्रिविक्रम त्रिपाठी की ओर से कथा व्यास सहित सभी आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। वही सांय कालीन में सामूहिक रूप से बाल कृष्ण भगवान की आरती की गई। कार्यक्रम के आयोजक राज शेखर त्रिपाठी व संयोजक विधुशेखर त्रिपाठी तथा व्यवस्थापक हरिकेश त्रिपाठी की ओर से सभी भक्त जनों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर रविंद्र नाथ मिश्रा राघवेंद्र त्रिपाठी शशि नाथ त्रिपाठी इंद्रदेव त्रिपाठी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी मोहनलाल रामाश्रय शुक्ल माधवेंद्र नारायण मिश्र प्रधान अंतहिया रोहित सिंह विमल कुमार शर्मा जनार्दन त्रिपाठी पंकज त्रिपाठी अभय दुबे हृषीकेश त्रिपाठी विश्वनाथ प्रसाद शुक्ल श्री कृष्ण मिश्र अशोक कुमार मिश्र गंगेश्वर मिश्र हरिकेश त्रिपाठी रंजन त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# इलाहाबाद स्कूल ऑफ एजुकेशन ने पांच दिवसीय कैंप का आयोजन किया

**नैनी, प्रयागराज।** इलाहाबाद स्कूल ऑफ एजुकेशन ने पांच दिवसीय कैंप का आयोजन किया, जिसका संचालन भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के लीडर ट्रेनर, कैंप डायरेक्टर श्री के सी श्रीवास्तव ने किया। शिविर 28 नवंबर से 2 दिसंबर 2022 तक विभाग में लगा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूजा सोनपाकर ने किया। उद्घाटन समारोह की शोभा प्रयागराज मंडल प्रभारी कमलेश द्विवेदी की मौजूदगी में रही। कार्यक्रम में भारत स्काउट और गाइड के इतिहास और नींव को शामिल किया गया। छात्रों को स्काउट और गाइड कार्यक्रम की उपस्थिति के आदर्श वाक्य, उद्देश्य और आवश्यकता के बारे में पढ़ाया गया। श्री श्रीवास्तव ने सभी सत्रों को रोचक और आकर्षक बनाने के लिए अपने अनुभवों और ज्ञान के अपने विनम्र शब्दों को साझा किया।

छात्रों ने ध्वजारोहण, गायन, टेंट बनाने आदि गतिविधियों में भाग लिया कार्यक्रम का अंतिम दिन छात्रों द्वारा कैंपिंग आउट और खाना पकाने की गतिविधियों के कारण मजेदार था।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

समापन समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक प्रशासन विनोद बी लाल ने छात्रों और प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ आशीष अलेक्जेंडर, प्रमुख (अंग्रेजी विभाग), डॉ सुनीता बी जॉन, प्रमुख (शारीरिक शिक्षा विभाग) ने भी भाग लिया। डॉ जहा आरा, प्रमुख (मनोविज्ञान विभाग), डीन, प्रो. डॉ एसआर मैरियन मैथ्यू, विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ सामला एस मसीह, डॉ. प्रेम प्रभा सिंह, डॉ. कासिम, डॉ. निहारिका डेनिस, डॉ. कीर्ति कटिंग, डॉ. सीमा मल्लिक, डॉ. अविस चिंतामणि, डॉ. सैयदा सारा अजीज, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. प्रशोभ पॉल डीडूजा, डॉ. ज्योत्सना जायसवाल, डॉ. अनुपमा मेहता, डॉ. चेतना पांडेय, डॉ. संगीता अल्फ्रेड, पूजा जे सोनपाकर आदि उपस्थित रहे।

## आवास विकास कॉलोनी सेक्टर 4 कूड़े का अंबार, नगर निगम प्रशासन बना अंजान

**झूसी।** प्रयागराज- वार्ड नंबर 75 आवास विकास कॉलोनी सेक्टर 4 के कॉलोनी वासियों का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते कूड़े का अंबार लगा है जिसकी शिकायत नगर पंचायत अधिकारियों व कर्मचारियों को दी गई अभी तक कूड़े को हटाया नहीं गया आवास विकास कॉलोनी के निवासी आरती अग्रवाल अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा पिंटू अग्रवाल समाजसेवी आरोप है कि उनके आवास के सामने कूड़े का अंबार लगा है इस मार्ग से कॉलोनी वासियों का आना जाना है कूड़े का अंबार से भयंकर बदबू पैदा हो रही है जिससे यहां के लोगों को भयंकर बीमारी की आशंका जताई जा रही है आवास विकास कॉलोनी वासियों का आरोप है कि इस बात की शिकायत नगर निगम के अधिकारियों को भी दी गई किंतु लापरवाही के चलते ध्यान नहीं दे रहे हैं उन्होंने नगर आयुक्त महापौर से मांग की है कि अति शीघ्र कूड़े को नहीं हटाया गया तो कॉलोनी वासी भयंकर बीमारी की चपेट में आ जाएंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी कूड़े को लेकर कॉलोनी वासियों में नगर निगम के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

# किसानों को आत्म निर्भर बनाने के लिए निकाली कलशयात्रा



कलश यात्रा में शामिल लोग

**करछना।** कृषि प्रधान देश भारत खेती पर हमेशा से निर्भर रहा है वही रासायनिक खादों कीटनाशक दवाओं से प्रकृति का संतुलन पर बड़ा असर पड़ रहा है जिससे किसानों की भूमि की उर्वरता शक्ति क्षीण होती जा रही है किस्म- किस्म की दवाओं एवं रासायनिक खादों से मानव प्रकृति के साथ-सथ भूमिका भी रासायनिक उर्वरक शोषण कर रही है किसानों को जागरूक होना पड़ेगा जिसके लिए वे कीटनाशक दवाओं को परित्याग कर देसी उर्वरक अपनाकर खेती के उपज बढ़ाने के साथ-साथ खेतों को भी बचाना जरूरी है शुक्रवार को करछना तहसील मुख्यालय पर आत्मनिर्भर किसान अभियान के तहत संपूर्ण सुख शांति का आधार शाश्वत योगिक खेती को लेकर किसानों को जागरूक करने के लिए ब्रह्मकुमारी प्रयागराज की बहनों द्वारा करछना तहसील मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय एवं विभिन्न गांव में जाकर कलश यात्रा के तहत किसानों को जागरूक किया गया इस कार्य में उप जिलाधिकारी करछना, खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, लक्ष्मी शंकर,ओपी सिंह, सहित ब्रह्माकमारी बहन संगीता, निर्मला, प्रमोद तिवारी, वेद प्रकाश मिश्र, मोहनलाल, प्रियांशु ,बृजलाल, बृजेश भरत, आदि बड़ी संख्या में लोगों ने कलश यात्रा में शामिल होकर किसानों को जागरूक करने का कार्य किया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं हुआ दवा का छिड़काव, जिम्मेदार मौन

**गंदगी से फैल रही बीमारी,दवा का छिड़काव जरूरी**

**लालापुर।** प्रत्येक गांव में सरकार ने सफाई कर्मी की नियुक्ति कर रखी है।लेकिन कुछ गांवों के सफाई कर्मी गांव की नाली तक नही साफ करते हैं, विद्यालय की सफाई करना तो दूर। जिससे गन्दगी की वजह से मलेरिया, व डेंगू के मच्छर पैदा हो रहे है।वही सम्बन्धित जवाबदार ग्रामीणों के दवा छिड़काव के समय कुम्भकर्णी नींद में सो रहे है,चाहे जितना गांवो में डेंगू मलेरिया फैले इनसे मतलब बिल्कुल नही है। शंकरगढ़ ब्लाक व जसरा ब्लाक के कई गांवों में सरकार के आदेश को सम्बन्धित अधिकारी से लेकर सफाई कर्मचारी तक जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं, सरकार को जमकर बदनाम करने में तनिक भी कोर कसर नही छोड़ रहे।ग्रामीण बार बार शिकायत करते रहे कि गांवों में डेंगू मच्छर के बढ़ते प्रकोप से हर गांव में दवा का छिड़काव करें लेकिन अधिकारी व कर्मचारी के कान में जू तक नही रेंग रही है। चाहे जितना गांव में बीमारी फैलती रहे सिर्फ कागज में दवा का छिड़काव कर देते है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण शिकायत करना बन्द कर दिए क्योंकि शिकायत करो या न करो कोई सुनता नही है। सरकार द्वारा गांवो में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की गई है फिर भी सालो से दवा का छिड़काव गांवो में नही हुआ है।अगर समय पर गांवो में दवा का छिड़काव नही हुआ तो डेंगू जैसे खतरनाक बीमारी को फैलने से कोई रोक नही पाएगा।प्रदेश सरकार लगातार स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को जागरूक कर रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह मौन धारण किये हैं।

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम के मध्यकालीन इतिहास, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र विषयों के एक-एक सहायक आचार्य की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता, वेतनमान यू0जी0सी0/राज्य वि0वि0 के मानकानुसार देय होगा।
**नोट**-इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत उपस्थित होकर विज्ञापन प्रकाशित के पन्द्रह दिन के अन्दर आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार हेतु सूचना ई-मेल/दूरभाष के माध्यम से दिया जायेगा।

**प्रबंधक- महावीर सुमित्रा महिला महाविद्यालय, बजहाँ मिश्रान, सैदाबाद हण्डिया, प्रयागराज।**
E-mail : smctalld@gmail.com, Mob: 8756997161



पत्रिका चौराहे पर गश्त करते सिविल लाइंस वीरेंद्र सिंह यादव व उनकी टीम

# प्रयागराज

## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

### आश्रम के सामने दो दिन से मृत पड़ी गाय

**नैनी।** फलाहारी बाबा आश्रम के सामने 2 दिन से एक गाय मृत पड़ी है। मृत जानवर को अभी तक नगर निगम कर्मचारियों ने नहीं हटाया ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा यह नगर निगम कर्मचारियों की लापरवाही है 2 दिन से मृत पड़ी गाय का बच्चा फलाहारी आश्रम के सामने पड़ा हुआ लेकिन नगर निगम कर्मचारियों के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है तत्काल मृत जानवर को हटाया जाए।

# मंडलायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ तीनों स्थलों का किया निरीक्षण

## तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का ना करना पड़े सामना : मंडला आयुक्त

**प्रयागराज।** प्रयागराज में तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना ना करना पड़े इस को लेकर शुक्रवार को मंडला आयुक्त विश्वास पंत ने स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडीए द्वारा अक्षय वट तक जाने के मार्ग का जो सुंदरीकरण प्रस्तावित है उसमें फसाद लाइटिंग, ग्रीनरी तथा साइड की दीवारों में अक्षय वट से संबंधित कहानियों एवं संदर्भों को दर्शाने को भी कहा है। अक्षय वट के प्रवेश द्वार एवं उसके आसपास की जगह को भी अक्षय वट तथा पातालपुरी से संबंधित थीम से सजाने एवं विकसित करने के भी निर्देश दिए। इसके दृष्टिगत प्रबुद्ध लोगों की एक समिति बनाकर उनसे सुझाव लेने एवं गहन अध्ययन कराते हुए संदर्भों की एक सूची तैयार करने को भी कहा है। पातालपरी मंदिर तक जाने वाले मार्ग का भी सुंदरीकरण कराने का प्रस्ताव दिया गया जिसमें फसाद लाइटिंग, दीवारों का जीर्णोद्धार तथा मंदिर के बाहर की



निरीक्षण करते मण्डलायुक्त

जगह को पातालपुरी से संबंधित थीम से विकसित करने की बात कही गई। पातालपुरी मंदिर के अंदर भी विभिन्न देवी-देवताओं से संबंधित संदर्भों को दशार्ते हुए सुंदरीकरण का कार्य किया जाएगा। सभी जगहों पर क्यूआर कोड लगाने की भी बात कही है जिससे कि श्रद्धालु उसे स्कैन कर संबंधित जगह के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

सरस्वती कूप के दर्शन का रास्ता भी श्रद्धालुओं के लिए वर्ष पर्यंत खोलने पर विचार। सभी कार्यों को अति शीघ्र शुरू कराने के दृष्टिगत डीपीआर बनवाने के निर्देश दिए हैं ।मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों के अक्षय वट, पातालपुरी एवं सरस्वती कूप के दर्शन को और सुगम बनाने के दृष्टिगत मंडल आयुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने आज जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, मेला अधिकारी/ उपाध्यक्ष पीडीए, अरविंद कुमार चौहान समेत सभी संबंधित अधिकारियों के साथ तीनों स्थलों का निरीक्षण किया तथा उनके आगामी विकास हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम अक्षय वट जाकर श्रद्धालुओं को कैसे वृक्ष के और निकट लाकर दर्शन कराया जा सके इस पर चर्चा की तथा इस संबंध में एक लेआउट तैयार करने के भी निर्देश दिए। साथ ही प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा अक्षय वट तक जाने के मार्ग का जो सुंदरीकरण कराने का कार्य प्रस्तावित है उसमें फसाद लाइटिंग, ग्रीनरी तथा साइड की दीवारों में अक्षय वट से संबंधित कहानियों एवं संदर्भों को दशार्ने को भी कहा है। श्रद्धालुओं हेतु किलाघाट की तरफ से अक्षय वट तक जाने वाले मार्ग के प्रवेश द्वार एवं उसके आसपास की जगह को भी अक्षय वट तथा पातालपुरी से संबंधित थीम से सजाने एवं विकसित करने के भी निर्देश दिए गए। इसके दृष्टिगत प्रबुद्ध लोगों की एक समिति बनाकर उनसे सुझाव लेने एवं गहन अध्ययन कराते हुए संदर्भों की एक सूची तैयार करने को भी कहा है।

इसी क्रम में पातालपरी मंदिर तक जाने वाले मार्ग का भी सुंदरीकरण कराने का प्रस्ताव दिया गया जिसमें फसाद लाइटिंग, दीवारों का जीर्णोद्धार तथा मंदिर के बाहर की जगह को पातालपुरी से संबंधित थीम से विकसित करने की बात कही गई। पातालपुरी मंदिर के अंदर भी विभिन्न देवी-देवताओं से संबंधित संदर्भों को दशार्ते हुए सुंदरीकरण का कार्य किया जाएगा। मंडलायुक्त ने सभी जगहों पर क्यूआर कोड लगाने की भी बात कही है जिससे कि श्रद्धालु उसे स्कैन कर संबंधित जगह के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। आने वाले समय में सरस्वती कूप के दर्शन का रास्ता भी श्रद्धालुओं के लिए वर्ष पर्यंत खोलने पर विचार किया जा रहा है तथा इस संबंध में आवश्यक कार्य हेतु एक कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। मंडल आयुक्त ने सभी कार्यों को अति शीघ्र शुरू कराने के दृष्टिगत उपाध्यक्ष पीडीए को जल्द से जल्द एक डीपीआर बनवाने के निर्देश दिए हैं जिससे कि संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए अग्रिम अनुमोदन हेतु प्रस्ताव शासन में प्रेषित की जा सके।

## संक्षेप

### नगर निगम की आरक्षण सूची जारी,100 में 33 सीटों पर महिलाओं को मिलेगा मौका



**प्रयागराज।** लंबे इंतजार के बाद प्रयागराज के नगर निगम चुनाव के लिए आरक्षण सूची शुक्रवार को जारी कर दी गई है। यहां कुल 100 वार्ड हैं सभी के लिए आरक्षण सूची जारी की गई है। अब इसके बाद आपत्तियां मांगी गई हैं और जिसका एक सप्ताह में निस्तारण किया जाएगा।पूरे 100 वार्ड में से 33 वार्ड सिर्फ महिलाओं के लिए सुरक्षित किए गए हैं। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की ओर से यह सूची जारी की गई है। वार्डों के लिए जारी सूची को लेकर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो जिलाधिकारी के यहां आपत्ति भेज सकता है।

### अवैध प्लाटिंग पर पीडीए का चला बुलडोजर



**प्रयागराज।** शुक्रवार को विकास प्राधिकरण का बुलडोजर अवैध अभिनव रंजन श्रीवास्तव, ओ०एस०डी०जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन संख्या-02 क्षेत्र के अन्तर्गत अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध बुलडोजर चलाया गया आपको बताते चलें किअहमदपुर उर्फ नीवापुर तहसील चायल कौशाम्बी में लगभग 10 बीघे में अवैध प्लाटिंग को प्राधिकरण ने ध्वस्त किया।इस कार्यवाही में जोनल अधिकारी के अतिरिक्त पुलिस बल थाना पिपरी अवर अभियन्ता जे०एम० सिंह एवं पी०डी०ए० प्रवर्तन टीम मौजूद रहे रहे।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डाक विभाग को लगाई फटकार, खारिज की याचिका, 7 साल से चल रहा था हजार्ने का केस

**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश के हाईकोर्ट की इलाहाबाद बेंच ने डाक विभाग को सात साल पुराने मामले में कड़ी फटकार लगाई है। मामला पीड़ित को विभाग द्वारा 4500 रुपये हजार्ना देने को लेकर था। यह निर्णय स्थायी लोक अदालत में लिया गया था, लेकिन डाक विभाग ने इस निर्णय को 2015 में हाईकोर्ट में चुनौती दे दी थी। लोक अदालत के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका पिछले सात साल से हाईकोर्ट में विचाराधीन थी। इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस विवेक चौधरी ने डाक विभाग के सीनियर सुपरिटेंडेंट की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि सिर्फ 4500 भुगतान के बजाय विभाग ने कई गुना अधिक रुपया कानूनी लड़ाई में खर्च कर डाला।

# हाईकोर्ट के फैसले से शिक्षा अनुदेशकों को लगा तगड़ा झटका, सिर्फ एक सत्र के लिए 17000 मानदेय किया मंजूर

**प्रयागराज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय दिए जाने के मामले में तगड़ा झटका लगा है। अनुदेशकों को केवल एक साल सत्र 2017-18 के लिए 17000 रुपये मानदेय कोर्ट ने मंजूर किया है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की स्पेशल अपील अपना फैसला सुनाया। राज्य सरकार की स्पेशल अपील पर चीफ जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस जेजे मुनीर की डिवीजन बेंच ने फैसला सुनाया। सिंगल बेंच ने अभी तक 17000 देने का आदेश दिया था। सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ



राज्य सरकार ने स्पेशल अपील दाखिल कर दी थी। चीफ जस्टिस ने कहा कि प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड एक साल की होती है, इसलिए एक साल का 17 हजार रुपये मानदेय मिलना चाहिए।

# पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने संभाला कार्यभार

**पदभार ग्रहण**

**कमिश्नरेट व्यवस्था में प्रयागराज का पहला पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने कहां दो टूक आम जनमानस के लिए यह व्यवस्था काफी लोकप्रिय वही अपराधियों में हुआ भय व्याप्त**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी रमित शर्मा ने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया । रमित शर्मा 1999 बैच के तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी हैं बृहस्पतिवार को देर रात प्रयागराज पहुंचे रमित शर्मा शुक्रवार कि सुबह कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपना कार्य शुरू कर दिया ।पुलिस कार्यालय में जन





कार्यभार ग्रहण करते रमित शर्मा

सुनवाई के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नवनियुक्त पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि शासन की अपराध झ भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति होगी। इस व्यवस्था से आम जनमानस शांतिप्रिय लोग खुशियां बताएंगे वही अपराधी किस्म के लोग भयभीत रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस उनकी सेवा व सहयोग के लिए है। साथ ही अपराधियों को संदेश देते हुए कहा अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी, अपराधियों के मन में पुलिस का भय हो, पुलिस उनके प्रति कठोरतम कार्रवाई करेगी। जनसुनवाई के मामले को ध्यान में रखते हुए नए पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने बताया कि कमिश्नरेट प्रणाली में जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए ज्यादा अधिकारियों की नियुक्ति होगी जो डीएसपी (जिला प्रभारी) लेवल के अधिकारी होंगे जिससे जनता को बेहतर लाभ मिलेगा। मूल रूप से हापुड़ के रहने वाले रमित शर्मा 1999 बैच के आईपीएस अफसर है। चार वर्ष तक प्रयागराज के आईजी रह चुके है। उन्हें प्रयागराज आईजी क्षेत्र में अपने सख्त कार्य के लिए जाना जाता हैं। वह वर्तमान समय बरेली रेंज के आईजी थे। रमित शर्मा को इस कार्यकाल में जनपद में बिताए हुए उस अनुभव का लाभ मिलेगा।

# संचय लेखा प्रणाली पर कार्यशाला का आयोजन

**प्रयागराज।** योगेश कुमार श्रीवास्तव प्रधान वित्त सलाहकार /उत्तर मध्य रेलवे की अध्यक्षता में शुक्रवार को आईपीएएस से जुड़े लेन-देन आधारित एक्रुअल अकाउंटिंग सिस्टम के ट्रायल रन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उत्तर मध्य रेलवे और कोर की सभी लेखा इकाइयों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

यह कार्यशाला रेलवे बोर्ड की लेखा सुधार टीम और आईसीएआई-एआरएफ टीम के सहयोग से आयोजित की गई थी। श्री शैलेंद्र कुमार सिंह, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/ वित्त एवं बजट ने कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। श्री हमीम अहमद, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/ वित्त एवं बजट, ने लेखांकन सुधार परियोजना के तीन घटकों जैसे एर्क्युअल खाता,



कार्यशाला में शामिल लोग

प्रदर्शन लागत और आउटकम बजट का उल्लेख करते हुए मुख्य भाषण दिया। उन्होंने इस परियोजना के महत्व और उपलब्धियों के बारे में भी बात की। वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/ ड्ब्ल्यू एस टी श्री आदित्य जोशी ने वाणिज्यिक सिद्धांतों पर तैयार किए गए एर्क्युअल आधारित वित्तीय विवरणों की प्रासंगिकता के बारे में बात की। उन्होंने इस परियोजना के साथ हमारे वैधानिक लेखा परीक्षक को जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस नई प्रणाली से परिचित होने के लिए प्रोत्साहित किया। डिप्टी सीपीएम/ एआर अमित गोयल और उनकी टीम ने लेन-देन आधारित एक्रुअल लेखा प्रणाली के तकनीकी पहलुओं और आईपीएएस में इसके एकीकरण के बारे में बात की।

# हमलावरों की गिरफ्तारी ना होने पर फौजी परिवार को नहीं मिल पा रहा है न्याय

**मामला गाय बांधने को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट का**

**प्रयागराज।** सराय इनायत थाना अंतर्गत रि ठे या ग्राम निवासी नीतू मिश्रा पत्नी बालकृष्ण मिश्रा जो भारतीय सेना में कार्यरत है छुट्टी लेकर गांव आए हुए थे उनके घर के सामने गाय बांधने को लेकर उनकी पत्नी भाई को उनके बड़े भाई राधे कृष्ण संजय मिश्रा पुत्र स्वर्गीय श्रीनाथ व उनकी पत्नी पुष्पा देवी जानवी देवी पत्नी दीपक मिश्रा कुलदीप मिश्रा दीपक मिश्रा पुत्र राधे कृष्ण मिश्र तथा दामाद अनुज तिवारी पुत्र इंद्रकांत तिवारी निवासी सराय लाल खातून थाना सोरांव घर पर चढ़कर दरवाजे के सामने गाय बांध दिया और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा नीतू मिश्रा पत्नी मारपीट कर घायल कर दिया एवं उनके साथ अश्लील हरकत भी किया बालकृष्ण मिश्रा के मझ ले भाई देवकृष्ण ने बीच-बचाव किया तो उन्हें भी घायल कर दिया एवं किशन पुत्र देव कृष्ण मिश्रा को जान मारने की धमकी दी दो परिवारों के आपसी विवाद में गांव में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है परंतु नीतू मिश्रा पत्नी बालकृष्ण मिश्रा का आरोप है कि सराय इनायत पुलिस आरोपियों का बचाव कर रही है उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है जिससे उनके हौसले बुलंद है आए दिन घर घरवालों के साथ ताने मार रहे हैं।

# प्रदेश को बेहतर बनाने के लिए इसी प्रकार की और कार्यशालाएं की जायें आयोजित : डीएम

**प्रयागराज।** प्रदेश के निर्यातकों में पारस्परिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, विपर्णन सामर्थ्य के विकास हेतु उद्यमियों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में निर्यात नीति/निर्यात प्रोत्साहन से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भारत को 5 ट्रिलियन डालर एवं उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डालर का अर्थव्यवस्था बनाने में जनपद प्रयागराज की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस हेतु जनपद के उद्यमियों एव नियार्ताकों को आगे आना होगा। जनपद को निर्यात के क्षेत्र में प्रदेश में अग्रणी बनाने के लिए आवश्यक है कि कुछ विशेष क्षेत्रों में निर्यात को बढ़ावा देने हेतु इसी प्रकार की और कार्यशालाएं आयोजित की जायें जिससे उद्यमियों में निर्यात के क्षेत्र में रूचि पैदा हो। साथ ही वर्तमान में मार्केट के कम्पटीशन के दृष्टिगत उत्पाद को और



कार्यशाला को संबोधित करते जिलाधिकारी

गुणवत्ता पूर्ण बनाये जाने हेतु शासन से प्रदत्त सभी सुविधायें दिलाने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से निर्यात क्षेत्र में शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं को आमजन तक पहुचाने की व्यापक प्रचार प्रसार किये जाने की अपेक्षा की गयी। उनके द्वारा उद्यामियों से जनपद में निर्यात का माहौल बनाये जाने हेतु पूर्व वर्षो की अपेक्षा बुनियादी सुविधायें और बढाये जाने हेतु किये जा रहे प्रयास के सम्बंध में बताया गया। जनपद में लगभग 300 करोड़ के निवेश के प्राप्त प्रस्तावों पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उद्यमियों से निर्यातक सम्भावित परियोजनाओं के बारे में अपेक्षा की गयी उनके द्वारा सुझाये गये परियोजनाओं में से 05 परियोजनाओं को चिन्हित कर उन सेक्टर पर एक कार्ययोजना तैयार कर लें जिससे उस पर कार्य किया जा सके साथ ही उन परियोजनाओं से सम्बन्धित जनपद में पुनः कार्यशाला कराये जाने की अपेक्षा की गयी।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता अमित कुमार, संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार ने आयात एवं निर्यात के क्षेत्र में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से उद्यमियों एवं निर्यातकों को अवगत कराते हुए निर्यात हेतु की जाने वाली औपचारिकताओं से भी अवगत कराया। साथ ही भारत सरकार द्वारा निर्यातक क्षेत्र में दी जा रही विभिन्न छूटों एवं सुविधाओं की प्रक्रिया के सम्बंध में विस्तार से प्रजेण्टेशन दिया गया।

कार्यशाला में क्षेत्रीय प्रबन्धक बैंक आफ बडौदा द्वारा निर्यात के क्षेत्र में बैंको द्वारा प्रदान किये जान रहे सहयोग के सम्बंध में विस्तार से उद्यमियों को अवगत कराया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आयात निर्यात के क्षेत्र में उनके द्वारा उद्यमियों से योजना की गम्भीरता के दृष्टिगत जनपद के उद्यमियों जनपद में निर्यात के क्षेत्र में बैंक आफ बडौदा द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया गया। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित उद्यमियों से निर्यात के क्षेत्र में आगे आने का सुझाव देते हुये सभी सरकारी सुविधायें दिलाये जाने का आश्वासन दिया गया।

उपायुक्त उद्योग लालजीत सिंह द्वारा कार्यशाला के समापन सम्बोधन में उद्यमियों से सुझाव उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी जिससे प्रस्तावित आगामी कार्यशाला में सुझाये गये बिन्दुओं पर और गहनता से जानकारी दी जा सके। उपायुक्त उद्योग द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों/ उद्यमियों/ एफ0पी0ओ0/ हस्तशिल्पियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला में औद्योगिक संगठन के विनय टण्डन, जी0एस0दरबारी तथा जनपद के प्रमुख विभागों यथा हथकरघा विभाग, पर्यटन विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, डी0डी0 एग्रीकल्चर, उद्यान विभाग, हस्तशिल्प विभाग के अधिकारी तथा उनसे सम्बन्धित उद्यमी/ हस्तशिल्पी एवं एल0डी0एम0 बैंको के शाखा प्रबन्धक सहित उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना को रोकने सम्बंधी उपायों पर विचार विमर्श करते हुए सबसे अधिक दुर्घटना वाले स्थानों का चिन्हॉकन करने तथा एनएच, एआरटीओं, पीडब्लूडी तथा यातायात पुलिस की टीम बनाकर मौके का निरीक्षण करते हुए दुर्घटना को रोकने सम्बंधी उपायों के बारे में अपनी आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे के नजदीक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ट्रामासेंटर जैसी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिए है तथा वहां के स्टॉफ का प्रशिक्षण भी कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने गति सीमा की जांच हेतु अधिक दुर्घटना बाहुल्य वाले स्थानों पर स्पीडगन या स्पीड रडार लगाये जाने हेतु एनएच तथा पीडब्लूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने शहर में ज्यादा जाम लगने वाले स्थानों का भी चिन्हीकरण करने एवं सड़कों पर डिवाइडर के बीच अनावश्यक कट वाले स्थानों को बंद कराये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जागरूकता सम्बंधी कार्यशाला कराये जाने के साथ साइनेजेज भी लगाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी थानों से पांच सबसे खराब सड़कों की सूची उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ब्लैक स्पाटों को चिन्हित करने तथा वहां पर दुर्घटना को रोकने हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। हिट एण्ड रन दुर्घटना मामले के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लम्बित केसों का तत्काल निस्तारण कराये जाने हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया है। उन्होंने यह भी हिदायत दी है कि यदि इन केसों का शीघ्रता से निस्तारण नहीं कराया गया तो सम्बंधित एआरटीओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर श्री मदन कुमार तथा सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ-साथ सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### विवाहिता से दुराचार का किया प्रयास

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना के एक गांव की विवाहिता दोपहर खेत की ओर गई थी। बताया कि इसी दौरान पड़ोसी युवक साथी के साथ पहुंचा और उससे दुराचार का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास खेतों में मौजूद लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को देख आरोपितों ने विवाहिता को पीट दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। परिजनों को आपबीती बताते हुए पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर.ट्रॉली की टक्कर से साइकिल सवार दंपती जख्मी

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के रसूलपुर सोनी निवासी दिनेश कुमार अपनी पत्नी श्यामा देवी को साइकिल से लेकर बाजार गया था। देर शाम को दोनों घर लौट रहे थे। गांव के समीप पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रैक्टर.ट्रॉली ने साइकिल में टक्कर मार दिया। दुर्घटना में बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल दंपती को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### कबाड़ी को बेच दिया लोहे का फर्मा, तीन पर केस

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के पूरबशरीरा निवासी सुरेश कुमार गिट्टी.बालू के साथ लोहे के फर्मा की सप्लाई करता है। उसके अनुसार कुछ दिन पहले केशन नाम के एक व्यक्ति ने गांव का पता छिपाते हुए उसके यहां से 15 फर्मा लिया था। इसके बाद कबड़ी को बेच दिया। फर्मा वापस नहीं आने पर युवक ने खोजबीन शुरू की तो मामले की जानकारी हुई। गुरुवार को पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित केशन के साथ जुग्गी लाल व लल्लू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खड्ड में गिरा बाइक सवार, मौत

**हादसा**

### पश्चिम शरीरा के गोराजू टावर के समीप हुआ हादसा

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव स्थित टावर के समीप सड़क किनारे खड्ड में बाइक सवार के गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दिया वहीं शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पश्चिमशरीरा के बक्सीपूरा गांव निवासी घनश्याम पुत्र सीतासरन (55)वृहस्पतिवार को शाम सात बजे के बाद अपने घर खोजवापुर गांव के एक निमंत्रण मे जाने के लिए निकला था। जैसे ही वह गोराजू गांव स्थित टावर के पास पहुंचा कि अंधा मोड होने के कारण अनियंत्रित होकर सडक किनारे गड्ढे मे चला गया। हादसे में उसे



घटना स्थल पर मौजूद लोगों की भीड़

गम्भीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गयी। मृतक का शव पूरी रात उसी गड्डे मे पडा रहा। सुबह लोग जब खेत की तरफ गये तो बाइक और शव को देखा हैरान रह गए। आनन फानन वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की खबर परिजनो को मिली तो रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरन के बाद पोस्टमार्टम क लिए भेज दिया है। हालांकि कहा जा रहा था कि मृतक की शादी तय थी और इसी माह उसका विवाह भी होन था।

# अपराध को पचाने का महारथ हासिल है सरायअकिल पुलिस को

### दस दिन पहले हुई छिनैती की नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

### पीड़ित ने एडीजी से मिल लगाई न्याय की गुहार

**चायल, कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के बरियावां गांव के समीप दस दिन पूर्व सड़क पर ट्रक खड़ी कर घर खाना खाने जा रहे चालक के साथ बदमाशों ने छिनैती की थी। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी थी। आरोप है कि दस बीतने के बाद भी पुलिस ने अभी तक मामले में केस दर्ज नहीं किया। शुक्रवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत एडीजी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

बरियावां गांव निवासी गेंदलाल पटेल पुत्र रिबई पटेल ट्रक चलाकर परिवार का गुजारा करता है। गेंदलाल के अनुसार 19 नवम्बर को वह जयंतीपुर में ट्रक खड़ीकर पैदल खाना खाने के लिए घर जा रहा था। इसी दौरान कालेज के पीछे पहले से ही घात लगाकर बैठे बदमाशों न उसे पकड़ लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उसकी पिटाई कर जेब में रखा 30 हजार रुपये छीन लिया। शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख बदमाश कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। भुक्तभोगी ने थाने जाकर बदमाशों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। आरोप है कि तहरीर देने के दस दिन बाद भी पुलिस ने अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को पीड़ित ने एडीजी प्रेमप्रकाश से मामले की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।

# सभी स्वास्थ्य इकाइयों के आस-पास तम्बाकू बिक्री निषेध : सीएमओ

**निर्देश**

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संपन्न हुई कार्यशाला

**कौशाबी।** जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ टीम ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार की।

इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद को तम्बाकू नशा मुक्त बनाने की मुहिम में सभी का साथ आवश्यक है। इसी क्रम में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के दौरान जिला स्तरीय हेल्थ प्रोफेशनल की क्षमता वृद्धि की गई। उन्होंने कार्यशाला में आए हुए समस्त स्वास्थ्य इकाइयों के प्रभारियों, सीएचओ एवं स्टाफ नर्स को बताया गया कि कोटपा अधिनियम 2003 का कैसे अनुपालन किया जाए। उन्होंने चिंता व्यक्त किया कि हमारी युवा पीढ़ी दिन प्रतिदिन इस नशे के गिरफ्त में आ रही है। प्रतिदिन करीब 5500 युवा तम्बाकू का सेवन कर रहा है। साथ ही हमारे बच्चे भी इससे बच नहीं पा रहे हैं। नशा एक ऐसी बीमारी हैं जो धीरे धीरे इन्सान को खत्म करती हैं। यह धन हानि के साथ स्वास्थ्य पर बुरा असर करता है। नोडल अधिकारी डॉक्टर के.डी. सिंह ने समस्त उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकताओं को कोटपा अधिनियम 2003 के बारे मे बताते हुए कहा की तम्बाकू से होने वाली बीमारियों मे से प्रमुख रूप से मुख का कैंसर और शरीर मे होने वाले हानियों को के बारे मे विस्तार से बताया तथा तम्बाकू के दुष्प्रभावो की जानकारी दी और उससे होने बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि हमारा युवा इसकी गिरफ्त में लगातार होता चला जा रहा है युवाओं के मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होता जा रहा है इसको रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा जिसमें स्वास्थ्य इकाइयों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी।पुनीत श्रीवास्तव रीजनल कोआर्डिनेटर, वॉलेन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन ने सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा 2003 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोटपा अधिनियम की धारा 4 में जिले के सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए साइनेज लगाना अनिवार्य है। समस्त स्वास्थ्य इकाइयों के समस्त प्रवेश द्वारो पर धारा 4 का साइनेज कोटपा अधिनियम का अनुपालन किया जाए इसी प्रकार धारा 6 बी के तहत के प्रवेश द्वार पर भी तम्बाकू मुक्त का लगाना अनिवार्य है। साथ ही स्कूल के 100 गज के अन्दर तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है।




कार्यक्रम में मौजूद अधिकारीगण

इसी प्रकार धारा 6, में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू बेचना या उसके द्वारा तंबाकू बिकवाना दोनों ही अपराध माना जाता है। इस अपराध में 200 रुपए तक के जुमार्ने का प्रावधान है। धारा 7 के अंतर्गत बिना वैधानिक चेतावनी के तम्बाकू उत्पात नहीं बेचा जा सकता है। उन्होंने धारा 5 और 7 के बारे में भी पूरी जानकारी दी।

कार्यशाला में समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उप चिकित्सा अधिकारी ए पैरा मेडिकल स्टाफ, जिला कार्यक्रम समन्वयक विष्णु गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम सहायक वैभव कुमार सिंह द्वारा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य तथा लक्ष्यों के बारे में उदाहरणार्थ जागरूकता कानून का परिपालन तथा निगरानी पर विशेष चर्चा की गयी।

# लखनऊ में प्रदर्शन को लेकर रसोईयों ने बनाई रणनीति

**कौशाम्बी।** मांगों को लेकर लखनऊ में होने वाले धरना प्रदर्शन के तहत रसोइयां कल्याणकारी समिति ने सिराथू ब्लॉक सभागार में बैठक कर रणनीति बनाई। जिसमें अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने का फैसला लिया गया। रसोईया के पद पर नवीनीकरणए मानदेय मे वृद्धिए मुआवजा सहित पांच मांगों को लेकर आगामी सात दिसंबर को रसोइयां कल्याणकारी समिति की ओर से देश की राजधानी लखनऊ शहर के इको पार्क में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सिराथू ब्लॉक सभागार में जिला अध्यक्ष उमाशंकर सरोज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई। समिति के जिला अध्यक्ष ने बताया की संगठन की समस्या को लेकर कई बार जिला स्तर के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन इसके बाद भी अब तक निराकरण नहीं किया गया है जिसकी वजह से अब राजधानी में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर जिला महामंत्री जगदेई, रेखा शुक्ला, अंशुल सिंह, शकुंतला, रन्नो देवी, सानू दिवाकर, नफीसा बेगम, विद्या, प्रीति देवी सहित दो दर्जन से अधिक रसोइया मौजूद रही

# पीएम व सीएम आवास योजना की सीडीओ ने किया समीक्षा

**समीक्षा**

### अपात्र न उठा सके योजना का लाभ, पात्रों तक पहुंचे योजना का लाभ

### किसी अपात्र लाभार्थी के आवास की स्वीकृति न कराया जाए

**कौशाम्बी।** समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के साथ शुक्रवार को सीडीओ ने प्रधानमन्त्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्य मंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2022.23 की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देशित किया गया कि जनपद को वित्तीय वर्ष 2022.23 में 6513 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसकी स्वीकृति अविलम्ब करा लिया जाए। इस बात का अवश्य ध्यान रहे कि किसी अपात्र लाभार्थी के आवास की स्वीकृति न कराया जाए। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के



अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी

अंतर्गत जिन लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि प्राप्त हो गई है, उनसे संपर्क कर जल्द से जल्द प्रथम किश्त का उपभोग कराते हुए दो किस्त निर्गत कराएं। जिससे ससमय आवासों को पूर्ण कराया जा सके।

# ठंड लगने से किसान की मौत

**दारानगर, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील अंतर्गत ग्राम सभा गौस पुर नवावा निवासी एक किसान की ठंड लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

बता दें कि घमनी गॉव निवासी किसान मृतक राम सेवक मौर्य पुत्र स्व. हीरालाल (45) दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक के छोटे छोटे चार बच्चे है, सभी छोटे बच्चे सिर से पिता का छाया उठ गया। ग्रामिणो ने बताया की अपने खेत में गेहूं की फसल की बुवाई करने के लिये पानी लगाये थे, ऐसे ठंड लग गई जिसके चलते उनकी तबियत बिगड़ने लगी। गॉव के ही कुछ लोग उन्हे इलॉज के लिए सिराथू हॉस्पिटल ले जा रहे थे जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन चोर

**खुलासा**

### बरई बंधवा गांव के पंचायत भवन से ताला तोड़कर हुई थी चोरी

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के बरई बंधवा गांव के पंचायत भवन में तीन दिन पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर चोरी गए कुछ सामान को बरामद किया है। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ लिखापढ़ी कर चालान न्यायालय भेज दिया।

करारी के बरई बंधवा गांव में २८ नवंबर की रात अज्ञात चोर पंचायत भवन का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। अंदर कमरे में रखा कंप्यूटर, बैटरी इन्वर्टर आदि लाखों रुपये का सामान चोर उठा ले गए थे। सुबह जानकारी होने पर प्रधान सोनारिन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी थी। शुक्रवार को अर्का चौकी इंचार्ज अजीत उपाध्याय हमराहियों के साथ गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अर्का चौराहे से तीन युवकों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से कंप्यूटर का यूपीएस, बैट्री 1500 रुपए के अलावा ताला तोड़ने में प्रयुक्त शब्बर बरामद किया। पकड़े गए तीनो युवकों ने अपना नाम काली चरणए रामेंद्र निवासी बरई बंधवा व ज्ञानेंद्र निवासी चक गुरैनी थाना पश्चिम शरीरा बताया। तीनो युवकों ने पंचायत भवन में चोरी की बात स्वीकार की। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# अधेड़ पर राइफल की बट से किया हमला

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सोखदा गांव में दबंगों ने पड़ोसी अधेड़ को लाठी.डंडे के साथ राइफल की बट से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

सोखदा निवासी मोहम्मद याकूब का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद पड़ोसी परिजनों के साथ याकूब के घर पर आ गया। घर में घुसकर याकूब को घसीटते हुए आरोपितों ने लाठी.डंडे के साथ राइफल की बट से पीटकर लहूलुहान कर दिया। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपित अनसए फैसल हमदान समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मूरतगंज में रोज लग रहे जाम ने कारोबारियों की बढ़ाई चिंता

**कौशाम्बी।** मूरतगंज तिराहे पर रोज जाम लगता है। मूरतगंज बाजार.प्रयागराज मार्ग पर बनाई गई सड़क पटरी पर अतिक्रमण लगातार जारी है। वहीं टैंपो.टैक्सी चालक सड़क पर आड़ा.तिरछा वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे जहां हाइवे पर जाम लग जाता है वहीं भरवारी मार्गपर भी वाहनों की लाइन लग जाती है। सबसे ज्यादा दिक्कत सुबह.शाम होती है। घंटों वाहन कीड़े की तरह रेंगते रहते है। कभी कभार सुबह.शाम स्कूली वाहन भी जाम में फंसे रहते है। तिराहे पर खड़ी पुलिस दिन भर डंडा पटकने के बाद लौट जाती है। ऐसे में जहां मुसाफिरों को आवागमन में दिक्कत सामना करना पड़ता है वहीं स्थानीय व्यापारी भी परेशान रहते हैं। जाम के कारण ग्राहक दूर से ही लौट जाते हैंए इससे कारोबारियों को नुकसान हो रहा है। स्थानीय व्यापारीए अर्जुन कुमार, अनिल कुमार,राजेश कुमार त्रिपाठी और जय करन सिंह के अनुसार मूरतगंज कस्बे में आए दिन सड़क पर जाम लगने से आवागमन घंटों बाधित रहता है। जाम से दुकानों के सामने भीड़ जमा हो जाती है। ऐसे में खरीदार भीड़ देख लौट जाते हैं। इससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। तिराहे पर लगी पुलिस का खौफ वाहन चालकों में तनिक भी नहीं रह गया है।

### झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि साल भर पहले पड़ोसी गांव के युवक ने उसके प्रेम संबंध हो गए। इसके बाद शादी का झांसा देकर आरोपित मनमानी करने लगा। साल भर बाद युवती ने शादी करने को कहा तो आरोपित ने इनकार कर दिया। पीड़िता ने परिजनों को बताई। इस पर युवती के साथ परिजनों ने बिरादरी की पंचायत करते हुए शादी का दबाव बनाया तो आरोपित ने परिवार के लोगों के साथ मिल युवती को पीट दिया। इसके बाद पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। गुरुवार देर शाम पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित प्रेमी के साथ छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पत्नी को कमरे में बंद कर पीटा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के भीखपुर मेडवारा गांव में गुरुवार की शाम युवक ने मां.बाप के साथ मिल पत्नी को कमरे में बंद कर पीट दिया। देर शाम पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति समेत सासए ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भीखपुर मेडवारा गांव की रीना देवी पत्नी सोनू ने बताया कि गुरुवार की शाम सास से उसकी कहासुनी हो गई थी। इसके बाद पति सोनू ने पिता व मां के साथ मिल उसे कमरे में बंद कर पीट दिया। विवाहिता की चीख सुन मोहल्ले के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर विवाहिता की जान बची। मायके वालों को घटना की जानकारी देते हुए पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति सोनू के साथ सास व ससुर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बाद से आरोपित पति घर छोड़कर फरार है।

# परिषदीय विद्यालयों में सम्पन्न हुई एसेसमेंट टेस्ट नेट परीक्षा

**कौशाम्बी।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार को महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर एसेसमेंट टेस्ट नेट परीक्षा आयोजित हुई। इसमें छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

बता दें कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश में निपुण एसेसमेंट टेस्ट नेट परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा जिले के सभी परिषदीय स्कूलों में कक्षा 1से 3 तक सुबह 9:30 से 12:30 तक तथा कक्षा 4 से 8 तक 12:30 से 2:00 तक शांतिपूर्ण संपन्न हुई। उक्त परीक्षा को समयबद्ध व गुणवत्ता युक्त नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु कुल 108 अधिकारी जिसमे जिलाधिकारी द्वारा नामित जिलास्तरीय 54 तथा प्राचार्या डायट, बीएसए, चार वरिष्ठ प्रवक्ता एवं दो एस आर जी और 40 एआरपी के सुपरविसीजन में तथा 1092 पर्यवेक्षक की उपस्थिति मे सभी 1092 परिषदीय स्कूलों में नामांकन के सापेक्ष लगभग 80 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। जिलाधिकारी के निर्देशन में परीक्षा को सकुशल संपादित करने



परीक्षा में बैठे छात्र

में सहयोग देने वाले सभी जनपदस्तरीय अधिकारी, बीएसए, बरिष्ठ प्रवक्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी,प्रवक्ता एआरपी, एसआर व जनपद के सभी शिक्षकगणों द्वारा परीक्षा में योगदान दिया गया।

## संक्षेप

### अधिवक्ता परिषद की मासिक बैठक आज

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ इकाई की मासिक बैठक अधिवक्ता भवन के चैंबर नम्बर उन्तीस में 3 दिसम्बर दिन शनिवार को परिषद के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में समय अपराह्न 3 बजे आहूत की गई है। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी शिवेश शुक्ल एडवोकेट ने देते हुए बताया कि बैठक में कुरु क्षेत्र में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रतिभाग लेने की योजना व न्याय प्रवाह के सदस्यता अभियान को बढ़ाने तथा न्याय प्रवाह सदस्यों के नवीनीकरण के सम्बन्ध में योजना की रुपरेखा तय की जाएगी।।बैठक में परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपील किया गया है कि बैठक में समय से पहुंचकर अपने-अपने विचार व्यक्त करें।

### जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 30 जनवरी को

**प्रतापगढ़।** जिला बार एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष राम चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन महामंत्री गुलाब सिंह एडवोकेट ने किया। बैठक में जिला बार का चुनाव आगामी 30 जनवरी को कराने का निर्णय सर्वसम्मत से लिया गया। जिसमें चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 16 व 17 जनवरी को नामांकन, 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद 19 जनवरी को नामांकन वापस लिया जा सकेगा। बार के चुनाव में 30 जनवरी को दिन में 3 बजे तक मतदान होगा। उसी दिन मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव अधिकारियों के भी नामों की घोषणा की गई।

### गाली गलौज का विरोध करने पर पत्नी की पिटाई

**चायल, कौशाम्बी।** भीखपुर मेंडवारा गांव की रीना देवी पत्नी सोनी कुमार के अनुसार उसका पति नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है।वह कोई काम धंधा नहीं करता। रोज नशे की हालत में घर पहुंचकर गाली गलौज करता है। वह किसी तरह अपने छोटे बच्चों की परवरिश करती है। आरोप है कि गुरुवार को वह घर पहुंचा और अनायास पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर युवक ने सास.ससुर के शह पर पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। इससे महिला को काफी चोटें आईं। घायल महिला ने पिता के साथ थाने जाकर आरोपी पतिएसास और ससुर के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर शिकायत की जांच में जुट गई है।

# एसपी ने लालगंज एवं सांगीपुर थाने का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**एसपी ने थाना प्रभारी कमलेश पाल को फटकार लगाते हुए इन वाहनों को तरतीब से खड़ा करने और खाली जगह पर साफ सफाई कराकर एक और नई पार्किंग बनाने के दिए निर्देश**

**प्रतापगढ़।** एसपी सतपाल अंतिल ने गुरुवार की रात लालगंज कोतवाली तथा सांगीपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। कप्तान के अचैक निरीक्षण से लालगंज सांगीपुर थानों में हड़कंप मच गया। कप्तान ने लालगंज कोतवाली में डंप वाहनों को देख नाराजगी जताई। एसपी ने थाना प्रभारी कमलेश पाल को फटकार लगाते हुए इन वाहनों को तरतीब से खड़ा करने और खाली जगह पर साफ सफाई कराकर एक और नई पार्किंग बनाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली में अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए अपराध रजिस्टर का भी अवलोकन किया। दर्ज मुकदमों के निस्तारण में तेजी ना लाने पर नाराजगी जताई। कप्तान ने सीओ लालगंज को थाने में मुकदमों के निस्तारण कराने के लिए स्वयं की निगरानी में पर्यवेक्षण का निर्देश दिया। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क से भी जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। इसके पूर्व पुलिस कप्तान सतपाल अंतिम सांगीपुर थाने पहुंचे यहां पर एसपी ने थाने में निमार्णाधीन थानाध्यक्ष कक्ष तथा महिला हेल्प डेस्क भी निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया। एसपी ने थाना अध्यक्ष जितेंद्र सिंह परिहार को निर्माण कार्यों को समय से पूरा कराए जाने का निर्देश दिया। एसपी ने आगामी 7 दिसंबर को सांगीपुर थाने में एडीजी जोन प्रयागराज के प्रस्तावित निरीक्षण के बाबत मातहतों को तैयारियां समय से पूर्व किए जाने की हिदायत दी। पुलिस कप्तान ने सीओ कार्यालय भी पहुंचकर यहां अनुसूचित जाति उत्पीड़न तथा महिला उत्पीड़न से जुड़े अपराधों में विवेचना की। एसपी ने सीओ लालगंज महिला अनुसूचित जाति से जुड़े अपराध में सख्ती बरतने को कहा। निरीक्षण के दौरान सीओ रामसूरत सोनकर ने एसपी को वांछित जानकारियां दी। देर रात तक पुलिस अधीक्षक के लालगंज में बने होने को लेकर हड़कंप का माहौल रहा।



थानों का निरीक्षण करते एसपी

## पट्टे के एवज में लेखपाल पर घूस लेने का आरोप दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रहने वाले श्यामलाल ने पट्टी तहसील में तैनात लेखपाल पर बाईस हजार रुपये घूस लेने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के परदहा गांव के श्यामलाल पुत्र हर खाली का आरोप है कि उन्होंने पट्टी तहसील में कार्यरत लेखपाल को जीएस की जमीन का पट्टा लेने के लिए बाईस हजार रुपए घूंस के रूप में दिया था। उसके बावजूद भी लेखपाल द्वारा पीड़ित को पट्टा नहीं दिया गया। पीड़ित जब भी लेखपाल के पास जाता तो वह आजकल की बातें बता कर उसे वापस कर देता है। जिससे पीड़ित परेशान होकर शुक्रवार को पट्टी कोतवाली पहुंचा। पट्टा देने के एवज में बाईस हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए पट्टी कोतवाली में लेखपाल के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।



पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्मी

## फरार चल रहा दुष्कर्मी पकड़ाया, भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को लालगंज पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। लालगंज थाना क्षेत्र के संगम चौराह निवासी करन पुत्र नागेश के ऊपर लालागंज कोतवाली में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज था। इसी प्रकार उदयपुर पुलिस ने भी शुक्रवार को मोनू सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी टिकुरिया को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी पर उदयपुर थाने में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था। फरार आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया।

# बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार, भरी हुंकार

**हड़ताल**

**हड़ताल से चरमराई विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी**

**प्रतापगढ़।** मांगों के समर्थन में बिजली विभाग के अभियंताओं व कर्मचारियों समेत संविदाकर्मियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये। धरने के चौथे दिन भी अभियंताओं व कर्मचारियों ने अपने शोषण के विरूद्ध आवाज बुलंद की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले धरने पर बैठे अभियंताओं व कर्मचारियों ने बताया कि ऊर्जा निगमों में शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन के शोषण से हम लोग परेशान हैं। अधिकारियों द्वारा सेवा नियमों व श्रम अधिनियमों तथा मानवाधिकार कानूनों को ताख पर रखकर तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। शोषण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के नेताओं ने 8 नवम्बर को अपर मुख्य सचिव ऊर्जा को पत्र लिखकर 15 सूत्रीय मांग की थी। चेतावनी दिया था कि यदि हमारी न्यायपूर्ण मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 29 नवम्बर से कार्य वहिष्कार कर अनिश्चित कालीन धरना देने के लिए बाध्य होंगे। परन्तु संघर्ष समिति की मांगों पर विभाग के जिम्मेदारों ने कोई घ्यान नहीं दिया। जिसके विरोध में विभाग के अभियंताओं, कर्मचारियों व संविदाकर्मियों ने कार्य का बहिष्कार करते हुए धरना शुरू कर दिया है। इस दौरान एसडीओ पंकज राठौर, संदीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, अजीत यादव, प्रमोद कुमार मौर्य, एस बी प्रसाद, अखिलेश गुप्ता, नन्हें लाल यादव, अमर बहादुर सिंह, राहुल पाण्डेय, शिलवन्त सिंह, शैलेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में अवर अभियंता व संविदाकर्मी धरने में मौजूद रहे।



धरने पर बैठे कर्मचारी

**हड़ताल से चरमराई विद्युत आपूर्ति**

बिजली विभाग के अभियंताओं व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जने से शहर समेत ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति चरमरा गई है। ग्रामीण इलाकों में कई ट्रांसफारमर जले हुए हैं। शिकायत के बाद भी कोई ठीक करने वाला नहीं है। इधर किसानों की फसलें सिंचाई के अभाव में सूखने के कागार पर पहुंच चुकी है। विभाग के लोग उपभोक्ताओं के फोन भी रिसीव नहीं कर रहे हैं। किसान चिलबिला के स्टोर हाऊस में प्रतिदिन घंण्टों इंतिजार के बाद वापस लौट रहे हैं। उन्हें नया ट्रांसफारमर नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा हड़ताल बताकर उन्हें वापस कर दिया जा रहा है। किसान अब सरकार को कोस रहे हैं। इसी प्रकार शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी ट्रांसफारमर जलने से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

**जेल जाने के लिए कर लें जरूरी वंदोबस्त**

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के नेताओं ने जेल की तैयारी के लिए कुछ जरूरी वंदोबस्त करने के सुझाव दिए हैं। जिसमें दो जोड़ी कपड़े अंडर गारमेंट सहित, टूथपेस्ट व ब्रश, दो चादर, एक कम्बल व तकिया, आलआउट, बैग, साबुन, तेल, कंघी, क्रीम स्वैटर, स्नैक्स आदि सामिल हैं।

# विधायक मोना ने लोगों की सुनी समस्याएं, की आर्थिक मदद

**प्रतापगढ़।** रामपुर खास की विधायक एवं काँग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के लोगों समस्याएँ सुनी। शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिया। लालगंज के पूरे तिकोनिया गाँव में अग्निकांड से पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अग्निकांड से प्रभावित गाँव में आर्थिक सहायता प्रदान की। कार्यकताओं द्वारा विधायक मोना को नगर पंचायत की बाजार के लिए विक्टोरिया लाइट सौगात सौंपने पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि सन्तोष द्विवेदी तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में स्मृति चिह्न एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक मोना ने कहा कि रामपुर खास के विकास के लिए वह सदैव तेजी के साथ प्रयास जारी रखेंगी। रामपुर खास के विकास के लिए उनकी प्राथमिकता सड़क संसाधनों के साथ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा को मजबूती प्रदान करना है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कार्यकताओं से मुलाकात के अलावा कैम्प कार्यालय पर आए लोगों की समस्याओं की भी सुनवाई की। समस्याओं के समाधान के बाबत विधायक ने संबंधित अफसरों से फोनिक वार्ता कर समाधान करने को कहा। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि सन्तोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, के० डी० मिश्र, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, सुधाकर पांडेय आदि रहे।



विधायक मोना का स्वागत करते लोग

## दीवार काटकर नकदी समेत चुराए सामान

**प्रतापगढ़।** मानधाता थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें जारी हैं। गुरुवार की रात खरगीपुर में चोरों ने कोरियर कंपनी के कार्यालय में सेंध काटकर नकदी, कम्प्यूटर सहित अन्य सामान समेट ले गए। मानधाता थाना क्षेत्र के अकारीपुर में दो दिन पहले चोर दो घरों से नकदी जेवर व अन्य सामान समेट ले गए थे। गुरुवार रात मानधाता से जेठवारा रोड पर खरगीपुर के पास एक कोरियर कंपनी के कार्यालय में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर यहां से 97,359 रुपये नकद, कम्प्यूटर, सीपीयू आदि चुरा ले गए। कोरियर कंपनी के कर्मचारी संजय यादव व सूरज सिंह शुक्रवार सुबह कार्यालय पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। दोनों ने घटना की बाबत थाने में तहरीर दी है। इसके पहले भी क्षेत्र में कई चोरियाँ हो चुकी हैं लेकिन आज तक एकभी चोरी का खुलासा नहीं हो सका।

## नगर पंचायत चुनाव में मतदाताओं को रिझाने की होड़

**रानीगंज।** नगर पंचायत चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए भावी प्रत्याशियों की होड़ लगी हुई है। सभी अपने अपने अंदाज में मतदाताओं को रिझाने की कोशिश कर रहे है। चौराहे बैनर व होर्डिंग से पूरी तरह से ढक गए है। अभी चुनाव की तिथि की घोषणा भी नही हुई लेकिन भावी प्रत्याशी अपने अपने हथकंडे लगाने लगे है।

रानीगंज मे चुनाव को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासद के दावेदारों द्वारा अपने मतदाताओं को रिझाने का काम काफी जोरों पर है। भावी प्रत्याशी शादी, विवाह से लेकर तेरहवी तक के कार्यक्रम में पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। देखा जाए तो चुनाव आयोग द्वारा अभी नगर पंचायत चुनाव को लेकर किसी तिथि का ऐलान नहीं किया गया है मगर नगर पंचायत रानीगंज चौराहे से लेकर तहसील तक और तो और थाने के गेट पर भी बैनर के अंबार लगे हुए हैं। प्रत्याशी अपने द्वारा किए गए कार्य को लोगो के बीच में रख रहे हैं। दूसरी तरफ प्रत्याशियों से ज्यादा मतदाता के लिए सिरदर्दी बढ़ गई है । इतने प्रत्याशियों को देखकर लोग कोई निर्णय नहीं ले पा रहे है लेकिन नगर पंचायत की जनता भी इस बार अपने मतों का प्रयोग सोच समझकर ही करना चाहती हैं । लोगों के साथ पिछले पंचवर्षीय योजनाओं में किए गए वादे लोगों के साथ किए गए नाइंसाफी का हिसाब जरूर लेना चाहेगी। मतदाताओं में भी कई बातों को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा है। रानीगंज नगर पंचायत के मतदाताओं ने बताया कि पात्रता की श्रेणी पर आवास नही दिए गए हैं और उनके वार्ड में मिलने वाली सुविधाओं से उन्हें वंचित रखा गया है। मतदाताओं का कहना है कि पात्र होते हुए भी उनका कई लिस्टों से नाम काट दिया गया है। मतदाताओं के साथ ही भावी प्रत्याशी भी पुराने नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासद के कामों का आकलन करते हुए दिखे।

## दबंगों ने महिला का हांथ तोड़ा, बेटों को भी जमकर पीटा, न्याय की गुहार

प्रतापगढ़। देल्हूपुर थाना क्षेत्र में सहेरूआ गांव में शुक्रवार को खेत में जानवर जाने के विवाद में पड़ोसियों ने घर पर धावा बोलकर महिला का हॉथ तोड़ दिया और उसके बेटों को जमकर पीटा। पीड़िता ने देल्हूपुर थाने में शिकायत की। कार्यवाही न होने पर पीड़िता पुत्रों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। देल्हूपुर थाना क्षेत्र की सहेरूआ निवासी पीड़ित महिला साबिया ने बताया कि बीते 30 नवम्बर को उसका परिवार रात में सो रहा था। अचानक उसका बेटा इस्लाम चीखने हुए बचाओ, बचाओ की आवाज लगाई। आवाज सुनकर परिजन जब उठे तो देखा कि उसके बेटे इस्लाम को मो0 सलीम, रमजान, सुब्हान, शहरूख, अरमान के साथ तीन लोग पीट रहे थे। बचाने पहुंचे तो पीड़िता को भी दंबगों ने मारपीट कर उसका हॉथ तोड़ दिया। पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने आरोपियों पर कार्यवाही का आदेश दिया है।



बेटों के साथ पीड़ित महिला

### एक्सरे विभाग के कर्मचारियों की मनमानी, घंटों इंतिजार कर रहे मरीज

**प्रतापगढ़।** कर्मचारियों की मनमानी से डिजिटल एक्सरे कराने के लिए मरीज परेशान हो रहे हैं। स्ट्रेचर पर पहुंचने वाले मरीजों को भी घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। लालगंज के तेलियाही निवासी संतोष (40) बुधवार को मेडिकल कॉलेज में भर्ती हुए। शुक्रवार को उन्हें डॉक्टर ने डिजिटल एक्सरे के लिए भेजा। स्ट्रेचर पर उन्हें ले जाया गया। लेकिन कर्मचारियों ने घंटेभर उन्हें स्ट्रेचर पर इंतजार कराया। इसी तरह मानधाता के बुआपुर निवासी मुकेश (19) गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शुक्रवार को स्ट्रेचर पर लादकर डिजिटल एक्सरे के लिए ले जाया गया। वहां घंटेभर तक मरीजों ने स्ट्रेचर पर इंतजार किया, तब एक्सरे हो पाया। इसी तरह काफी संख्या में मरीज तकरीबन तीन घंटे से जमीन पर कूड़े के ढेर में बैठकर इंतजार कर रहे हैं। एक्सरे विभाग के कर्मचारियों की मनमानी की शिकायत भी लोगों ने अस्पताल के जिम्मेदारों से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### रामपुर धमावा में बीमार दो पशुओं की मौत, अन्य बीमार

**कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के रामपुर धमावा में लैंपी वायरस बीमारी के लक्षण मिलने से गांव के पशु पालको के मवेशियों की लगातार मौत हो रही है। ग्रामीणों में लंपी वायरस बीमारी के लक्षण की आशंका जताई जा रही हैं। इससे पशुपालक परेशान हैं। हालांकि लंपी संक्रमण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।जानकारी के मुताबिक सिराथू ब्लॉक क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव के ग्रामीणों वैभव सिंह व दयाराम के मवेशियों की बीमारी के कारण मौत हो गई है पशु चिकित्सको को सूचना के बाद भी गैर जिम्मेदाराना रवैए से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है गांव के वैभव सिंह, दयाराम सहित धनंजय सिंह, राम दत्त उर्फ छोट्टा तिवारी, कल्लू पासवान आदि का आरोप है की गांव में पशुओं की बीमारी के कारण मवेशियों की लगातार मौतें हो रही है साथ ही दर्जनों मवेशी बीमारी की चपेट में है। जिससे ग्रामीण दहशत में है । ग्रामीणों में लंपी वायरस की चर्चा है हालाकि आधिकारिक पुष्टि नहीं है । बीमारी के चपेट में आए पशुओं की जानकारी पशुपालन विभाग के स्थानीय अधिकारियों को दी गई। लेकिन पशुओं का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है ।

## सड़क पर गिरे रुपयों से भरे बैग को युवक ने पुलिस चौकी को सौंपा, ईमानदारी की सराहना

**प्रतापगढ़।** शहर के एसबीआई की मुख्य शाखा से शुक्रवार को बैंक से रुपये निकालकर घर जा रहे रिटायर डीपीआरओ का बैग ई-रिक्शा से सड़क पर गिर गया। बैग गिरता देख एक व्यक्ति ने आवाज दी, लेकिन ई-रिक्शा निकल गया। इसके बाद व्यक्ति ने डीपीआरओ के बैग को सिविल लाइंस पुलिस को सौंप दिया। बैग में मिले कागजात के आधार पर चौकी प्रभारी ने रिटायर डीपीआरओ को चौकी बुलाकर बैग उन्हें सौंपा। बैग में 90 हजार रुपए थे जो शादी ब्याह के लिए बैंक से निकाले थे। प्रतापगढ़ के नगर कोतवाली के अष्टभुजानगर निवासी नंद कुमार सिंह पंचायत विभाग में डीपीआरओ पद से रिटायर हुए है। शादी के खर्च के लिए रुपए निकालने वह मेडिकल कॉलेज के सामने भारतीय स्टेट बैंक पहुंचे। बैंक से 70 हजार निकालकर उन्होंने अपने बैग में रखे। बैग में 20 हजार रुपए पहले से थे। बैग लेकर वह ई-रिक्शा से घर जाने लगे। जीआईसी के पास उनका बैग ई-रिक्शा से गिर गया। पीछे सड़क पर चल रहे नगर क्षेत्र के दुजई का पुरवा सुखपालनगर के अवध कुमार यादव ने बैग गिर देखा तो ई-रिक्शे की और दौड़कर आवाज लगाई। लेकिन ट्रैफिक शोर में उनकी आवाज दब गई और ई-रिक्शा निकल गया। इसके बाद अवध कुमार यादव रुपए का बैग लेकर सिविल लाइंस पुलिस चैकी प्रभारी धनंजय राय के पास ले गए। मिली पासबुक से बैंक जाकर पूछताछ की। फिर खाता मोबाइल नंबर लेकर उन्हें फोन करके चैकी बुलाया। सत्यापन के बाद रुपए रिटायर्ड डीपीआरओ को सौंप दिए। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने राम अवध यादव की प्रशंसा की। वहीं, चैकी इंचार्ज धनंजय राय ने बताया कि रामअवध नाम के राहगीर ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है।



रूपये के मालिक को रूपये सौपते चौकी प्रभारी

## जनसंपादकीय

# लीला सेठ : यशस्वी विधिवेत्ता, लेखिका

यह आज से बरसों पहले की, सन् 2005 की बात है। सर्द फरवरी की 25 तारीख। पुरस्कृत कृति मैक्लुस्कीगंज के रचयिता पत्रकार-लेखक विकास कुमार झा संयोगात लखनऊ में थे। वहीं उनकी मुलाकात श्रीमती लीला सेठ से हुई थी। श्रीमती सेठ अपनी आत्मचरित्रात्मक-कृति आन बैलेंस के लिए लखनऊ आई थीं। जीवन के पचहत्तर वसंत वह देख चुकी थीं। उनकी कीर्ति कौमुदी देश-विदेश में फैली हुई थी। उनके लखनऊ आने की वजह थी कि लखनऊ उनकी जन्मनगरी थी। गोमती का पानी उनकी शिराओं में प्रवाहित था और लखनऊ की यादें उनकी जेहन में बसी थीं। विकास पटना से वास्ता रखते हैं। लीला सेठ ने किताब में पटना में बिताए दिनों को बड़ी शिद्दत से याद किया था। पटना से उनका गहरा नाता था। उनके बेटे की शिक्षा-दीक्षा भी पटना में हुई थी।


विकास लीला सेठ जैसी धनी-मानी शख्सियत से मुलाकात को आज तक नहीं भूले। वह एक यादगार मुलाकात थी। ख्याति और वय के मान से एक युवा लेखक की अपने से कहीं बड़े रचनाकार से भेंट की और पहले पन्ने पर सुवाच्य अक्षरों में अपनी हस्तलिपि में लिखा : टु विकास झा, ए फेलो-फ्रेंड फ्रॉम पटना, बेस्ट विशेज टु यू। यह किताब पटना में श्रीकृष्णपुरी स्थित उनके आवास पर बुकशेल्फ में आज भी बड़े करीने से रखी हुई है। आवरण पर लेखिका का दमकता हुआ चेहरा। बीच में छवि। ऊपर रोमन में आन बैलेंस। ऐन आटोबायोग्राफी। नीचे लीला सेठ। विकास को याद है। लीला ने कहा था-पटना का आकाश बहुत साफ था। वहां जाकर फिर से रहने का मन करता है।

कौन थी यह लीला सेठ? आज की पीढ़ी उन्हें शायद नहीं जानती। और गर जानती भी है तो ज्यादा नहीं। चीजें और चेहरे लगातार विस्मृति की गर्त में सरकते जा रहे हैं। लीला सेठ भी इसी लंबी अछोर कतार में हैं। आज किसे ज्ञात है कि इस शख्सियत को इतिहास रचने का श्रेय प्राप्त है और उनके लेखन की विरासत को उनके बेटे विक्रम सेठ ने बखूबी आगे बढ़ाया और उसे ऊंचाइयां दीं। वह देश में किसी उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बनने का गौरव अर्जित करने वाली पहली महिला थीं। यही नहीं, दिल्ली उच्च न्यायालय की वह पहली न्यायाधीश थीं। रूपहले कीर्तिमानों की ही बात करें तो वह भारत की पहली बेटी थीं, जिन्होंने लंदन बार के इम्तेहान में रिकार्ड अंकों से उत्तीर्णता हासिल की। अपने लंबे विधिक-जीवन में भी उन्होंने कई उल्लेखनीय काम किये।

लीला सेठ का जन्म 20 अक्टूबर, सन् 1930 को संयुक्त प्रांत की राजधानी लखनऊ में हुआ था। पिता इंपीरियल रेलवे में मुलाजिम थे। लीला सेठ तीसरी संतान थी और पिता-पुत्री में बड़ा लगाव था, किन्तु लीला जब मात्र 11 वर्ष की थीं, पिता का साया सिर से उठ गया। यह परिवार के लिए वज्रपात था और आर्थिक संकटों को न्यौता भी। लेकिन मां ने हिम्मत नहीं हारी और दार्जिलिंग स्थित प्रतिष्ठित लोरेटो कॉन्वेन्ट में बेटी की शिक्षा का प्रबंध किया। स्कूली शिक्षा के उपरांत वह कलकत्ते में स्टेनोग्राफर हो गयी। उन्हीं दिनों उनकी मुलाकात अपने भावी पति प्रेमनाथ सेठ से हुई। लीला और प्रेम पहली मुलाकात से ही गहरे अनुराग में डूब गये। इस अंतरंगता की परिणति विवाह में हुई। विवाह उनके जीवन में निर्णायक मोड़ साबित हुआ। पति प्रेमनाथ सेठ अग्रणी ब्रिटिश संस्थान बाटा से जुड़े हुए थे। विवाह के पश्चात लीला पति के साथ लंदन चली गयीं और वहीं उन्हें कानून के अध्ययन का मौका मिला। कानून के चयन का एक बड़ा कारण यह था कि वहां कक्षा में उपस्थिति की अनिवार्यता नहीं थी। लीला मां बन चुकी थीं और उनके लिए नवजात शिशु के पालन-पोषण पर ध्यान देना जरूरी था। बहरहाल, सन् 1958 में 27 वर्ष की उम्र में मेधावी लीला ने लंदन बार की परीक्षा सर्वोच्च अंकों के साथ उत्तीर्ण की। सन् 1959 में उन्होंने बार ज्वाइन किया। इसी साल उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा भी उत्तीर्ण की। लंदन बार में सफलता अर्जित करने वाली वह प्रथम भारतीय महिला थीं। ब्रिटिश अखबारों ने उन्हें अच्छा कवरेज दिया। एक अखबार ने दुधमुंहे शिशु के साथ उनकी तस्वीर छापीं और उन्हें मदर-इन-लॉ की संज्ञा दी। कुछ अखबारों ने इसे रेखांकित किया कि कैसे एक ब्याहता स्त्री ने 580 छात्रों में अव्वल स्थआन अर्जित किया।

इस प्रसंग के बाद सेठ दंपत्ति जल्द ही भारत लौट आए। लंदन के बाद उनका गंतव्य था पटना, जहां युवा लीला ने वकालत प्रारंभ की। यहीं उनके बेटे विक्रम ने सेंट जेवियर्स स्कूल में पढ़ाई की। लीला ने सचिन चौधरी और अशोक कुमार सेन जैसे वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ काम किया और कीमती तजुर्बा हासिल किया। पटना हाईकोर्ट में उन्होंने 10 साल प्रैक्टिस की। पुरूष-प्रधान संकाय में महिला होने के नाते उन्हें अनेक कसैले अनुभव हुए, जिन्हें उन्होंने साहसपूर्वक व्यक्त किया। अधिकांश मुवक्किल उन्हें अफने मामले सौंपने में हिचकते थे, क्योंकि वह महिला थीं और विधि में पुरूषों का वर्चस्व था। बहरहाल, बतौर वकील लीला ने विधिक मामले हाथ में लिए। इनमें आयकर, विक्रय कर, मनोरंजन कर, कस्टम, कंपनी मामलों, दीवानी, फौजदारी, वैवाहिक और संवैधानिक मामलों का समावेश था। उनकी मेहनत और कामयाबी ने सबका ध्यान आकृष्ट किया। पटना हाईकोर्ट में दस साल बिताकर सन् 1972 में वह दिल्ली चली आईं। वहां वह हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगीं। उन्होंने दीवानी, फौजदारी, कंपनी, पुनरीक्षण आदि की याचिकाओं पर ध्यान केंद्रित किया। इसी साल उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी वकालत शुरू कर दी। उन्होंने टैक्स मामलों, पिटीशनों, संवैधानिक अपीलों पर ध्यान केंद्रित किया। पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में वकीलों के पैनेल में उन्हें शामिल किया। वहां वह जून, 1974 से जनवरी, 1977 तक रहीं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सीनियर एडवोकेट की मान्यता दी। सन् 1978 में वह दिल्ली हाईकोर्ट की जज बनीं। यह एक चमकीली उपलब्धि थी, विरल और गौरवशाली। जल्द ही वह हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस बनीं। पहली महिला जज और पहली महिला सीजे का श्रेय उनके खाते में दर्ज हुआ।

लीला सेठ ने अपने जीवन में अनेक संस्थाओं को सुशोभित किया। सन् 1997-2000 में वह विधि आयोग की सदस्य रहीं। वह हिन्दू उत्तराधिकार बिल (1956) में बेटियों को पैतृक संपत्ति में हक की हिमायती थीं। वह राष्ट्रकुल की मानवाधिकार पहल से बरसों-बरस जुड़ी रहीं। सन् 2012 से सन् 2016 के दरम्यान वह इंफोसिस प्राइज की मानविकी जूरी से जुड़ी रहीं। वह अनेक जांच आयोगों से भी संबद्ध रहीं। उन्हीं में एक था बाल मनों पर शक्तिमान सरीखे टीवी धारावाहिकों के प्रभाव पर बना आयोग। बिस्कुट-किंग राजन पिल्लै की कस्टडी में मौत की जांच के लिए गठित आयोग की वह इकलौती सदस्य थीं। सन् 2012 में दिल्ली गैंग-रेप के बाद बलात्कार के कानूनों के पुनर्निधारण के लिए बने तीन सदस्यीय जस्टिस वर्मा आयोग की भी वह सदस्य थीं। लीला सेठ का दांपत्य-जीवन सुदीर्घ और सुखद रहा। उनकी तीन संतानों में विक्रम ने लेखन को चुना तो शांतम बौद्ध-धर्म की शरण में जाकर शिक्षक हुए। पुत्री आराधना ने फिल्म निर्माण में रुचि ली। जीवन की सांध्य-बेला में लीला ने आत्मकथा लिखी-आन बैलेंस।किताब पढ़ी और सराही गयी। 5 मई, सन् 2017 को नोएडा स्थित घर में उन्होंने आंखें मूंदीं। मृत्यु के पूर्व उन्होंने अफने अंग परीक्षण और प्रत्यारोपण के लिए दान कर दिए थे, अतः उनकी अंत्येष्टि न हुई। विधि की दुनिया में उन्होंने बखूबी कांच के अवरोध तोड़े। आधी दुनिया के लिए उन्होंने एक नजीर स्थापित की। आन बैलेंस से गुजरना उनके साथ-साथ आरोह-अवरोहभरी दिलचस्प यात्रा से गुजरना है।



**डॉ. सुधीर सक्सेना**
**लेखक कवि एवं संपादक हैं**

# धमार्तंरण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

## सामयिकी



**राजेश माहेश्वरी**

भय, प्रलोभन और अंधविश्वास के माध्यम से किसी को अपनी धार्मिक पहचान बदलने के लिए बाध्य करना देश के लिए बड़ा और गंभीर संकट बनता जा रहा है। इस तरह के मतांतरण के विरुद्ध याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है। जबरन धर्म परिवर्तन को लेकर एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने याचिका दायर की है। याचिका में धर्म परिवर्तनों के ऐसे मामलों को रोकने के लिए अलग से कानून बनाए जाने की मांग की गई है। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि इस पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को प्रयास करने होंगे। अनदेखी से स्थिति बिगड़ सकती है। जबरन मतांतरण राष्ट्र की सुरक्षा और धर्म की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है। हाल के दिनों में देश के आदिवासी इलाकों से इतर पंजाब में भी धर्मांतरण के मामलों में तेजी आने की बात कही जाती रही है। धन का प्रलोभन देकर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के आरोप लगते रहे हैं।

मतांतरण कराने वालों के निशाने पर प्रायः गरीब तबका होता है, जिसकी विवशता और गरीबी का लाभ उठाकर उन्हें धर्म बदलने के लिए बाध्य किया जाता है। संविधान में सभी को अपने मत-मजहब के प्रचार की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। प्रचार के नाम पर अन्य को बरगलाने की स्वतंत्रता किसी को नहीं दी जा सकती है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा है कि निसंदेह सभी को संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। ये एक मूल्यवान अधिकार है और कार्यपालिका व विधायिका को इसकी रक्षा करनी चाहिए।

अदालत का मानना है कि देश में धार्मिक आजादी है लेकिन इसका मतलब जबरन धर्मांतरण की आजादी होना कदापि नहीं है। इस तरह की कोशिशें जहां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये चुनौती हैं, वहीं नागरिकों की धर्म और अंतरूकरण की स्वतंत्रता को भी बाधित करती हैं। अदालत ने इस बाबत केंद्र सरकार को तुरंत कदम उठाने को कहा है और बाईस नवंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है ताकि मामले में माह के अंतिम सप्ताह में सुनवाई हो सके। लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि देशी-विदेशी एजेंसियां धर्मांतरण के जरिये देश का सांस्कृतिक चरित्र बदलने की कोशिशों में लगी हैं।

खासकर आदिवासी व पिछड़े इलाकों में छलबल व धनबल के जरिये ऐसी कोशिशों को अंजाम दिया जा रहा है। दरअसल, यह संकट हमारे समाज में सामाजिक व आर्थिक असमानता से उपजा प्रश्न भी है। जिन आदिवासियों व निचले जातिक्रम में आने वाले समूहों को समानता का हक नहीं मिला, उन्हीं तबकों में व्याप्त आक्रोश को धर्मपरिवर्तन का अस्त्र बनाया जाता है। जातीय दंभ से त्रस्त समाजों में यह आक्रोश नजर भी आता है। अशिक्षा भी इसके मूल में एक बड़ा कारण है। निस्संदेह, सामूहिक धर्मांतरण की कोशिशें कालांतर सामाजिक तानाबाना भी बदलती हैं।

ये कोशिशें बाद में सामाजिक टकराव की वाहक बनती हैं। वहीं राजनीतिक हित साधने का साधन भी होती हैं। जो बाद में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये भी चुनौती पैदा कर सकती हैं। ऐसी चिंता अदालत ने भी जतायी है। अदालत ने लोभ-लालच से कराये जाने वाले मतांतरण को गंभीर मामला बताते हुए इसे रोकने की दिशा में तुरंत कदम उठाने को कहा है। हालांकि, देश में कुछ राज्यों ने धर्मांतरण रोकने के लिये कानून भी बनाये हैं, लेकिन ये धर्मांतरण कराने वाली संस्थाओं पर अंकुश लगाने में कारगर साबित नहीं हुए हैं। यही वजह कि राष्ट्रीय स्तर पर धर्मांतरण रोधी प्रभावी कानून बनाये जाने की मांग की जाती रही है।

सरकार ने अपने हलफनामे में कहा है कि समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाओं और वंचितों के अधिकारों के संरक्षण के लिए गैरकानूनी जबरन मतांतरण को रोकने का कानून जरूरी है। धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार में दूसरे लोगों को मतांतरणरित करने का अधिकार शामिल नहीं है। सरकार के अनुसार,ने कहा है कि पब्लिक आर्डर राज्य का विषय है। और इसे देखते हुए कई राज्यों ने जबरन मतांतरण रोकने के लिए कानून बनाए हैं। उड़ीसा, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और हरियाणा ने इस बारे में कानून बनाए हैं।

हाल के वर्षों में धर्म विशेष की गतिविधियों में अप्रत्याशित तेजी आई है। कुछ समय में बड़ी संख्या में उपासना स्थल बनाये गये हैं। जिसके चलते पिछले पांच वर्षों में राज्य के कई जनपदों में सामाजिक संरचना में बदलाव देखने की बात कही जा रही है। यह बदलाव पिछड़े व वंचित वर्गों में ज्यादा देखा जा रहा है। कई राज्यों में गरीब आदिवासियों और अनुसूचित जाति के लोगों को बहकाकर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए विवश करने के लिए कैसे-कैसे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, यह कोई छिपा तथ्य नहीं रह गया है। निस्संदेह, देश में धार्मिक आजादी है और हर व्यक्ति को अपने अंतःकरण की स्वतंत्रता है, लेकिन उसका उपयोग दूसरे धर्म के लोगों के धर्म परिवर्तन के लिये किया जाना अनुचित ही है।

पिछले दिनों देश में पश्चिम बंगाल, नेपाल व राजस्थान से लगे सीमांत इलाकों में धार्मिक आधार पर जनसंख्या के स्वरूप में बदलाव को लेकर राष्ट्रीय एजेंसियां चिंता जता चुकी हैं। वे इस सुनियोजित कोशिश को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये खतरा बताती रही हैं। निस्संदेह, इस समस्या को राष्ट्रीय चुनौती मानते हुए जहां सरकार को यथाशीघ्र पहल करने की जरूरत है, वहीं समाज के स्तर पर जागरूकता की जरूरत है। सदियों से राष्ट्र की मुख्यधारा से कटे लोगों को मुख्यधारा में लाने के सार्थक प्रयास करने की जरूरत है। साथ ही गरीबी के दलदल में धंसे लोगों तक सरकारी नीतियों का लाभ पहुंचाने की जरूरत है। जिससे उनका जीवन स्तर भी सुधरे। साथ ही इन इलाकों में साक्षरता के प्रसार के प्रयास हों, रोजगार के नये अवसरों का सृजन करना भी जरूरी है। ताकि धर्म परिवर्तन से समाज के सांस्कृतिक चरित्र को बदलने की कोशिशों पर विराम लग सके। विदेशी एजेंसियों के माध्यम से जो धन धर्म परिवर्तन के लिये लाया जा रहा है, उस पर भी अंकुश लगे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मतांतरण के माध्यम से समाज के सांस्कृतिक चरित्र को बदलने का प्रयास राष्ट्रघाती है। मतांतरण में लिप्त कुछ संगठनों को चिह्नित कर विदेश से उनके चंदे पाने संबंधी नियमों में केंद्र सरकार ने बदलाव किए हैं, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। मतांतरण मूलतः राष्ट्रांतरण के छिपे एजेंडे पर बढ़ता कदम है। यह देश एवं समाज के लिए आतंकवाद से कम घातक नहीं है। इससे निपटने के लिए भी सरकार को सख्त प्रविधान करने की आवश्यकता होगी।

केंद्र और राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट की इस बात पर गंभीरता दिखानी चाहिए और इस मुद्दे पर बिना राजनीतिक भेदभाव के काम करना चाहिए, ताकि अशिक्षित, आदिवासी और अन्य लोग बलि का बकरा न बन जाएं। बहुत ही गलत है कि धर्म विशेष के लोग दुनिया के सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष देश का गलत फायदा उठाकर देश में मतांतरण जबरदस्ती कोई लालच देकर करवा रहे हैं और इसके लिए वो गरीबों और आदिवासी लोगों को शिकार बना रहे हैं। लेकिन ऐसा आखिर वो कर क्यों रहे हैं? किस धर्म में लिखा है कि धर्म के नाम पर छल करना, दूसरों को गुमराह करना उचित है। अगर धर्म विशेष के लोग गरीबों का भला करना ही चाहते हैं तो वे धर्म परिवर्तन की शर्त क्यों रखते हैं? अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी जबरन मतांतरण को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। शीर्ष न्यायालय की टिप्पणी में भी इस चिंता को देखा जा सकता है। ,

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

**देश में धार्मिक आजादी है लेकिन इसका मतलब जबरन धर्मांतरण की आजादी होना कदापि नहीं है। इस तरह की कोशिशें जहां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये चुनौती हैं, वहीं नागरिकों की धर्म और अंतरूकरण की स्वतंत्रता को भी बाधित करती हैं। अदालत ने इस बाबत केंद्र सरकार को तुरंत कदम उठाने को कहा है और बाईस नवंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है ताकि मामले में माह के अंतिम सप्ताह में सुनवाई हो सके। लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि देशी-विदेशी एजेंसियां धर्मांतरण के जरिये देश का सांस्कृतिक चरित्र बदलने की कोशिशों में लगी हैं।**

# देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद याद रहेंगे

## स्मरण



**प्रभात किशोर**

चम्पारण में गांधीजी के सहयोगी के रूप में सार्वजनिक जीवन में प्रवेश कर के अपनी कार्यकुशलता, सेवापरायणता, बौद्धिक प्रखरता, सच्चाई, सहृदयता, सहज गाम्भीर्य और सौम्यता के कारण डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद सार्वजनिक सेवा के प्रतीक बन गये । स्वतंत्रता संग्राम का यह अग्रगामी नेता अपनी सेवा एवं सरदार पटेल के समर्थन से तीन बार कांग्रेस के अध्यक्ष, संविधान सभा के सभापति और फिर भारतीय गणतंत्र के प्रथम राष्ट्रपति का सर्वोच्च पद बारह वर्षों तक विभूषित करता रहा ।

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद का जन्म विक्रमी संवत 1941 की अगहन की पूर्णिमा तदनुसार 3 दिसम्बर 1884 को सिवान जिले के जीरादेई गांव में हुआ था । अपनी प्रारम्भिक शिक्षा छपरा एवं एवं टी0 के0 घोष एकेडमी, पटना में पूरी करने के बाद उन्होंने सन् 1902 में प्रेसिडेन्सी कॉलेज कोलकाता में एफ0 ए0 में दाखिला लिया । कोलकाता विश्वविद्यालय से उन्होंने सन् 1907 में एम0ए0 (अर्थशास्त्र) सम्मान, सन् 1910 में बी0एल0 और सन् 1915 में एम0एल0 (मास्टर ऑफ लॉ) की परीक्षा उत्तीर्ण की । इसके पश्चात वे कोलकाता उच्च न्यायालय में वकालत करने लगे ।

राजेन्द्र बाबू ने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत सन् 1905 में बंग-भंग आंदोलन से की । सन् 1916 में पटना उच्च न्यायालय स्थापित होने पर राजेन्द्र बाबू भी पटना आकर वकालत करने लगे, जहां उन्हें सार्वजनिक काम में भाग लेने का अधिक मौका मिल गया। सन् 1917 में गांधीजी मोतिहारी पहुंचे और अंग्रेज नीलवरों द्वारा लूट-खसोट की वारदात अपनी आंखों देखी, तो उन्होंने तार संदेश के माध्यम से पटना से राजेन्द्र प्रसाद एवं कुछ अन्य वकीलों को चम्पारण बुलाया तथा किसानों की दुख गाथा कलमबद्ध करने को कहा । लगभग 22 से 25 हजार रैयतों के बयान लिखे गये । इधर चम्पारण में किसानों को गुलामी से मुक्ति का काम चल रहा था, उधर गुजरात में वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में खेड़ा के किसान सत्याग्रह कर रहे थे । राजेन्द्र बाबू खेड़ा जाकर पटेल से मिले और आंदोलन को नैतिक समर्थन दिया ।


अगस्त 1920 में बिहार प्रांतीय राजनैतिक सम्मेलन ने राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव पास किया । सितम्बर 1920 में लाला लाजपत राय के सभापतित्व में कोलकाता कांग्रेस के विशेष अधिवेशन में असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव पेश हुआ, जिसके समर्थन में सबसे पहले बिहार ने प्रस्ताव पेश किया और प्रस्ताव पास करते हीं राजेन्द्र प्रसाद वकालत को तिलांजलि देकर पूरी तरह देश सेवा में तल्लीन हो गये ।

राष्ट्रीय आंदोलन के प्रचार प्रसार के लिए राजेन्द्र प्रसाद ने हिन्दी में देश और अंग्रेजी में सर्चलाइट का प्रकाशन प्रारम्भ किया जिससे राष्ट्रीय आंदोलन को बड़ा बल मिला । 15 जनवरी 1934 को बिहार के प्रलंयकारी भूकम्प में राहत कार्य हेतु राजेन्द्र बाबू की अध्यक्षता में बिहार सेन्ट्रल रिलीफ कमिटी नामक गैरसरकारी संस्था बनायी गयी तथा अथक परिश्रम से स्थिति पर काबू पाने का प्रयास किया गया । विध्वंस को निर्माण में बदल दिया गया और राजेन्द्र बाबू को देशवासियों ने देशरत्न की उपाधि दी ।

राजेन्द्र बाबू की संगठन क्षमता एवं सेवा परायणता के मद्देनजर 1934 में पहली बार कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया । उनकी अध्यक्षता में अक्टूबर 1934 में मुम्बई अधिवेशन में कांग्रेस के पचास वर्ष होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती मनायी गयी । राजेन्द्र बाबू ने अध्यक्ष की हैसियत से हिन्दी एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में कांग्रेस का इतिहास लिखवाया तथा देशी राज्यों में देशी राज्य प्रजा मंडल की स्थापना करवायी । त्रिपुरा कांग्रेस अधिवेशन में सुभाषचन्द्र बोस दूसरी बार अध्यक्ष चुने गये, पर गांधीजी से तीव्र विरोध के कारण उन्होंने त्याग-पत्र दे दिया और राजेन्द्र बाबू को दूसरी बार कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने को कहा गया ।

सन् 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में अन्य शीर्षस्थ नेताओं के साथ राजेन्द्र बाबू भी गिरफ्तार कर लिए गए । 16 जून 1946 को योजना स्वीकार करने के बाद 2 सितम्बर 1946 को तत्कालीन अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बारह-सदस्यीय मंत्रिमंडल ने शपथ ली जिसमें राजेन्द्र बाबू कृषि एवं खाद्य मंत्री बने । सरकार और कांग्रेस संस्था के बीच प्रधानता के मामले पर मतभेद होने के कारण आचार्य कृपालानी ने 17 नवम्बर 1947 को कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्याग-पत्र दे दिया । तब पटेल की पसंद राजेन्द्र प्रसाद को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया ।

16 मई 1946 को घोषित एवं कांग्रेस द्वारा स्वीकार की गयी दीर्घकालीन योजना के अनुसार 9 दिसम्बर 1946 को भारत की संविधान सभा (लोक सभा के केन्द्रीय हॉल में) बैठी । नेहरूजी एन0 गोपालस्वामी अयंगार को इसका स्थायी सभापति बनवाना चाहते थे, पर अंततः पटेल की पसंद राजेन्द्र बाबू स्थायी सभापति चुने गए । स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति के मनोनयन हेतु भी सरदार पटेल का आशीर्वाद डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को प्राप्त था, परन्तु नेहरू तत्कालीन गवर्नर जेनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को यह जिम्मेवारी दिलवाना चाहते थे । अंततः 24 जनवरी 1950 को डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा द्वारा सर्वसम्मति से राष्ट्रपति चुने गए और 26 जनवरी 1950 को भारतीय गणतंत्र के प्रथम राष्ट्रपति बने ।




3 मई 1962 को राष्ट्रपति पद से अवकाश ग्रहण करने के उपरान्त वे सदाकत आश्रम, पटना आ गए । 28 फरवरी 1963 की रात्रि 10 बजे उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली तथा दूसरे दिन दोपहर को पटना के बांसघाट पर उनका नश्वर शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया । बारह वर्ष तीन माह सत्रह दिन तक भारतीय गणतंत्र के राष्ट्रपति के पद पर जिन परम्पराओं और संवैधानिक परिपाटियों को राजेन्द्र बाबू ने पोषित किया, वह भारतीय गणराज्य की स्थिरता के लिए सबसे बड़ा योगदान है ।

**(अभियंता एवं शिक्षाशास्त्री)**

**राजेन्द्र बाबू की संगठन क्षमता एवं सेवा परायणता के मद्देनजर 1934 में पहली बार कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया । उनकी अध्यक्षता में अक्टूबर 1934 में मुम्बई अधिवेशन में कांग्रेस के पचास वर्ष होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती मनायी गयी । राजेन्द्र बाबू ने अध्यक्ष की हैसियत से हिन्दी एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में कांग्रेस का इतिहास लिखवाया तथा देशी राज्यों में देशी राज्य प्रजा मंडल की स्थापना करवायी । त्रिपुरा कांग्रेस अधिवेशन में सुभाषचन्द्र बोस दूसरी बार अध्यक्ष चुने गये, पर गांधीजी से तीव्र विरोध के कारण उन्होंने त्याग-पत्र दे दिया और राजेन्द्र बाबू को दूसरी बार कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने को कहा गया ।**

## टिप्पणी



# मुझे कुछ कहना है

**शकील सिद्दीकी**

मेरे द्वारा अनुदित फतह मोहम्मद मलिक के फासीवाद फैज और गाँधी लेख पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रतिष्ठित लेखक मस्तराम कपूर ने लेख में उठाये गये मुद्दे को पुराना बताया है और फरमाया है कि इसका उत्तर कई पुस्तकों में दिया जा चुका है। तो क्या पुस्तकों-पत्रिकाओं अथवा किसी और माध्यम से उत्तर दे दिये जाने से विवाद समाप्त हो जाते हैं। उर्दू हल्कों में प्रगतिशीलता विरोधी तथा प्रगतिशीलों में भी फैज से चिढ़ने वाले लोग उनके ब्रिटिश सेना में शामिल हाने या

बांग्लादेश में पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों के प्रति उनके रवैये को लेकर विवाद खड़ा करते रहते हैं। ठीक उसी तरह जैसे भारत में प्रगतिशीलता व जनवाद से चिढ़ने और व्यवस्था की ओर ललचाई नजरों से देखने वाले कुछ विद्वान क्रांतिकारियों के संगठन सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी में कथाकार यशपाल की भूमिका को लेकर जब तब विवाद खड़े करते रहे हैं, विशेष रूप से उस समय जब कवि-कथाकार हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय की चर्चा में उनके जीवन के कुछ अप्रिय प्रसंगों का उल्लेख हो रहा हो, इन प्रसंगों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने के लिए तुरन्त यशपाल विवाद खड़ा कर दिया जाता है। जबकि यशपाल ने अपने ऊपर लगे आरोपों का कई बार और कई तरह से उत्तर दिया बल्कि यह कहना चाहिये कि दमदार तरीके से उत्तर दिया। हर बार आरोप लगाने वालों को उन्होंने प्रमाण देने की चुनौती दी। प्रमाण के नाम पर ऐसे लोग चुप्पी साध गये। यह बहुत जाना हुआ तथ्य है। अभी एकदम हाल में मैंने यशपाल जी की एक अति निकट परिजन का घरेलू बातचीत के दौरान इस ओर ध्यान आकर्षित किया था। इस बारे में उन्होंने यशपाल जी और प्रकाशवती जी के शदीद इंकार के अतिरिक्त एक महत्वपूर्ण बात यह कही कि विवाद के तीव्र होने के दौर में यशपाल जी ने उत्तर प्रदेश के तब के मुख्यमंत्री हेमवती नन्दन बहुगुणा को पत्र लिखकर गृह विभाग से उन प्रमाणों को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, जिनसे उनपर लगाये गये आरोप सही सिद्ध होते हों। जाहिर सी बात है कोई कागज वहाँ से आने वाला नहीं था, वह आया भी नहीं।

क्योंकि मेरी भारत के क्रांतिकारी आन्दोलन तथा यशपाल दोनों में दिलचस्पी थी, कारणवश मैंने क्रांतिकारी संगठन रिपब्लिक आर्मी के कार्यकर्ता-नेता का शिव वर्मा से भी इस बारे मे बातचीत की, उन्होंने एक सिरे से आरोपों का खण्डन किया। मुझे याद आता है कि उस समय वीरेन्द्र यादव भी मेरे साथ थे। शहीद सुखदेव राज के भाई मथुरा दास जी से एक भेंट के दौरान जब यह प्रसंग आया तो उन्होंने भी इस बारे में कोई अधिकारिक बात नहीं कही। मथुरा दास जी लखनऊ में कथाकार बीर राजा के यहाँ आये हुये थे। अनिल सिन्हा और मैं वहीं उनसे मिलने गये थे। दुर्गा भाभी सहित क्रांतिकारी आन्दोलन के अन्य कई सहयोगियों से मेरी बातचीत हुई। परन्तु यशपाल जी पर लगे आरोपों की पुष्टि किसी ने नहीं की।

यशपाल जी के यहाँ मेरा आना-जाना सत्तर के दशक से है। नवम्बर 1977 में जब मेरा विवाह हुआ तो मैं उन्हीं की काली एम्बेसेडर कार में दुल्हा बनकर मैं ससुराल गया था। यशपाल जी के यहाँ मुझे कई बार ऐसे आदरणीय महानुभावों के दर्शन हुए जो क्रांतिकारी आन्दोलन, रिपब्लिकन आर्मी अथवा स्तंत्रता संग्राम के सेनानी रह चुके थे। मैं अक्सर सोचता यदि यशपाल जी पर संगठन व आजादी की लड़ाई से विश्वासघात करने का आरोप वास्तव में सही हैं तो ये लोग यहाँ क्यों आते है, वह भी यशपाल व प्रकाशवती जी के प्रति पूरे सम्मान भाव के साथ? आखिर क्यों शिव वर्मा तथा उस आन्दोलन के सहयोगियों ने जब लखनऊ में शहीद स्मारक तथा स्वतंत्रता संग्राम शोध संस्थान की स्थापना का इरादा बनाया तो यशपाल परिवार के सहयोग को आवश्यक समझा तथा प्रकाशवती को उसका उपाध्यक्ष बनाया।

चकित करने वाला तथ्य है कि जिन भगवती चरण व्होरा के दुर्घटनाग्रस्त हाने व मृज्यु की परिस्थितियां पैदा करने का आरोप यशपाल पर लगा, उनकी पत्नी दुर्गा भाभी से यशपाल परिवार के सम्बन्ध उनके जीवित रहने तक बहुत आत्मीय बने रहे। लखनऊ में दुर्गा भाभी को स्थापित करने में उनके आवास तथा स्कूल के निर्माण में यशपाल दम्पत्ति का सक्रिय सहयोग रहा। यशपाल के पुत्र आनन्द की जितनी देखभाल दुर्गा भाभी ने की प्रकाशवती जी ने नहीं। कमोबेश यही स्थिति दुर्गा भाभी के एक मात्र पुत्र की भी थी।

दोनों परिवारों की निकटता मेरी आँखों की देखी हुई है। अभी इसी अप्रैल में मैं यशपाल जी के एक मात्र पौत्र अनिरूद्ध के साथ दुर्गा भाभी के स्कूल, जहाँ शहीद स्मारक तथा शोध संस्थान स्थित है, एक मीटिंग में हिस्सा लेने जा रहा था। स्कूल के निकट पहुँचकर मुझे क्रांतिकारी आन्दोलन के एक सिपाही सरदार सिंह जी की याद आई। मेरा उनसे परिचय यशपाल जी के घर पर ही हुआ था। उनके बताये पते के अनुसार उनका घर दुर्गा भाभी के स्कूल के पास ही था। मैंने अनिरूद्ध से कहा, यहीं-कहीं सरदार सिंह जी का मकान भी हुआ करता था। अनिरूद्ध ने उत्तर में जो कहा उससे न केवल दो परिवारों के बीच के सम्बन्धों तथा यशपाल जी पर लगे आरोपों की सच्चाई का भी अनुमान लगाया जा सकता है। जी.....जी, मुझे अच्छी तरह याद है, वह यहीं पास में रहते थे। अब उनकी डेथ हो चुकी है। बचपन में बाबा (यशपाल जी) के साथ जब हम लोग दुर्गा भाभी के यहाँ आते तो बाबा हम लोगों को उनके यहाँ भी ले जाते थे।

एक ही संगठन में कभी साथ रह चुके अज्ञेय और यशपाल को साथ रखकर देखें तो एक ओर जहाँ औपनिवेशिक दौर में तथा स्वतंत्रता के बाद भी यशपाल को अनेकानेक कठिनाईयों का, विपरीततओं का सामना करना पड़ां उन्हें अपनी पत्रिकाओं विप्लव तथा विप्लवट्रेक्ट ?के लिए बार-बार जमानतें देनी पड़ीं। उनके प्रेस के विरूद्ध दमन की कार्यवाही हुई, सरकारी अंकुश व प्रभाव वाले साहित्यिक पुरस्कारों से उन्हें अंतिम सांस लेने के कुछ पहले तक वंचित रखा गया। लम्बे काल तक वह अण्डर-वाच रहे। जबकि अज्ञेय पर ब्रिटिश सरकार से लेकर भारतीय सरकारें तक कृपा के फूल बरसाती रहीं। यहाँ तक कि भारतीय पूँजीवाद ही उनके पक्ष में खड़ा दिखाई पड़ा, यदि फैज को भी जोड़ लें तो उनके जीवन का बड़ा हिस्सा सरकारी दमन बर्दाशत करते बीता। उनके परिवार ने अनगिनत कठिनाईयाँ बर्दाश्त कीं। फासीवाद से संघर्ष उनके व्यक्तित्व व जीवन पद्धति का अभिन्न हिस्सा था। उनकी संघर्षशीलता आजादी के बाद भी बनी रही। जनशत्रुओं के खिलाफ प्रतिरोध की उनकी यात्रा ने लम्बी दूरी तय की थी। कारणवश एक खास दौर में ब्रिटिश सेना में अज्ञेय व फैज का जाना कभी एक समान नहीं हो सकता।

**(लेखक कथाकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# सड़क हादसे में दो की गई जान, दो गंभीर

**मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के बेला जंगल में गुरुवार की देर रात ट्रक और पिकप की भीषण टक्कर में ट्रक चालक व पिकप चालक की मौत हो गई तो वही दोनों के खलासी गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हे मंडलीय अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। गुरुवार की देर रात सोनभद्र की ओर से मीरजापुर की तरफ जा रही पिकप में मीरजापुर से सलखन जा रही ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें दोनों के चालक अपने अपने केबिन में फंस गए। सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर शैलेश कुमार राय दल बल के साथ काफी प्रयास किए, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी तो जेसीबी और ट्रेलर की मदद से करीब डेढ़ घंटे बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए दोनों का शव बाहर निकाला गया, वहीं गंभीर रूप से फंसे हुए लोगों को भी बाहर निकाल कर एंबुलेंस से मीरजापुर भेज दिया गया। ट्रक चालक राजेश यादव निवासी सलखन (35) की जहां दर्दनाक मौत हो गई है वहीं उनके दो मासूम बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है तो वही पिकप चालक जो कि अमेठी जनपद का बताया जा रहा है अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद पुलिस दोनों के परिजनों को सूचना दी है, खबर लिखे जाने तक परिजन मौके पर नहीं पहुंच पाए थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकप के परखच्चे उड़ गए, जहां पिकप पर लगा टमाटर सड़क पर बिखर गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### देवरी गांव में मिला अज्ञात युवक का शव

**फांसी लगाकर मौत की बनाई गई रूपरेखा**

**जिगना।** विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के देवरी गांव के मीरजापुर प्रयागराज से लगभग 20 मीटर दूरी पर एक (25) अज्ञात युवक का शव शुक्रवार को ढाई बजे दिन मिलने पर हडकंप मच गया। मौके पर पहुंची विन्ध्याचल पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोष्टमार्टम हेतु भेजा है। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, विन्ध्याचल प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार राय सहित अष्ठभुजा पुलिस चौकी प्रभारी पहुंच कर शव के पहचान का प्रयास किया लेकिन पहचान नही हो सकी। मृतक का शव मुख्य सड़क से 20 मीटर दूर आम की डाली में रस्सी बांध कर मृतक के गले में बंधा जमीन पर बैठा मिला। बगल में पीला हवाई चप्पल पड़ा था। मृतक लाल व कालारंग का स्वीटर चेकदार मटमैला सर्ट व जिंसपैंट पहने था। चर्चा रही की युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है और फांसी लगाने की रुपरेखा तैयार कर दी गई है। बहरहाल पुलिस जांच पडताल में जुट गयी है। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार राय ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है पोष्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ होगा।

## करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी किसान बिजली की चपेट में आ जाने से शुक्रवार को मौत हो गई। परिवार में मुखिया की मौत हो जाने से घर में कोहराम मच गया। वहीं गांव में मातमी माहौल छा गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम रामलाल मौर्या 58 वर्ष पुत्र फग्गूराम मौर्य निवासी जमालपुर अपने घर के पास खेत में आलू की भराई करने के लिए समरसेबुल का स्वीच चालू करने के दौरान स्वीच में उतरे विद्युत करन्ट की चपेट में आ गये और गंभीर रूप से झुलस गये। जबतक परिजनों ने बिजली कनेक्शन काट कर उनको हटाया तबतक वह झुलस गये और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। उनकी मौत पर उनकी पत्नी शीला देवी का रो रोकर हाल बेहाल हो गया। मृतक को दो पुत्र कमलेश मौर्या एवं जयप्रकाश मौर्या है। दोनों अपने परिवार के साथ बाहर रहकर नौकरी करते है। मृतक अधेड़ किसान पत्नी के साथ गांव पर रहकर खेती बाड़ी करता था। उसकी मौत की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी।

# रेलवे स्टेशन का 158 वर्ष पुराना पुल बंद, ट्रैक पार करने को यात्री विवश

## नये पुल का निर्माण अधूरा पुराना पुल हुआ बंद

**मीरजापुर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बना 158 वर्ष पुराने पुल की अवधि समाप्त हो जाने के कारण उस पर आवगमन बंद कर दिया गया हैं। अब यात्री प्लेटफार्म नंबर 1 से 2 और 3 को जोड़ने वाले पुराने ओवर ब्रिज से आवागमन नहीं कर पायेंगे।

जल्द ही यह इतिहास के पन्नों पर दफन हो जायेगा। टीन शेड लगाकर उसे बंद कर दिया गया है। अब यात्रियों को स्टेशन के पूर्वी छोर की तरफ बने नये सेतु से आवागमन करना होगा। उसके स्थान पर स्वचालित सीढ़ी वाले मार्ग का प्रयोग करना होगा। इसके अलावा एक नया पुल पश्चिमी छोर पर निमार्णाधीन है। दिल्ली हावड़ा और मुम्बई रेल मार्ग पर मीरजापुर रेलवे स्टेशन 1864 में अस्तित्व में आया था।



पुल बंद होने के बाद ट्रैक पर आवागमन करते यात्री

प्रमुख मार्ग पर स्थित होने के कारण इसका अपना अलग ही महत्व रहा है। इस रेल मार्ग पर विद्युतीकरण 1965 में किया गया था। जिला मुख्यालय पर स्थित होने के साथ ही सोनभद्र और भदोही के यात्री भी सुविधा के लिहाज से यहा से ट्रेन पकड़ना या फिर अपने घर को लौटना ज्यादा मुनासिब मानते है। आजादी के पूर्व बने इस स्टेशन पर 3 प्लेटफार्म और 6 रेल पटरी हैं। मुख्य द्वार से प्रवेश करने पर प्लेटफार्म संख्या एक हैं। स्टेशन पर इंट्री करके बायें हाथ जाने पर अन्य प्लेटफार्म को जोड़ने के लिए पैदल आने जाने वाला पुराना ओवर ब्रिज हैं। जिसे बंद कर दिया गया है। यात्रियों को एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए पुराने पुल के आगे स्वचालित सीढ़ी वाला नव निर्मित सेतु का प्रयोग करना होगा। अचानक पुल बंद कर देने से यात्रियों को लगेज के साथ काफी चक्कर लगाकर प्लेटफार्म संख्या 2 और 3 से आवागमन करना पड़ रहा है। बताते चले कि नये पुल का निर्माण अभी अधूरा है ऐसे में पुराने पुल को बंद करने के बाद यात्री रेलवे ट्रैक पार कर-के ही दूसरे प्लेटफार्म पर आवागमन करने को लाचार है जो बड़ी घटना को दावत दे रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि किसी भी समय बड़ी घटना घट सकती है। स्टेशन अधीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि ओवर ड्यू होने के कारण पुल बंद किया गया है। नया पुल का निर्माण किया जा रहा है।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 66 हजार रुपये

**जनसंदेश न्यूज**

**साइबर क्राइम**

**पीड़ित ने थाना सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज करायी शिकायत**

**हलिया।** क्षेत्र के खरिहट खुर्द गांव निवासी अभय शुक्ला ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित थाने में तहरीर देकर बताया है कि हलिया के माता चौरा स्थित एटीएम मशीन से पैसा निकालने के लिए अपने पिता का भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम कार्ड लेकर आया और दस हजार रुपए निकालने का प्रयास किया लेकिन एटीएम मशीन से पैसा नही निकला कि पीछे खड़े एक युवक ने मेरे पास आकर कहा कि आपका पैसा निकला तो मैने कहा कि मेरा पैसा नही निकल रहा है।

इस पर वह युवक मेरा एटीएम कार्ड इस आशय से मांगा कि आपका पैसा निकाल दे रहा हूँ। एटीएम कार्ड उस युवक को दे दिया जिस पर उसने कुछ देर तक पैसा निकालने का प्रयास किया लेकिन कुछ देर बाद पैसा न निकलने की बात कहकर मुझे दूसरा एटीएम कार्ड देकर कही चला गया।

जिस पर एटीएम कार्ड लेकर मैं बरी स्थित पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल में पेट्रोल डालने के लिए लेकर पंहुचा और पचास रुपये का पेट्रोल डलवाया तथा मशीन पर एटीएम कार्ड लगाया पिन कोड डाला जिस पर कोड़ गलत बताने लगा। जिस पर एटीएम कार्ड चेक करने पर उस पर नाम अंकित बताया। मेसैज आया युवक ने खाते से 66 हजार रुपये निकाल गया।

बाद में दस हजार रुपये का मैसेज मोबाइल फोन पर आया है और अन्य रुपये कटने का कोई मैसेज नही आया है। जिस पर पुलिस ने साइबर सेल को प्रार्थना पत्र भेजने की बात कहकर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## सभी किसानों के धान की होगी खरीद : आरती सिंह



**अदलहाट।** क्रय केंद्र प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि खरीद कार्य निर्धारित तिथि से काफी बाद शुरू हुई। आने वाले समय में धान की खरीद में तेजी लाई जाएगी। किसानों को दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। और अबतक तीस किसानों से पंद्रह सौ कुंटल धान क्रय किया जा चुका है। जिसमें से चौदह किसानों का पैसा भी उनके खाते में भुगतान हो चुका है। अभी एक दिन में केवल तीन सौ कुंटल की खरादरी का लक्ष्य है। आगे यही छ सौ कुंटल धान क्रय किया। जायेगा। जिसमें किसानों को और अधिक सुबिधा होगी। वैसे अभी तक सरकार द्वारा पर्याप्त बोरा और पैसा है। धान क्रय केंद्र पर किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान अभिजीत सिद्धनाथ, अनीता, महावीर सिंह, सत्य नारायन सिंह, बिंदु देवी, राजा पटेल उपस्थित रहे।

# विंध्य कोरिडोर का कमिश्नर ने किया स्थलीय मुआयना

**जायजा**

**छोटी छोटी कमियों पर कार्यदाई संस्था के अधिकारियों से माँगा जवाब**

**मकरसंक्रांति पर मुख्यमंत्री कर सकते है कॉरिडोर का अवलोकन**

**जनसंदेश न्यूज**



कॉरिडोर का निरीक्षण करते आयुक्त

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त मुथुकुमार स्वामी बी ने विन्ध्य कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छोटी छोटी कमियों पर कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर से पूछताछ की। उन्होंने कार्यदाई संस्था को कड़े निर्देशों के साथ कहा कि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमियां बर्दाश्त नही होगी ।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि निर्माणकार्य किसी भी परिस्थिति में तय समय मे पूर्ण कर लिया जाएगा। अभी दो शिफ्टों में कार्य चल रहा है, आगे तीनो शिफ्ट में कार्य कराया जा सकता है। उन्होंने कहा निर्माणकार्य के दौरान मैंने कुछ टेक्निकल कमियां देखी। कई जगहों पर छोटे छोटे गैप दिखाई दिए। प्रथम फेज का कार्य तय समय अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मकर संक्रांति के अवसर पर परिक्रमा पथ में चल रहे कार्य को काफी हद तक सम्पन्न कर लिया जाएगा। कार्यदाई संस्था को मैंने जलनिकासी की समस्या भविष्य में न रहे इसके दृष्टिगत नालियों व ढलानों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। मैं लगातार कोरिडोर का निरीक्षण करता रहूंगा। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर वीरेंद्र कुमार, एई राजकुमार पाण्डेय इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### एक से लेकर 8 तक के बच्चों की करायी गयी परीक्षा



**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस के मार्ग निर्देशन में शुक्रवार को जनपद के समस्त परिषदीय 1806 विद्यालयों में निपुण लक्ष्य के आंकलन हेतु एक से लेकर कक्षा-8 तक के बच्चों का निपुण एसेसमेंट टेस्ट की परीक्षा करायी गयी, जिसमें परिषदीय विद्यालयों में नामांकित 306871 बच्चों के सापेक्ष 255286 बच्चे उपस्थित थे। ओ0एम0आर0 शीट को सरल ऐप के माध्यम से अध्यापकों द्वारा स्कैन किया गया। परीक्षा को शुचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु विकास खण्ड स्तर से प्रत्येक विद्यालय हेतु दूसरे विद्यालयों के अध्यापकों को पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया था। जनपद स्तर पर प्राचार्य, डायट के अनुमोदन से परीक्षा के दौरान किसी भी समस्या के समाधान हेतु कोर कमेटी का गठन किया गया था। प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर जिलाधिकारी के स्तर से जनपद स्तरीय अधिकारियों व विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों को नोडल के रूप में नामित किया गया था। परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

### रविवार को विशेष अभियान दिवस घोषित

**मीरजापुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित करते हुये कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देश के क्रम में निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में अपना नाम दर्ज कराने, मृतक, शिफ्टेड मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाये जाने एवं किसी भी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन हेतु फार्म-6, 7, 8 सम्मिलित किये जाने हेतु 04 दिसम्बर, 2022 दिन रविवार को विशेष अभियान दिवस घोषित किया गया है। उक्त दिवस पर समस्त बूथ लेविल अधिकारी समुचित फार्मों के साथ अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहेंगे। सभी अर्ह नागरिकों से अपील की जाती है कि वे कृपया उपरोक्त दिवस पर अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण कर लें, यदि किसी अर्ह मतदाता जो 01 जनवरी, 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा हो अथवा उससे अधिक आयु का हो परन्तु उसका नाम मतदाता सूची में शामिल न हो तो वह उपरोक्त दिवस पर अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थल पर उपस्थित होकर प्रारूप-6 में आवेदन कर के अपना नाम दर्ज करवा सकता है।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आरजीएसए के तहत विकासखंड पहाड़ी के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख पहाड़ी इंद्र बहादुर पांडेय ने दीप प्रज्वलित करके किया। साथ में खंड विकास अधिकारी पहाड़ी पवन कुमार सिंह एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कहा आपके क्षेत्र में होने वाली सभी समस्याओं का समाधान पूरी निष्ठा से करूंगा। क्षेत्र का विकास ही हमारा उद्देश्य है। वही खंड विकास अधिकारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आपके क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों में एवं अन्य किसी प्रकार के कार्यों में करप्शन की सूचना मिलते ही मैं उचित कार्यवाही करूंगा तथा सभी कार्यशाला में प्रशिक्षण लेकर उन्नत एवं इमानदारी पूर्वक कार्य करें। इस मौके पर विकासखंड पहाड़ी के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

### स्टैंडों के स्थान का तत्काल करें चिह्नीकरण : एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला के नेतृत्व में संबंधित अधिकारी व यूनियन के बीच स्टैंड के संबंध में शुक्रवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्टैंड संबंधी बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा हुई, किंतु नगर पालिका परिषद के पास आवश्यक क्षेत्रों में खाली स्थान न होने के कारण संपूर्ण जगह पर स्टैंडों का चिन्हीकरण नहीं हो पाया जिसके कारण एडीएम वित्त की ओर से आगामी 7 दिसंबर को शाम 5 बजे से पुनः बैठक आयोजित की गई है। साथ ही यूनियन सहित यातायात एवं नगर पालिका परिषद को यह निर्देश दिया गया कि आगामी बैठक में तीनों विभाग साथ मिलकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए सरकारी अथवा व्यक्तिगत जगह पर स्टैंड हेतु सीमित करते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें जिससे उसी के आधार पर स्टैण्डों का निर्धारण सुनिश्चित हो सके।

### पदाधिकारियों का बैठक में किया गया चयन

**जिगना।** बेसिक शिक्षा वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक बृहस्पतिवार को आयोजित की गई जिसमें वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री वैभव सिंह यादव एवं आरपी सिंह की अध्यक्षता में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह पटेल जो कि वर्तमान में 96 ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जासा बघौरा में सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्त है। जिला अध्यक्ष होने के नाते इनकी संस्तुति पर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी इस प्रकार गठित की गई। संयोजक विपिन कुमार यादव, जिला मंत्री डॉक्टर शिशुपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष महिला संघ प्रीति, अंसार अली, विभा गौतम, शैलेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार शुक्ला, प्रवक्ता हुताशन कुमार, संगठन मंत्री राजकुमार सिंह, संयुक्त मंत्री धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रचार मंत्री देवराज सिंह ने वेलफेयर एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी नियुक्त होने पर जिला अध्यक्ष ने उनको बधाई दी तथा मिले नई जिम्मेदारी को कर्म निष्ठा से निर्वहन करने के लिए बात कही और उनको धन्यवाद दिया।

### चुनार विधायक के फूफा का निधन

**अदलहाट।** पूर्व मंत्री भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह के बहनोई नरायनपुर निवासी एडवोकेट चौधरी लल्लन सिंह 75 वर्ष का शुक्रवार की भोर में असामयिक निधन हो गया। समाजसेवी चौधरी लल्लन सिंह राष्ट्रीय इण्टर कालेज शेरपुर के पूर्व प्रबंधक रहे। इनके बड़े पुत्र प्रशान्त सिंह ने वाराणसी स्थित हरिश्चन्द्र घाट पर पूरे विधि विधान के साथ मुखाग्नि दी। इनके छोटे पुत्र भाजपा नेता प्रभाल सिंह ने बताया कि गुरुवार को देर रात बेचैनी कि शिकायत पर वाराणसी में उपचार के पूर्व ही निधन हो गया। घटना की जानकारी होते ही चुनार विधायक अनुराग सिंह नरायनपुर स्थित आवास पर पहुंच कर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। इसके बाद शव यात्रा के साथ वाराणसी स्थित हरिश्चंद्र घाट पर भी उपस्थिति दर्ज करायी। क्षेत्र के दामोदर शर्मा, चौधरी राकेश सिंह, विमल सिंह, राधेश्याम सिंह आदि तमाम लोगो ने उपस्थित होकर शोक संवेदना प्रकट किया।

### एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण

**हलिया।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को नियमित टीकाकरण को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियुक्त एएनएम को डब्ल्यू एच ओ मानिटर प्रवीण कुमार दूबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नियमित टीकाकरण से संबधित बेसिक जानकारी दिया गया। अनवरत तीन माह तक चलने वाले टीकाकरण में 0 से लेकर 05 वर्ष के बच्चों को टीकाकरण के दौरान सावधानी बरतने सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। बच्चों को कौन सा टीका लगना है लिस्ट तैयार करने डेटा अपलोड करने की जानकारियां दी गईं।

# मतदाता सूची को आधार से लिंक व फीडिंग की कार्रवाई करायें पूर्ण

**मीरजापुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दृष्टिगत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी।



बैठक में शामिल पदाधिकारियों को संबोधित करते एडीएम वित्त

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अर्ह मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिये 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के फार्म 6 को जनपद में नामित डेडिकेटेड ए0ई0आर0ओ0 द्वारा उनके विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले स्कूलों, कालेजों से प्राप्त कर 08.12.2022 तक उसकी फीडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। इस सम्बन्ध में राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किये गये बी0एल0ए0 का भी सहयोग लिया जाय। मतदाता सूची के प्यूरिफिकेशन के सम्बन्ध में मृतक शिफ्टेड एवं डुप्लिकेट मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने हेतु फार्म-7 की कार्यवाही 08.12.2022 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाय। प्रत्येक बी0एल0ओ0 को सूचित कर दिया जाय कि मतदाता सूची में जिस मतदाता का फोटो अस्पष्ट हो उससे पुनः स्पष्ट फोटोग्राफ लेकर मतदाता सूची को अपडेट कर दिया जाय। मतदाता सूची को आधार कार्ड से लिंक किये जाने हेतु फार्म-6बी का कलेक्शन अधिक से अधिक करते हुये उसके फिडिंग की कार्यवाही पूर्ण की जाय। जिन मतदाताओं के मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं है उनसे मोबाईल नम्बर कलेक्ट कर अपडेट किया जाय। बी0एल0ओ0 द्वारा शत प्रतिशत परिवारों का घर-घर जाकर सत्यापन किया जाय तथा किसी भी अर्ह मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित होने से वंचित न रह पाये। अपर जिलाधिकारी ने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से कहा कि जनजातीय समूह, थर्ड जेण्डर के मतदाताओं का चिन्हाकंन कर उनका नाम मतदाता सूची में शत प्रतिशत शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जाय। इस सम्बन्ध में राजनैतिक दलों का भी अपेक्षित सहयोग लिया जाय। अपर जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची को आधार कार्ड से लिंक किये जाने हेतु फार्म सी का कलेक्शन करते हुये अपना सहयोग प्रदान करे। उन्होने कहा कि राजनैतिक दलों के द्वारा प्रत्येक बूथ पर बी0एल0ए0 नियुक्त कर सहयोग प्रदान करें।

### पांच साल से स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। वहीं नगर में पांच वर्ष पूर्व लगे करीब लाखों रुपये के बजट का स्ट्रीट लाइट सिर्फ अपना मुंह निहार रहा है। जोकि इन दिनों सिर्फ प्रदर्शनी की तरह पड़ा हुआ है। खराब सोलर स्ट्रीट लाईट को लेकर नगरवासियों में भारी रोष व्याप्त है। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र में लगे लगभग सभी सोलर स्ट्रीट लाइटों की स्थिति इन दिनों बेहद ही दयनीय है। जोकि किसी स्ट्रीट लाईट का सोलर पैनल खराब है तो किसी का बैटरी ही चोरी हो गई है। जिससे लोगों का कहना है कि स्ट्रीट लाईट सिर्फ और सिर्फ देखने के लिए ही लगा है। सोलर स्ट्रीट लाईट लगने के बाद नगर पंचायत भूल गया है जोकि मरम्मत का कार्य भी मुनासिब नहीं हुआ। वहीं रात्रि के समय में बिजली कटने के बाद नगर में पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। जिससे लोगों को चैन की नींद भी नसीब नहीं हो पा रही हैं। क्योंकि अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी की घटना होने की आशंका का भय लोगों में बना हुआ है। क्षेत्र के अजय, पवन, श्यामजी, अभिषेक, प्रीतम आदि ने अधिशासी अधिकारी से लगे सोलर स्ट्रीट लाईट की मरम्मत कराने का मांग किया है।

## स्पष्ट कारण सहित करें अस्वीकृत आवेदनों का उल्लेख : सीडीओ




बैठक को संबोधित करतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** प्रधानमंत्री मत्स्य आपदा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के विभिन्न योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त अनुमोदन धनराशि के व्यय के सापेक्ष आनलाइन प्राप्त आवेदनों के अनुमोदन के लिये प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गयी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि महुआ एवं मत्स्य पालको की आय को दोगुनी करना एवं कृषि के सकल मूल्य वर्धित एवं निर्यात में मात्यिकीय गतविधियों की हिस्सेदारी बढ़ाना तथा मछुआ एवं मत्स्य पालको सामाजिक, आर्थिक व जोखिम से सुरक्षा प्रदान करना योजना का मुख्य उद्देश्य हैं। उन्होने कहा कि लाभार्थी द्वारा विभागीय पोर्टल पर आनलाइन प्राप्त आवेदनों की गहन सत्यापन कराने के उपरान्त ही पात्र व्यक्तियों का चयन किया जाय। उन्होने कहा कि अस्वीकृत आवेदनों में किन कारणों से अस्वीकृत किया गया है स्पष्ट उल्लेख भी किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों का बैंको के द्वारा लाभार्थी से स्टेटमेंट प्राप्त कर तथा सत्यापन कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि किसी भी स्तर पर गलत लाभार्थी का चयन न किया जाय ताकि पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ मिल सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि गलत चयन पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि आनलाइन आवेदन प्रक्रिया में प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त पर लाभार्थी का सत्यापनोपरान्त चयन किया जाय।

# डीआईजी की पहल ला रही रंग

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर0पी0 सिंह के निर्देशन में परिक्षेत्र के जनपदों में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा माह नवम्बर में 60 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। टूटे परिवार को जोड़ने का काम कर परिवार परामर्श केन्द्र कर रहा है। पति-पत्नी के सम्बन्धों को सुधारने के लिए काउंसलिंग की जा रही।



डीआईजी आरपी सिंह

**सुलह-समझौता**

**एक दूसरे के साथ पुनः साथ रहने को राजी हुए 60 बिछड़े दम्पति**

शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में जनपदों में स्थापित वैवाहिक विवादों में मध्यस्थता हेतु उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं के अनुश्रवण का कार्य महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा किया जा रहा है, एवं परामर्श केन्द्र द्वारा आये हुए दम्पत्तियों की पारिवारिक संबंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने को प्रेरणा दी गयी। जिससे दोनों जोडे.राजी-खुशी के साथ में रहने हेतु तैयार हो गये। माह नवम्बर में मीरजापुर के माध्यम से कुल-27, जनपद सोनभद्र में कुल-11 तथा जनपद भदोही में कुल-22 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर कुल 60 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र के द्वारा अथक प्रयास से मिलाया गया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल मीरजापुर के निर्देशन में रेंज के तीनों जनपदों में परिवार परामर्श केन्द्र में प्रतिदिन अनेको दम्पत्तियों को महिला पुलिस व समाज सेवीजनों द्वारा काउंसलिंग की जा रही है। उनके आपसी मतभेदों को दूर कर आपस मे मिलवाया जा रहा है जिससे उनकी जिन्दगी में दोबारा संतुलन आ जाय।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ, हालत गंभीर

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार खटखरियां निवासी कृपाशंकर ने घरेलू विवाद के चलते घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे राजगढ़ सीएचसी लेकर पहुंचे जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने अन्यत्र रेफर कर दिया। इस घटना से परिजनों में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है। पारिवारिक विवाद एवं वैचारिक मतभेद के साथ साथ नशे की लत के कारण क्षेत्र में आए दिन इस तरह की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं जिसमें क्षेत्र के दर्जनों युवाओं की जान जा रही है। वहीं युवावस्था में युवाओं के गलत कदम उठाने से परिजनों में चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं।

# नगर के दस कूड़ा डम्पिंग स्थल पर बनेगा सेल्फी प्वाइंट

**सफाई अभियान**

**जीवीपी स्थलों की जेसीवी से हुई सफाई**

**पालिकाध्यक्ष ने मातहतों के साथ लगाया झाड़ू**



नगर में सफाई करते नपाध्यक्ष व अधिकारी

**मीरजापुर।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार स्वच्छता के लिए कूड़ा डंपिंग स्थानों पर अब सेल्फी प्वाइंट बनाया जायेगा। नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने सभासद, भाजपा कार्यकताओं विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शास्त्री पुल पर श्रमदान किया। जीवीपी पॉइन्ट प्वाइंट संगमोहाल एवं फलमंडी पर श्रमदान कर महाअभियान की शुभारंभ किया था।

अभियान के तहत शास्त्री पुल स्थित सामुदायिक शौचालय के बगल में जीवीपी पॉइंट पर झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। श्री जायसवाल ने बताया कि आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर सूबे के 75 जनपदों के 750 निकायों में 75 घंटों तक जीवीपी पॉइन्ट की साफ-सफाई कर सेल्फी प्वाइंट बनाने का निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है। इसी आदेश के क्रम में नगर में जीवीपी प्वाइंट पर लगे कूड़े का ढेर का निस्तारण किया जा रहा है। नगर में ऐसे दस जीवीपी प्वाइंट को चिन्हित किया गया है। जिसकी सफाई तीन दिनों के अंदर किया जाना है। नगर के जीवीपी पॉइन्ट संगमोहाल, फलमंडी, बरौंधा एवं मुकेरी बाजार में सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका के जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली अभियान में लगाया गया है। विशेष सफाई के लिए सफाई निरीक्षकों, सफाई नायकों, सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। नपाध्यक्ष ने कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस महा अभियान में नगर के प्रस्तावित दस जीवीपी प्वाइंट से कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है। कूड़ा का निस्तारण करने के बाद उक्त स्थानों पर पौधारोपण कराया जायेगा। अभियान में अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी संजय सिंह, स्वच्छ भारत डीसी हिमांशु केशरवानी, सफाई निरीक्षक नंदकिशोर शर्मा, सफाई नायक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

### कमेंट्री के दौरान ऑस्ट्रेलियाई पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में हुए भर्ती




**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिंकी पोंटिंग को अचानक तबीयत बिगड़ने की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कमेंट्री की दौरान अचानक पोंटिंग की दिल की धड़कन अनियमित हो गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पर्थ में ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे शुक्रवार को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वो कमेंट्री कर रहे थे। इसी दौरान उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई। गौरतलब है कि इस समय वेस्टइंडीज टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर हैं। दोनों टीमों के बीच दो टेस्ट मैच की सीरीज खेली जा रही है। जानकारी के अनुसार, टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच टाइम के बाद रिकी पोंटिंग तीसरे सेशन में कमेंट्री के लिए नहीं आ सके थे।

# ऋतुराज गायकवाड़ के शतक पर शैल्डन जैक्सन ने फेरा पानी, सौराष्ट्र ने दूसरी बार खिताब जीता

## 15 साल बाद सौराष्ट्र ने जीती विजय हजारे ट्रॉफी: फाइनल में महाराष्ट्र को हराया; गायकवाड का नॉकआउट में लगातार तीसरा शतक

**मुंबई।** विजय हजारे ट्रॉफी सीजन 2022-23 के फाइनल में सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को 5 विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। सौराष्ट्र 15 साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी का चैंपियन बना, टीम ने 2007-08 में आखिरी बार खिताब उठाया था। सौराष्ट्र के ओपनर शेल्डन जैकसन ने 136 बॉल पर 133 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।




टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी महाराष्ट्र के ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने लगातार तीसरे नॉकआउट मैच में शतक जड़ा। उन्होंने 131 बॉल पर 108 रन की पारी खेली। वह रन आउट हुए। जिसके बाद महाराष्ट्र पहली पारी के 50 ओवर में 248 रन ही बना सका। सौराष्ट्र ने 46.3 ओवर में ही 249 रन का टारगेट चेज कर लिया। पिछली बार हिमाचल प्रदेश ने विजय हजारे का खिताब जीता था। मुंबई ने इस बार की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती। 13 दिसंबर से रणजी ट्रॉफी के 2022-23 सीजन की शुरूआत होगी। विजय हजारे ट्रॉफी में यह गायकवाड का अब तक का 12वां शतक है। वे इस टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं। उन्होंने कर्नाटक के रॉबिन उथप्पा और महाराष्ट्र के ही अंकित बावने का रिकॉर्ड तोड़ा है। उथप्पा और बावने ने इस टूनामेंट में 11-11 शतक जमाए हैं। फाइनल मुकाबले में सौराष्ट्र के चिराग जानी ने 10 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने अपने एक ओवर में सौरभ नवाले, राजवर्धन हेंगेरकर और विक्की ओस्तवाल को लगातार 3 गेंदों पर आउट कर हैट्रिक पूरी की। इस तरह महाराष्ट्र की टीम पहली पारी में बोर्ड पर बड़ा स्कोर नहीं बना सकी।

विजय हजारे ट्रॉफी के 2022-23 सीजन में सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनाडकट ने 10 मैचों में 19 विकेट लिए। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। कर्नाटक के वासुकी कौशिक 9 मैच में 18 विकेट लेकर दूसरे नंबर हैं।

### ऋतुराज ने विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में लगाया शतक



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ आजकल जबरदस्त फार्म में हैं। ऋतुराज ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में सौराष्ट्र के खिलाफ शानदार शतक लगाया है। यह ऋतुराज का इस टूनार्मेंट में चौथा शतक है। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में दोहरा शतक और सेमीफाइनल में शतक लगाया था। आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की ओर से खेलने वाले ऋतुराज विजय हजारे ट्रॉफी में कप्तानी पारी खेलते दिखे हैं। उन्होंने फाइनल में 131 गेंदों पर 108 रन बनाए। इस बल्लेबाज ने इस टूनार्मेंट के 5 मैचों में 220.00 की औसत से कुल 660 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 220 रन रहा है। इसी के साथ ही विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में ऋतुराज शीर्ष पर पहुंच गए हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी के इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। इस सूची में तमिलनाडु के बल्लेबाज एन जगदीशन हैं ने पांच शतक के साथ ही 8 मैचों में कुल 830 रन बनाए हैं। ऋतुराज के शतक से महाराष्ट्र ने खिताबी मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 248 रन बनाए। ऋतुराज ने अपनी शतकीय पारी में 131 गेंदों पर 7 चौके और 4 छक्के लगाए। वहीं अजीम काजी ने 37 रन जबकि सत्यजीत ने 27 रन बनाये ।वहीं सौराष्ट्र की ओर से चिराग जानी ने हैट्रिक सहित लगाकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

### आईपीएल नीलामी 23 दिसंबर को कुल 991 खिलाड़ी शामिल, 87 खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी




**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट 2023 के लिए से इसी माह 23 दिसंबर को निलामी होगी। इसके लिए शामिल कुल 991 खिलाड़ियों में से 714 भारत के और 277 विदेशी खिलाड़ी हैं। 14 देशों के इन विदेशी खिलाड़ियों में स्कॉटलैंड और नाबीमिया के खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसमें हैरानी की बात है कि दो करोड़ के आधारमूल्य वाले सभी 21 खिलाड़ी विदेशी हैं। नीलामी के लिए अजिंक्य रहाणे और मयंक अग्रवाल ने भी अपने नाम दिये हैं। विदेशी खिलाड़ियों में से सबसे ज्यादा 57 क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया के हैं। वही दूसरे नंबर पर 52 खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के हैं। इस सूची में वेस्टइंडीज के 33 इंग्लैंड के 31 न्यूजीलैंड के 27 श्रीलंका के 23 अफगानिस्तान के 14 आयरलैंड के के आठ नीदरलैंड के सात बांग्लादेश के छह यूएई के भी छह जिम्बाब्वे के छह नामीबिया के पांच और स्कॉटलैंड के दो खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि अगर हर फ्रेंचाइजी में अधिकतम 25 खिलाड़ियों को शामिल करती है तो नीलामी में कुल 87 खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी। इसमें 30 विदेशी खिलाड़ी भी रहेंगे। खिलाड़ियों की सूची में 185 कैप्ड अनुभवी जबकि 786 गैरअनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा एसोसिएट देशों के भी 20 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इस सूची में 604 गैर अनुभवी खिलाड़ी भारतीय जबकि बाकि विदेशी हैं। वहीं इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन दो करोड़ रुपये बेस प्राइस वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं जबकि न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन भी इसी कीमत पर रखे गये हैं। वहीं अन्य खिलाड़ी हैं।

# ड्वेन ब्रावो ने आईपीएल से संन्यास के बाद लिखा इमोशनल पोस्ट, कही दिल छू लेनी वाली बात

## 2011 में जुड़े से चेन्नई सुपर किंग्स से

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने इंडियन प्रीमियर लीग से एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास ले लिया है। शुक्रवार को अपने प्रशंसकों के साथ एक दिल छू लेने वाला संदेश साझा किया। ब्रावो ने कहा कि वह नए गेंदबाजों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। ब्रावो को चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करने वाली फ्रेंचाइजी के गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया गया है।



उन्होंने कहा, सबसे कठिन टी20 लीग में 15 साल खेलने के बाद, मैं आज घोषणा करता हूं कि मैं अब आईपीएल में हिस्सा नहीं लूंगा। यह काफी उतार-चढ़ाव वाला सफर रहा है। साथ ही, मैं आभारी हूं। पिछले 15 वर्षों से आईपीएल का हिस्सा बनने के लिए। मुझे पता है कि यह मेरे लिए, मेरे परिवार और सबसे महत्वपूर्ण मेरे प्रशंसकों के लिए एक दुखद दिन है, लेकिन साथ ही, मैं चाहता हूं कि हम सभी पिछले 15 वर्षों में मेरे करियर का जश्न मनाएं। ब्रावो ने इस्टग्राम पर लिखा, जैसा कि मैं आगे बढ़ने और अपने गेंदबाजी बूट को उतारने के लिए तैयार हो गया हूं, मैं अपने प्रशंसकों को बताना चाहूंगा कि मैं अपनी कोचिंग कैप लगाने के लिए उत्सुक हूं। मैं सीएसके में युवा गेंदबाजों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। इस नए अवसर के बारे में उत्साहित हूं, मेरा अनुभव अब अगली पीढ़ी को चैंपियन बनाने में मदद करेगा। वर्षों से सभी प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। ब्रावो 2011 से चेन्नई सुपर किंग्स का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। वह 2011, 2018 और 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स की आईपीएल जीत और 2014 में चैंपियंस लीग टी20 जीत का हिस्सा थे। वह पर्पल जीतने वाले पहले खिलाड़ी भी थे। एक आईपीएल सीजन में दो बार (2013 और 2015) में सर्वाधिक विकेट लेने का कैप उनके नाम रहा था।ब्रावो ने कुल मिलाकर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 144 मैच खेले हैं, जिसमें 168 विकेट लिए हैं और 1556 रन बनाए हैं।

### नेहरा ने उमरान को सराहा केवल टी20 खेलने नहीं आया



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने न्यूजीलैंड सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक की जमकर प्रशंसा की है। उमरान ने इस सीरीज में में 3 विकेट लिए थे।

नेहरा ने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि उन्होंने केवल इस दौरे में ही बेहतर किया हो। उसने पहले भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। उमरान की खासियत उसकी रफ्तार है। वह सिर्फ 4 ओवर फेंकने वाला खिलाड़ी नहीं है। उसने अभी टी20 करियर की शुरूआत की है. मैंने उसे 16 20 ओवर तक तेज गति से गेंदबाजी करते हुए देखा है। वह उन खिलाड़ियों में से नहीं है जो सिर्फ टी20 क्रिकेट खेलने आये हैं। नेहरा ने साथ ही कहा हमने देखा है कि टी20 क्रिकेट किस तरह से आगे बढ़ा है। बहुत से खिलाड़ी टी20 क्रिकेट खेलने के लिए बेसब्र हैं। ऐसे में जितना उमरान को अवसर मिलेंगे वह उतना ही बेहतर होगा। उसने पुरानी गेंद के साथ भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं यह देखना होगा कि नई गेंद से वह कैसी गेंद करते हैं और टीम प्रबंधन उनका कैसे उपयोग करती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भविष्य में सभी की नजरें इस तेज गेंदबाज पर रहेंगी। उमरान ने आईपीएल के पिछले सत्र में अपनी तेज गति से सबका ध्यान खींच था पर इसके बाद वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के कारण टीम से बाहर हो गये थे।

# हरमनप्रीत की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

*मेघना अंजलि देविका शामिल*

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मास्टरकार्ड टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम घोषित कर दी है। बीसीसीआई ने भारतीय महिला टीम के 15 सदस्यों की घोषणा कर दी है। हरमनप्रीत टीम की कप्तानी करेंगी जबकि स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम 9 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी।

अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने पांच मैचों की इस मास्टरकार्ड टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन किया है।



महिला टीम की ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर चोट के कारण इस टी20 सीरीज से बाहर हो गई हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान जारी कर इसकी घोषणा की। वहीं मेघना सिंह अंजलि सरवानी देविका वैद्य जैसी युवा खिलाड़ियों को टीम में जगह दी गई है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारत की टीमः

हरमनप्रीत कौर (कप्तान) स्मृति मंधाना (उप-कप्तान) शैफाली वर्मा यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर) जेमिमा रोड्रिग्स दीप्ति शर्मा राधा यादव राजेश्वरी गायकवाड़ रेणुका सिंह ठाकुर मेघना सिंह अंजलि सरवानी देविका वैद्य एस मेघना ऋचा घोष (विकेटकीपर) हरलीन देओल

नेट गेंदबाज - मोनिका पटेल अरुंधति रेड्डी एसबी पोखरकर सिमरन बहादुर

इस सीरीज के पहले दो मैच डॉ. डी वाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में होंगे जबकि बाकी तीन मैच ब्रेबोर्न स्टेडियम में होंगे। इस सीरीज का पहला टी20 मैच 9 दिसंबर शुक्रवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा 11 दिसंबर रविवार को डीवाई पाटिल और तीसरा 14 दिसंबर बुधवार सीसीआई में चौथा टी20 17 दिसंबर शनिवार को सीसीआई में और पांचवां 20 दिसंबर मंगलवार को सीसीआई स्टेडियम में खेला जाएगा।

### ऋतुराज होंगे धोनी के उत्तराधिकारी : हसी



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइकल हसी ने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के लिए महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जमकर प्रशंसा की है। हसी ने इस दौरान यह भी संकेत दिये कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अगले कप्तान ऋतुराज हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऋतुराज सीएसके टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के उत्तराधिकारी इसलिए बन सकते हैं क्योंकि दोनो के ही बीच कई प्रकार की समानताएं हैं। इस बल्लेबाज ने धोनी के साथ मिलकर काम किया है। हसी ने भी धोनी की कप्तानी में खेला है। ऋतुराज ने आईपीएल 2021 में ऑरेंज कैप जीतकर सभी का ध्यान खींचा था। उन्होंने साल 2022 संस्करण में भी अच्छा प्रदर्शन किया। हसी के अनुसार ऋतुराज की अन्य खिलाड़ियों से चीजों को बहुत जल्दी लेने की एक अच्छी आदत है और उन्होंने सीएसके के कप्तान के कामकाज को भी काफी करीब से देखा है। हंसी ने कहा वह जाहिर तौर पर धोनी को काफी करीब से देखते हैं और उनके बारे में दूसरी प्रभावशाली बात यह है कि वह उन चीजों को चुन लेता है जो अन्य खिलाड़ी इतनी जल्दी नहीं उठाते। वह अपने बल पर बना क्रिकेटर हैं और इसलिए वह अन्य खिलाड़ियों से नई चीजें सीखने के प्रयास करता है।

### विराट के पास पोंटिंग का रिकार्ड तोड़ने का अवसर




**ढाका।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की नजरें बांग्लादेश दौरें में 72वें शतक पर रहेंगी। विराट यह शतक लगाकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ना चाहेंगे। भारत और बांग्लादेश की एकदिवसीय सीरीज रविवार से शुरू होने वाली है। इस दौरे में तीन टेस्ट ओर दो एकदिवसीय खेले जाने हैं। ऐसे में बांग्लादेश सीरीज में वह अपना 72वां अंतरराष्ट्रीय शतक बनाकर रिकी पोंटिंग के आंकड़े को पार करने का प्रयास करेंगे। विराट अगर बांग्लादेश दौरे पर एक शतक और बना देते हैं तो वह पोंटिंग के 71 अंतर्राष्ट्रीय शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे। इस प्रकार वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतकों के मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे नंबर पर आ जाएंगे। सचिन के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक हैं। उन्हें इस दौरे पर अपना 72वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने की उम्मीद रहेगी। विराट पिछले काफी समय से फॉर्म में नहीं थे पर उन्होंने एशिया कप से फार्म वापस हासिल कर दिया था। अफगानिस्तान के खिलाफ लगाया शतक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका 71वां शतक और उनका पहला टी20 शतक था। इसी के साथ ही उन्होंने पोंटिंग के रिकार्ड की 71 शतक बराबरी रक ली थी।

# एशिया कप को लेकर रमीज राजा की नई धमकी, न्यूट्रल वेन्यू पर खेला गया तो नहीं खेलेगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है, लेकिन अक्टूबर में बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि यह न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित करने की योजना है, क्योंकि टीम इंडिया, पाकिस्तान जाकर नहीं खेलेगी। उस बयान के बाद से इसको लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। बीसीसीआइ के उस बयान पर पीसीबी की तरफ से तब प्रतिक्रिया आई थी कि अगर टीम इंडिया नहीं जाएगी तो वह भी अगले साल भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेंगे। आपको बता दें कि 2023 वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत के पास है। अब इस पूरे विवाद पर पीसीबी चीफ रमीज राजा ने एक और प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि बतौर मेजबान पाकिस्तान टीम को भी अधिकार है कि वह इसमें न खेले, यदि यह न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट किया जाता है। उन्होंने प्रेस से बात करते हुए कहा कि एशियन क्रिकेट काउंसिल ने हमें एशिया कप की मेजबानी दी है और इंडिया कहता है, हम नहीं आएंगे। मैं मान सकता हूं, उनकी एक पॉलटिकल समस्या है, तो नहीं आए, लेकिन एशिया कप हमसे लेकर न्यूट्रल वेन्यू पर जाना, ये नहीं होने वाला है।ঢ় जब किसी ने पूछा कि क्या होगा, यदि श्रीलंका और बांग्लादेश ने भी खेलने से मना कर दिया तो उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान भी नहीं खेलेगा यदि यह न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट किया गया। आपको बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच बाइलेटरल सीरीज 2005-06 से बंद है। तब से लेकर आज तक दोनों टीमें केवल आइसीसी इवेंट में ही एक साथ खेलती है। लेकिन अब जब एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, तो इस बात को लेकर चर्चा तेज हो गई है कि भारतीय टीम, पाकिस्तान जाकर खेलेगी या फिर इसे भी न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट किया जाएगा।



### पहली बार 2 करोड़ के आधारमूल्य में कोई भारतीय खिलाड़ी नहीं

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सत्र के लिए होने वाली नीलामी में पहली बार भारतीय खिलाड़ियों को दो करोड़ रुपये के आधारमूल्य वाले स्लैब में जगह नहीं मिली है। मिनी ऑक्शन के लिए 991 खिलाड़ियों में से 21 खिलाड़ियों ने अपना आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये रखा है। हैरानी की बात यह है कि 2 करोड़ के बेस प्राइस में किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने अपना नाम नहीं भेजा है। ऐसा आईपीएल इतिहास में पहली बार हुआ है।

आईपीएल के आगामी सीजन के लिए जिन 21 खिलाड़ियों ने अपने आधारमूल्य 2 करोड़ रुपये रखे हैं वे सभी विदेशी खिलाड़ी हैं। इस सूची में सैम करेन इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व कप्तान केन विलयम्सन और विंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन आदि शामिल है।



### चार बार की चैम्पियन जर्मनी वर्ल्ड कप से बाहर, स्पेन-जापान प्री-क्वार्टर फाइनल में

# बंद हुआ नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार का शोर, अब 4 दिसंबर को मतदान पर रहेगा जोर

## चार दिसंबर को सुबह आठ बजे मतदान शुरू होगा, शाम पांच बजे तक चलेगा आयोग ने मतदान केंद्रों पर मतदान से संबंधित सामग्री पहुंचानी शुरू कर दी



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार अभियान का शोर शुक्रवार शाम पांच बजे बंद हो गया है। अब चार दिसंबर को ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इस पर जोर राजनीतिक दलों का रहेगा। इसलिए पर्ची देने और मतदाताओं से पहचान के बहाने राजनीतिक दल के कार्यकर्ता जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। वहीं, चुनाव में मतदान के दिन कार्यकर्ताओं की ड्यूटी कहां लगेगी इसके लिए राजनीतिक दल और प्रत्याशी पूरी रुपरेखा बना रहे हैं। मतदान केंद्रों से पहले पार्टी टेबल लगाने के साथ मतदाताओं को पर्ची उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी रहेगी। वहीं, राज्य चुनाव आयोग ने विभिन्न माध्यमों से दिल्ली में प्रचार करके मतदाताओं से मतदान की अपील में जुटा हुआ है। दिल्ली नगर निगम चुनाव की आचार संहिता चार नवंबर को लागू हुई थी, जबकि सात नवंबर को चुनाव अधिसूचना के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। 14 नवंबर तक चली नामांकन की प्रक्रिया और नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 1439 प्रत्याशियों ने अपना-अपना प्रचार कर जनता से वोट की अपील की। चूंकि चार दिसंबर को मतदान होना है इसलिए दो दिन पहले नियमानुसार चुनाव प्रचार बंद हो गया है। अब जनता अपने प्रत्याशियों के प्रचार, चरित्र तमाम पहलुओं का आकलन कर मतदान का निर्णय लेगी। चार दिसंबर को सुबह आठ बजे मतदान शुरू होगा, जो कि शाम पांच बजे तक चलेगा। अब आयोग ने मतदान केंद्रों पर मतदान से संबंधित सामग्री पहुंचानी शुरू कर दी है। वहीं, मतदान केंद्रों में टेंट और मतदाताओं को दी जानी वाली सुविधाओं की व्यवस्था करना शुरू कर दिया है। दिल्ली नगर निगम चुनाव में वह मतदाता हिस्सा ले सकते हैं, जिन्होंने 14 नवंबर तक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा लिया था। अगर, किसी नागरिक को अपने मतदान केंद्र के पते की जानकारी नहीं है तो निगम की हेल्पलाइन के साथ मोबाइल ऐप, वॉट्सऐप और एसएमएस से मतदान केंद्र की जानकारी ले सकते हैं। राज्य चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सहूलियत के लिए दिल्ली निगम चुनाव मोबाइल ऐप भी बनाया है। जो कि एंड्रॉइड और आइओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। आयोग के अनुसार, यहां पर न केवल प्रत्याशियों का हलफनामे के साथ अपने मतदान केंद्र की जानकारी भी देख सकते हैं। इतना ही नहीं, मतदाता सूची में अपना नाम है या नहीं और मतदान केंद्र कहां पर इसकी भी जानकारी मोबाइल ऐप पर मिल जाएगी। नागरिक आयोग की हेल्पलाइन 23999999 पर भी काल कर सकते हैं। **एजेंसी**

### ईडी ने चेन्नई मुंबई और दिल्ली में 16 ठिकानों पर छापेमारी की

नई दिल्ली। ईडी ने मनी लॉड्रिंग मामले शुक्रवार को फिर बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने पीएमएलए के तहत चेन्नई मुंबई और दिल्ली में 16 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने सिक्योरक्लाउड टेक लिमिटेड प्रो फिन कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड क्वांटम ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड यूनिटी ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड डेजर्ट रिवर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रमोटरों के कार्यालय और आवासीय परिसर की तलाशी ली है। मामले में ईडी द्वारा मारे गए छापों में 1.04 करोड़ रुपये नकद सोने और हीरे के आभूषण मिले हैं इतना ही नहीं 30 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्तियों का खुलासा हुआ है। ईडी ने इसी के साथ विभिन्न डीमैट खातों में अन्य चल संपत्ति के साथ-साथ आपत्तिजनक दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों को जब्त किया है। बता दें कि ईडी को पीएमएलए जांच से पता चला कि इन शेयर ब्रोकरेज और वित्तीय सेवा कंपनियों के निदेशकों और लाभार्थी मालिकों ने 160 करोड़ रुपये के शेयरों को ऑफ-मार्केट में स्थानांतरित कर बेच दिया है।

### 'सिगरेट से जलाया और सालों तक की मारपीट', एक्स-गर्लफ्रेंड सोमी अली का सलमान खान पर आरोप



नई दिल्ली। बॉलीवुड में काम कर चुकी एक्ट्रेस सोमी अली एक बार फिर सुर्खियों में छा गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक बार फिर सलमान खान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमी ने अपनी और सलमान की एक पुरानी तस्वीर शेयर करके कुछ लिखा और फिर इसे डिलीट कर दिया। तो आखिर ऐसा क्या इस पोस्ट में आइए जानते हैं...।

एक दौर था जब सलमान खान और सोमी अली की नजदीकियों के चर्चे आम थे। हालांकि ये रिश्ता लंबा नहीं चल पाया और इनका ब्रेकअप हो गया। रिश्ता खत्म होने के काफी बाद सोमी ने सलमान खान पर आरोप लगाने शुरू कर दिए। अब तो सोशल मीडिया पर वो अक्सर ही सलमान को घेरती हैं। हाल ही में सोमी अली ने सलमान खान के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की, जिसमें एक्टर उन्हें गुलाब देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा- अभी बहुत कुछ होने वाला है। मेरे शो को भारत में बैन कर दिया गया और फिर वकीलों ने मुझे धमकाया, तुम कायर आदमी हो। यहां मुझे प्रोटेक्ट करने के लिए 50 वकील खड़े हो जाएंगे, जो मुझे सिगरेट से जलने और फिजिकल अब्यूज से बचाएंगे, जो तुमने मेरे साथ सालों तक किया है। **एजेंसी**

## खास खबर

### अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम सूची से नहीं हटाए : कर्नाटक सीएम

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से नहीं हटाए हैं। उन्होंने आरोपों को खारिज कर दिया कि अनौपचारिक सर्वेक्षण में अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। बोम्मई ने कहा राज्य चुनाव आयोग ने मामले का संज्ञान लेकर उसकी निगरानी में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम शुरू किया गया है। केंद्र और राज्य चुनाव आयोग दोनों ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। अगर इस तरह की शिकायतें हैं तब अधिकारियों द्वारा जांच की जानी चाहिए। अवैध रूप से मतदाताओं को मतदाता सूची में भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा इस तरह के मतदाता हैं जिनके पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं। उनके नाम चुनाव आयोग द्वारा हटने चाहिए। मतदान शक्ति के प्रयोग का अधिकार योग्य मतदाता के लिए होना चाहिए और प्रक्रिया की निगरानी आयोग द्वारा की जानी चाहिए।

### भारत-बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा से तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बंगाल में भारत-बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 66 सोने के बिस्किट बरामद किए गए हैं इसकी कीमत साढ़े 4 करोड़ से ज्यादा है। ये बिस्किट एक ट्रक में छुपाकर बांग्लादेश से भारत लाए गए थे। बीएसएफ ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पेट्रापोल गांव में जवानों ने बांग्लादेश से लौट रहे एक ट्रक को रोककर छानबीन की। तलाशी के दौरान ट्रक में छिपाए गए 8311.61 ग्राम वजन के 66 सोने के बिस्किट और 2 सोने के क्यूब बरामद किए हैं। इनकी कीमत 45497753 आंकी गई है। इस पूरी कार्यवाही को बीएसएफ की 145वीं पेट्रापोल बटालियन ने अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक ये बिस्कुट एक ट्रक में छुपाकर बांग्लादेश से भारत लाए गए थे।

## वैज्ञानिक नंबी नारायणन को फंसाने वाले 4 आरोपियों को झटका

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को पलटा



नई दिल्ली। इसरो जासूसी कांड में केरल हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पा चुके चार आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 1994 के इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन जासूसी मामले में वैज्ञानिक नंबी नारायणन को कथित रूप से फंसाने के मामले में एक पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सहित चार व्यक्तियों को अग्रिम जमानत देने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एम आर शाह और जस्टिस सी टी रविकुमार की पीठ ने मामले को हाईकोर्ट को वापस भेजकर इस मुद्दे पर चार सप्ताह के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा ये सभी अपीलें स्वीकार की जाती हैं। उच्च न्यायालय द्वारा पारित अग्रिम जमानत देने के आदेश को रद्द किया जाता है। सभी मामलों को उच्च न्यायालय को वापस भेजा जाता है ताकि वह उनके गुणदोष के आधार पर नए सिरे से फैसला कर सके। इस अदालत ने किसी भी पक्ष के लिए गुणदोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा अंततः हाईकोर्ट को ही आदेश पारित करना है। हम उच्च न्यायालय से अनुरोध करते हैं कि वह इस आदेश की तारीख से चार सप्ताह के भीतर अग्रिम जमानत याचिकाओं पर जल्द से जल्द फैसला करे। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री को आज से एक सप्ताह के भीतर संबंधित पीठ के समक्ष जमानत याचिकाओं को अधिसूचित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा हालांकि तब तक अंतरिम व्यवस्था के तहत और अधिकारियों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना यह निर्देश दिया जाता है कि पांच सप्ताह की अवधि के लिए और जब तक कि उच्च न्यायालय द्वारा जमानत अर्जियों पर हिरासत के संबंध में अंतिम फैसला नहीं किया जाता प्रतिवादियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है जो कि जांच में सहयोग के अधीन होगा।

### राष्ट्रपति ने ओडिया अभिनेत्री झरना दास के निधन पर शोक जताया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिया फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री झरना दास के निधन पर शोक प्रकट कर कहा कि ओडिया फिल्म जगत में योगदान के लिए दिग्गज अभिनेत्री को हमेशा याद किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया ओडिया फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री झरना दास के निधन की जानकारी मिलने से दुखी हूं। ओडिया फिल्म उद्योग में योगदान के लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा इस दुख शोक संतप्त परिवार एवं उनके शुभचिंतकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। गौरतलब है कि मशहूर अभिनेत्री झरना दास का कटक में उनके आवास पर निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। झरना दास 77 वर्ष की थीं। ओडिया फिल्म उद्योग में अपने योगदान के लिए राज्य सरकार के प्रतिष्ठित जयदेव पुरस्कार से सम्मानित दास वृद्धावस्था से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थीं। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि गुरुवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। 1945 में जन्मी दास ने 60 के दशक में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और श्री जगन्नाथ नारी आदिनमेघ हिसाबनिकस पूजाफुला अमादबता अभिनेत्री मलजान्हा और हीरा नैला जैसी ऐतिहासिक फिल्मों में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कार जीते।

## सर्दी बढ़ने के साथ दिल्ली में और जहरीली हुई हवा बिहार और यूपी में भी बढ़ा वायु प्रदूषण

### देश की राजधानी दिल्ली में वायु की गुणवत्ता में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा



नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में वायु की गुणवत्ता में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। दिल्लीवासी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। दिल्ली में जैसे-जैसे तापमान में कमी दर्ज की जा रही है वैसे-वैसे ही प्रदूषण का खतरा भी बढ़ रहा है। दिल्ली में ज्यादातर इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। जबकि कल गुरुवार को कुछ स्थानों पर एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की मानें तो दिल्ली के आनंदविहार इलाके में सुबह 8 बजे के करीब एक्यूआई 382 दर्ज किया गया। वहीं आईजीआई एयरपोर्ट पर एक्यूआई 329 दर्ज किया गया। आईटीओ पर एक्यूआई 379 दर्ज किया गया। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में है। यहां सुबह 8 बजे के करीब एक्यूआई 402 दर्ज किया गया।

दिल्ली की तरह ही गाजियाबाद और नोएडा में ही हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई है। नोएडा के सेक्टर 116 स्टेशन पर एक्यूआई 342 दर्ज किया गया। वहीं सेक्टर 1 में एक्यूआई 307 दर्ज किया गया। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर 62 पर एक्यूआई 377 दर्ज किया। वहीं अगर गाजियाबाद की बात करें तो यहां के इंदिरापुरम स्टेशन पर एक्यूआई 267 दर्ज किया गया। लोनी इलाके में एक्यूआई 319 दर्ज किया गया। वसुंधरा इलाके में एक्यूआई 345 दर्ज किया गया।

उत्तर प्रदेश के ज्यादातर शहरों में प्रदूषण का स्तर परेशान करने वाला नहीं है। यहां हवा जहरीली नहीं है। यूपी के आगरा में ज्यादातर इलाकों में हवा संतोषजनक या तो मध्यम श्रेणी में है। वहीं बरेली में भी एक्यूआई डराने वाला नहीं है। बरेली के सिविल लाइंस एरिया में एक्यूआई 127 और राजेंद्र नगर में एक्यूआई 182 दर्ज किया गया। हालांकि यूपी की राजधानी लखनऊ में कुछ इलाकों पर एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। बिहार की बात करें तो यहां हाल दिल्ली जैसा ही है। बल्कि बिहार के कुछ इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया है। बिहार की राजधानी पटना की बात करें तो यहां के डीआरएम ऑफिस इलाके में एक्यूआई 343 दर्ज किया गया। वहीं कटिहार में एक्यूआई 363 दर्ज किया गया। मोतिहारी में एक्यूआई 293 दर्ज किया गया। मोतिहारी में एक्यूआई 293 दर्ज किया गया। वहीं सहरसा में एक्यूआई 345 दर्ज किया गया। जबकि बेगुसराय में एक्यूआई 404 दर्ज किया गया। बता दें कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा 51 से 100 के बीच को संतोषजनक 101 से 200 को मध्यम 201 से 300 को खराब 301 से 400 को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर माना जाता है। हवा की गुणवत्ता बेहतर होने के साथ ही ग्रैप के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंध भी हटा दिए गए हैं।

## प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ के सीएम के डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया को किया गिरफ्तार, कोर्ट में पेशी

### प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट के मामले में सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया गया



रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लान्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया। बता दें कि सौम्या चौरसिया छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कार्यालय में डिप्टी सेक्रेटरी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। प्रवर्तन निदेशालय ने सौम्या चौरसिया के लेकर 10 दिन की रिमांड मांगी है।

बता दें कि प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट के मामले में सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया गया है। रिमांड मांगने पर बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि लगातार जानकारी लेने के लिए बुला रहे हैं। अब पूछताछ करने को क्या बाकी रह गया जो रिमांड पर लेना चाहते है। फिलहाल कोर्ट में अभी भी सुनवाई चल रही है। बता दें सौम्या चौरसिया को एऊ की टीम गिरफ्तार करने के बाद अस्पताल में जांच कराने ले गई थी, जिसके बाद कोर्ट में पेश किया। बता दें कि छत्तीसगढ़ में कोयला परिवहन घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव सौम्या चौरसिया तथा रायगढ़ की कलेक्टर आइएएस रानू साहू को गिरफ्तार किया है। दोनों को मेडिकल चेकअप के लिए यहां आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। अभी उन्हें ईडी की विशेष अदालत में पेश करने की तैयारी चल रही है। एऊ यहां 500 करोड़ रुपए के कोयला परिवहन घोटाले की जांच कर रही है।

## पंजाब में भाजपा ने चला बड़ा दांव, कैप्टन अमरिंदर, सुनील जाखड़ और जयवीर शेरगिल को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

### अमरिंदर और जाखड़ बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य



नई दिल्ली। पंजाब में भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। भाजपा ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और पूर्व सांसद सुनील जाखड़ को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। वहीं, जयवीर शेरगिल को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। बता दें कि कांग्रेस नेता जयवीर शेरगिल ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे अपने त्याग पत्र में शेरगिल ने कई सवाल भी उठाए थे। उन्होंने इस्तीफे में लिखा था कि मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि निर्णय लेना अब जनता और देश के हितों के लिए नहीं है, बल्कि वह उन लोगों के स्वार्थी हितों से प्रभावित है, जो चाटुकारिता में लिप्त हैं और लगातार जमीनी हकीकत की अनदेखी कर रहे हैं। शेरगिल ने इस्तीफे में लिखा कि प्राथमिक कारण यह है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वर्तमान निर्णय निर्माताओं की विचारधारा और दूरदृष्टि अब युवाओं और आधुनिक भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि निर्णय लेना अब जनता और देश के हित के लिए नहीं है। मैं नैतिक रूप से इसे स्वीकार नहीं कर सकता।

**कांग्रेस पार्टी का पक्ष रखते थे जयवीर शेरगिल**

बता दें कि 39 वर्षीय जयवीर शेरगिल भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पेशे से वकील हैं और कांग्रेस के प्रवक्ता के तौर पर पार्टी का पक्ष टीवी चैनलों पर होने वाली बहस में रखते रहे हैं। वह पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सबसे कम उम्र के प्रवक्ताओं में से एक हैं और पंजाब के लिए कांग्रेस लीगल सेल के सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी रहे हैं। उन्होंने दो साल 2008-09 की अवधि के लिए इंटरनेशनल बार एसोसिएशन के लिए यंग इंडिया प्रतिनिधि के रूप में भी काम किया है।

## जेपी नड्डा की अध्यक्षता में सोमवार से होगी बीजेपी के पदाधिकारियों की बैठक

### आगामी चुनावों को लेकर होगा मंथन



नई दिल्ली। गुजरात में सोमवार को विधानसभा चुनाव 2022 के लिए दूसरे चरण का मतदान होगा। गुजरात में चुनाव समाप्ती के साथ ही, भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनावों समेत सभी आगामी चुनावों के मद्देनजर दिल्ली में पार्टी की दो दिवसीय बैठक होने जा रही है। सोमवार से शुरू होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। पीटीआई के मुताबिक, इस बैठक में पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा सभी राज्यों के प्रभारी और सह प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेशों के संगठन महामंत्री भी हिस्सा लेंगे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। उनके मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बैठक के समापन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर सकते हैं। बैठक में मंडल, बूथ समितियों से लेकर विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। बताया जा रहा है कि, जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विभिन्न संगठनात्मक कार्यों का जायजा लिया जाएगा। साथ ही लोगों तक पहुंचने के एजेंडे पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसमें वैश्विक मंदी के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि और जी -20 प्रेसीडेंसी को शामिल करने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक, बैठक में लोकसभा चुनावों के लिए संगठनात्मक गतिविधियों के अलावा, त्रिपुरा और कर्नाटक समेत कुछ अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक की चर्चा में शामिल हो सकते हैं।

## कांग्रेस का दावा पहले चरण की 89 में से 55 सीटों पर हमारी जीत होगी

### गुजरात विधानसभा चुनाव का पहला चरण पूर्ण, 5 दिसंबर को दूसरे दौर का मतदान होगा



अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव का पहला चरण पूर्ण हो चुका है और 5 दिसंबर को दूसरे दौर का मतदान होगा। उससे पहले कांग्रेस ने गुजरात में अपनी सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि पहले चरण की 89 सीटों में से 55 सीटों पर कांग्रेस जीतेगी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेडा और आलोक शर्मा ने गुजरात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव गांधी भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में दावा किया कि हमारा आंकलन स्पष्ट है। पहले चरण के मतदान में कांग्रेस 55 सीटों पर जीत दर्ज करेगी और भाजपा हारेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 30 से 35 चुनावी रैलियां करना पड़ रहा है जो दर्शाता है कि भाजपा चुनाव में बुरी तरह हार रही है उन्होंने कहा कि आदिवासी इलाकों में बम्पर मतदान हुआ है और वहां भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। राज्य के शहरी क्षेत्रों में कांग्रेस को भरपूर वोट मिले हैं भाजपा के असंतुष्ट नेताओं का फायदा कांग्रेस मिला है क्योंकि इन नेताओं ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान कराया है बीती रात अमित शाह को नींद नहीं आई जिसकी वजह से उनकी आंखें लाल हो गई हैं। इतना ही नहीं अमित शाह ने भाजपा नेताओं की क्लास लगाई दो कांग्रेस प्रवक्ताओं ने दावा किया कि गुजरात में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। वहीं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्रसिंह हुड्डा ने पत्रकार परिषद में कहा कि गुजरात और हरियाणा का पुराना संबंध है। डबल इंजन सरकार के राज में महंगाई भ्रष्टाचार और बेरोजगारी बड़ी उपलब्धि है मैं किसानों का नेता हूं जो उनका दर्द समझता हूं गुजरात के किसानों में उदासीनता साफ नजर आ रही है। किसान मजदूर सभी अंतुष्ट नजर आ रहे हैं। भाजपा सरकार में किसानों को पर्याप्त एमएसपी नहीं मिल रही है जिसके लिए किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है गुजरात के पहले चरण के चुनाव में किसानों ने कांग्रेस को वोट देकर साफ कर दिया है कि वह सरकार बदलना चाहते हैं हुड्डा ने भी दावा किया कि गुजरात में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। गुजरात में 22 पेपर लीक हुए और हरियाणा में 26 पेपर लीक हुए। उन्होंने कहा कि गुजरात का यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है देश को गुजरात ने रास्ता दिखाया है और पूरा देश गुजरात की ओर देख रहा है। **एजेंसी**


### लादेन के बेटे का खुलासा उसके कुत्तों पर रासायनिक हथियारों का प्रशिक्षण किया

काबुल। मार जा चुके आतंकी ओसामा बिन लादेन के बेटों में से एक ने दावा किया है कि उसके पिता उसे अपने नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रशिक्षित कर रहा था। अफगानिस्तान में उसके युवा अवस्था के दौरान बंदूक चलाने और रासायनिक हथियारों का परीक्षण करने के लिए अपने कुत्तों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार कर रहा था। लादेन के चौथे बेटे उमर ने दावा किया कि वह शिकार था और उसने अपने पिता के साथ बुरे समय को भूलने की कोशिश की है। 41 वर्षीय फ्रांस के नॉर्मंडी में पत्नी जैना के साथ रहने वाले उमर ने लादेन को याद करते हुए कहता है कि वह उनके (ओसामा) काम को आगे बढ़ाने के लिए चुना गया बेटा था। हालांकि उन्होंने न्यूयॉर्क में 11 सितंबर के आतंकवादी हमलों से कुछ महीने पहले अप्रैल 2001 में अफगानिस्तान छोड़ने का विकल्प चुना। उमर ने कहा कि मैंने अलविदा कहा।



बीजिंग में कोरोना संक्रमण को देखते हुए फेस मास्क लगाये चीन का एक पुलिसकर्मी लोगों पर नजर रखते हुए।


सेंसेक्स
सेंसेक्स 415.69 अंक नीचे आकर 62868.50 अंक पर


सोना
473 रुपये की बढ़कर 54195 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 415.69 अंक नीचे आकर 62868.50 अंक पर



**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। इसी के साथ ही गत दिनों से जारी उसकी तेजी पर अंकुश लग गया। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार रिकार्ड तेजी पर बंद हुआ था। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली से भी बाजार नीचे आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 415.69 अंक करीब 0.66 फीसदी नीचे आकर 62868.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान यह 604.56 अंक तक गिरा था। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टर्क एक्सचेंज का निफ्टी भी 116.40 अंक तकरीबन 0.62 फीसदी नीचे आकर 18696.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा हिंदुस्तान यूनिलीवर मारुति नेस्ले इंडिया एचडीएफसी एशियन पेंट्स बजाज फाइनेंस और पावरग्रिड के शेयर मुख्य रूप से गिरे। वहीं दूसरी ओर टाटा स्टील डॉ. रेड्डीज टेक महिंद्रा इंडसइंड बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर लाभ में रहे। एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी जापान का निक्की चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। इसके अलावा यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट रही। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट नीचे आया। बाजार जानकारों के अनुसार दुनिया भर के बाजारों में हुए नुकसान और मुनाफावसूली से बाजार गिरा है। वाहन शेयरों में भी गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.13 फीसदी नीचे आकर गिरावट के साथ 86.77 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट हुई। इससे पहले घरेलू शेयर बाजारों में आठ दिन तक तेजी का रुख था। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 305.61 अंक गिरकर 62978.58 पर आ गया। व्यापक एनएसई निफ्टी 79.65 अंक टूटकर 18732.85 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में हिंदुस्तान यूनिलीवर मारुति अल्ट्राटेक सीमेंट महिंद्रा एंड महिंद्रा एशियन पेंट्स तथा नेस्ले गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर टाटा स्टील टेक महिंद्रा इंडसइंड बैंक रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी में बढ़त हुई। पिछले कारोबारी सत्र में बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 184.54 अंक चढ़कर 63284.19 अंक पर पहुंच गया जो इसका नया रिकार्ड है। इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी 54.15 अंक की बढ़त के 18812.50 अंक पर बंद हुआ था।

## सोने और चांदी में तेजी



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई है। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 473 रुपये की बढ़कर 54195 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं गत सत्र में में सोना 53722 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं चांदी में भी तेजी आई है और ये 1216 रुपये बढ़कर 66064 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची। जानकारों के अनुसार मुद्रास्फीति के नीचे आने और डॉलर इंडेक्स के कमजोर होने और घरेलू मांग बढ़ने से भी सोने में यह उछाल आया है। वहीं दूसरी ओर अंतराष्ट्रीय बाजार में सोना लाभ के साथ 1801.25 डॉलर प्रति औंस और चांदी तेजी के साथ 22.73 डॉलर प्रति औंस पहुंच गयी।

## टेलीकॉलिंग सबसे लोकप्रिय नौकरी बनी हुई



**नई दिल्ली।** एक पेशेवर के कैरियर विकास को न केवल उनकी तकनीकी और विश्लेषणात्मक क्षमताओं से परिभाषित किया जाता है, बल्कि वर्षों में विकसित सॉफ्ट स्किल्स द्वारा भी परिभाषित किया जाता है, भले ही वे किसी भी क्षेत्र में काम करने के लिए चुनते हों। भारत की प्रमुख नौकरियों और पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म, अपना डॉट को ने हाल ही में अपने नियोक्ता आधार के साथ बात की ताकि वे एक महत्वपूर्ण कौशल को समझ सकें जो वे काम पर रखते समय देखते हैं और संचार शीर्ष के रूप में उभरा। यह सुझाव देने के लिए अनुभवजन्य साक्ष्य हैं कि भूमिका के बावजूद व्यक्तियों के कैरियर की प्रगति में संचार कौशल की बहुत बड़ी भूमिका होती है और कंपनी के सीईओ से लेकर कर्मचारियों तक सभी के लिए इसकी आवश्यकता होती है। एक ऐसा क्षेत्र जो एक पेशेवर में संचार को बेहतर बनाने और चमकाने में मदद करता है, वह है 'टेलीकॉलिंग/टेलीकम्युनिकेशन' जिसे अब स्वयं एक कौशल के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। वास्तव में, केवल पिछले एक वर्ष में टेलीकॉलिंग की भूमिका के लिए आवेदन करने वाले पेशेवरों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। अपना डॉट को के मुताबिक, टेलीकॉलिंग एक्जीक्यूटिव की भूमिका के लिए नौकरी के आवेदनों में 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। उपयोगकर्ताओं से प्राप्त आवेदनों में, 42 प्रतिशत महिलाओं का भारी बहुमत था। दिलचस्प बात यह है कि लगभग 61 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने वर्क-फ्रॉम-होम टेलीकॉलिंग जॉब का विकल्प चुना, जिसे इस तरह की जॉब ऑफर के लचीलेपन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जबकि कार्यालय फिर से खुलने लगे हैं। 1990 के दशक में आईटी बूम के बाद टेलीकॉलिंग जॉब भारत में एक आकर्षक करियर विकल्प बन गया, जब कुछ सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और फॉर्च्यून 500 कंपनियों ने भारत में अपना काम आउटसोर्स करना शुरू कर दिया।

## रुपया गिरावट के साथ 81.35 पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया गिरा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 81.35 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। माना जा रहा है कि विदेशी पूंजी की निकासी बढ़ने के कारण भी निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित हुई है जिससे रुपया गिरा है। इसके अलावा रुपये में ये गिरावट घरेलू बाजारों के नीचे आने के साथ ही कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से आयी है।

सुबह रुपया 81.11 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपये का लाभ समाप्त हो गया और कारोबार के अंत में यह नौ पैसे की गिरावट दिखाते हुए 81.35 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 81.08 के उच्चस्तर और 81.35 के निचले स्तर तक पहुंचा। वहीं गत सत्र में रुपया चार पैसे की तेजी के साथ 81.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की कमजोरी या मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ 104.53 पर आ गया।

## आईएमएफ ने एशियाई देशों को चेतावनी देते हुए कहा- बढ़ रहा महंगाई का दबाव

*विकास दर 2 फीसदी से नीचे गिरने की संभावना*



**वाशिंगटन।** एशिया के देशों में लगातार बढ़ते हुए महंगाई का दबाव को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने चेतावनी देते हुए कहा कि एशिया के देशों में महंगाई का दबाव बढ़ रहा है। जिससे वैश्विक विकास दर 2 फीसदी से नीचे गिरने की संभावना है। आखिरी बार इसी तरह के दबाव को कोविड-19 महामारी और 2009 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान देखा गया था। एशियाई देशों में महंगाई का दबाव बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के धीमे होने के कारण बढ़ रहा है। क्रिस्टालिना ने ये बात ऐसे समय में कही है जब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के परिणामों से जूझ रही हैं जिसने खाद्य और ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि के साथ-साथ बढ़ती महंगाई और चीन में मंदी को जन्म दिया है। 2023 के लिए फंड की हालिया अपेक्षाओं का जिक्र करते हुए रॉयटर्स नेक्स्ट कॉन्फ्रेंस में जॉर्जीवा ने कहा कि चिंतित हैं यह कहते हुए कि चीन में धीमी वृद्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह चिंताजनक है कि दुनिया में विकास की संभावना अभी भी धीमी हो रही है जो 2 फीसदी से नीचे गिरने की संभावना चार में से एक थी। उन्होंने कहा कि जब हम सबसे हालिया संकेतकों को देखते हैं तो हम चिंतित हैं कि वैश्विक विकास दर गिरने की संभावना थोड़ी और बढ़ सकती है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को उम्मीद है कि इस साल या अगले साल वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक तिहाई से अधिक सिकुड़ जाएगा यूएस यूरोपीय संघ और चीन ठप हो जाएगा। यूएस में रोप और चीन में एक साथ मंदी के बारे में भी सबसे बड़ी दूसरी अर्थव्यवस्था का विस्तार से आने वाले लगभग 35 फीसदी 40 फीसदी वैश्विक विकास को बढ़ावा देने के लिए चीन पर भरोसा किया है। आईएमएफ जनवरी में अपने आर्थिक दृष्टिकोण पर एक अपडेट देने के लिए तैयार है और यह वार्ता के लिए अगले सप्ताह चीन का दौरा करने वाले प्रमुख वैश्विक संस्थानों में से एक है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2020 में 3.3 फीसदी और 2009 में 1.3 फीसदी की गिरावट आई है।

## वार्डविज़ार्ड की बिक्री नवंबर में बढ़कर 7123 इकाई हुई

**नई दिल्ली।** ई-बाइक की विनिर्माता वार्डविजार्ड इनोवेशन्स एंड मोबिलिटी की बिक्री इस वर्ष नवंबर में सालाना आधार पर दोगुनी से अधिक बढ़कर 7123 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले वर्ष नवंबर में 3290 वाहन बेचे थे। जॉय ई-बाइक बनाने वाली इस कंपनी के पिछले महीने के बिक्री आंकड़ों के हिसाब से यह कंपनी का अब तक का सबसे अच्छा मासिक प्रदर्शन है। वार्डविजार्ड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक यतिन गुप्ते ने एक बयान में कहा कि बाजार में लगातार विस्तार हो रहा है तथा आपूर्ति श्रृंखला भी बेहतर हुई है जिससे हम अधिकाधिक ग्राहकों तक पहुंच पा रहे हैं। हमने बिक्री के एक और बड़े पड़ाव को पा लिया है।

उन्होंने कहा कि ग्राहकों का अपनी आवागमन की दैनिक जरूरतों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुझान बढ़ रहा है। कंपनी को उम्मीद है कि आगामी महीनों में भी बिक्री की रफ्तार बरकरार रहेगी।

## इस महीने बढ़ सकती हैं बैंक की ब्याज दरें




**नई दिल्ली।** इस महीने दिसंबर में पैसे से जुड़े कुछ बदलाव होने वाले हैं। इस महीने जहां डिजिटल रुपए का पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो चुका है वहीं कार लोन और पर्सनल लोन की ब्याज दरें भी बढ़ सकती है। दरअसल दिसंबर में ही भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक होगी। बैठक में रेपो रेट में बढ़ोतरी ऐलान हो सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक ने एक दिसंबर से बैलेंस अलर्ट मैसेज सर्विस को बंद कर दिया है। जिन ग्राहकों को किसी पैकेज के तहत मैसेज अलर्ट सर्विस मिल रही है तो वह अब 1 दिसंबर से नहीं मिलेगी। हालांकि अगर पैकेज का सब्सक्रिप्शन टाइम बचा हुआ है मैसेज का अलर्ट पैकेज समाप्त होने तक मिलता रहेगा। बैंक ने यह निर्णय मैसेज के द्वारा साइबर क्रिमिनल द्वारा ग्राहकों के साथ की जा रही धोखाधड़ी को देखते हुए लिया है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक 7 दिसंबर को होने वाली है। बैठक में आरबीआई रेपो रेट में बढ़ोतरी कर सकता है।

## नागर विमानन ने ड्रोन पीएलआई के परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए


**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय ने ड्रोन एवं ड्रोन कलपुर्जों से संबंधित उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के लिए परिचालन दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकार ने इस क्षेत्र के लिए 120 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ पीएलआई योजना को मंजूरी दी है और यह योजना 2022-23 से 2024-25 की अवधि के दौरान लागू की जानी है। मंत्रालय ने 29 नवंबर को कहा था कि उद्योग के प्रतिनिधियों समेत हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करके दिशा-निर्देश तय कर लिए गए हैं। इस योजना का लाभ केवल उन कंपनियों को ही मिल पाएगा जो भारत में ड्रोन और ड्रोन घटकों के विनिर्माण का काम करती हैं। प्रति विनिर्माता कुल पीएलआई अधिकतम 30 करोड़ रुपए है जो कुल वित्तीय परिव्यय का 25 फीसदी है। ड्रोन विनिर्माण करने वाले एमएसएमई क्षेत्र के वे उपक्रम और स्टार्टअप जिनका वार्षिक बिक्री कारोबार दो करोड़ रुपए है वे इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

## ओडिशा में एस्सार कैपिटल 52000 करोड़ निवेश करेगी



**भुवनेश्वर।** एस्सार कैपिटल ने ओडिशा में लगभग 52000 करोड़ रुपए के निवेश से कई परियोजनाएं स्थापित करने की योजना की घोषणा की। कंपनी के निदेशक प्रशांत रुइया ने यहां मेक इन ओडिशा सम्मेलन 2022 के दौरान कहा कि ओडिशा में 12000 करोड़ रुपए के निवेश से एक पैलेट परिसर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 40000 करोड़ रुपए के निवेश से एक पेट्रोकेमिकल परिसर भी ओडिशा में लगाने की कंपनी की योजना है। यह परिसर किसी अंतरराष्ट्रीय कंपनी के साथ मिलकर स्थापित किया जाएगा। इस्पात क्षेत्र की कंपनी टाटा स्टील ने भी ओडिशा में निवेश करने की दिलचस्पी दिखाई। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी टीवी नरेंद्रन ने कहा कि ओडिशा में अब तक 75000 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी टाटा समूह की कंपनी आगे भी यहां निवेश करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में टाटा स्टील ने ओडिशा के कलिंगनगर में अपना संयंत्र लगाने के अलावा नीलाचल इस्पात संयंत्र जैसी इकाइयों का अधिग्रहण भी किया है। इस बीच ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 1500 करोड़ रुपये के निवेश से प्रस्तावित स्टेनलेस स्टील पार्क की आधारशिला रखी।

## दुनिया भर के देशों को बाजार से 25 फीसदी सस्ता मिलेगा रूस से क्रूड ऑयल



**ब्रसेल्स।** रूस से आने वाला कच्चा तेल या क्रूड ऑयल बाजार से करीब 25 फीसदी सस्ता मिलेगा? यदि यूरोपीय संघ (ईयू) की चली तो ऐसा ही होगा। खबर है कि यूरोपीय संघ रूस से आने वाले कच्चा तेल पर 60 डॉलर प्रति बैरल मूल्य की सीमा तय करने की तैयारी कर रहा है। इस कदम का उद्देश्य वैश्विक बाजारों में रूस से आने वाली तेल की सप्लाई जारी रखने के साथ ही यूक्रेन युद्ध के लिए धन जुटाने की राष्ट्रीय व्लादिमीर पुतिन की क्षमता को कमजोर करना है।

यूरोपीय संघ के राजनयिकों ने इस हालिया प्रस्ताव की पुष्टि की है। तेल की कम कीमत तय करने के लिए सोमवार की समयसीमा निर्धारित की गई है। रूस के कच्चे तेल के दाम इस हफ्ते 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे चले गए थे। अब यूरोपीय संघ के इसकी सीमा 60 डॉलर प्रति बैरल तय करने पर यह मौजूदा दाम के आसपास ही होगी। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का दाम गुरुवार को 87 डॉलर प्रति बैरल था। एक अधिकारी ने बताया कि कच्चे तेल के दामों पर लगाम लगाना युद्ध को जल्द खत्म करने में मददगार साबित होगा। यदि दाम की सीमा तय नहीं की जाती है तो यह रूस के लिए फायदे वाली बात होगी। दरअसल रूस के लिए कच्चा तेल आमदनी जुटाने का एक बड़ा स्रोत है। निर्यात पाबंदियों समेत कई अन्य प्रतिबंधों के बावजूद रूस की अर्थव्यवस्था इसी के बूते मजबूत बनी हुई है। इस समय रूस प्रतिदिन करीब 50 लाख बैरल तेल का निर्यात करता है। तेल के दाम पर लगाम नहीं लगाने का वैश्विक तेल आपूर्ति पर बड़ा बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा यदि रूस तेल का निर्यात रोक देता है तो दुनियाभर में ऊर्जा की कीमतें आसमान छूने लगेंगी। हालांकि रूसी राष्ट्रपति पुतिन पहले कह चुके हैं कि वह दाम की सीमा तय होने पर क्रूड ऑयल नहीं बेचेंगे।

## मर्सिडीज-बेंज ने बहुप्रतीक्षित जीएलबी एवं ईक्यूबी लग्जरी 7-सीटर एसयूवी पेश कीं



**पुणे।** देश के सबसे बड़े लग्जरी कार निर्माता, मर्सिडीज-बेंज ने आज दो नए लग्जरी एसयूवी, जीएलबी और ईक्यूबी लॉन्च कर-के अपना लग्जरी एसयूव पोर्टफोलियो मजबूत किया। ऐसा पहली बार हुआ है जब मर्सिडीज-बेंज ने भारतीय बाजार के लिए एक पेट्रोल (जीएलबी 200), एक डीजल (जीएलबी 220डी, जीएलबी 220डी 4एम) और एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईक्यूबी 300) एक साथ लॉन्च किया है। ये विशाल बहुउपयोगी सात-सीटर एसयूवी बड़े न्यूक्लियर परिवारों पर केंद्रित हैं, जो अपनी चुस्त जीवनशैली और गतिशील जरूरतों के लिए ज्यादा स्पेस चाहते हैं। जीएलबी और ईक्यूबी एसयूवी के साथ मर्सिडीज-बेंज के पास भारत में किसी भी कार निर्माता के लिए सबसे विशाल एसयूवी पोर्टफोलियो है, जिसमें लग्जरी सेगमेंट में जीएलए से लेकर टॉप-एंड लग्जरी सेगमेंट में जीएलएस मेबैक शामिल है। मेड इन इंडिया मर्सिडीज-बेंज ईक्यूएस 580 4मैटिक को ग्राहकों से मिली बेहतरीन प्रतिक्रिया के बाद, ईक्यूबी इस साल लॉन्च किया गया तीसरा ऑल-इलेक्ट्रिक वाहन है। बहुउपयोगी, स्टाइलिश और पर्यावरण के लिए मित्रवत ईक्यूबी से अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में इलेक्ट्रिफिकेशन की ओर मर्सिडीज की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। जीएलबी में बहुउपयोगिता और गतिशीलता के साथ एसयूवी की विशिष्ट छवि प्रदर्शित होती है। जीएलबी का आकर्षक डिजाइन, लचीली सीटिंग पोजिशन, लैगस्पेस, और लोड कंपार्टमेंट के कारण यह दैनिक उपयोग के लिए अत्यधिक व्यवहारिक एसयूवी है। इसके अलावा, इसके शक्तिशाली अनुपात और ऑफ-रोड क्षमताएं मिड-साईज 7-सीटर लग्जरी एसयूव के लिए बहुत ही प्रभावशाली प्रयोजिशन प्रदान करती हैं, जो युवा और चुस्त भारतीय परिवार चाहते हैं। इन एसयूवी का लॉन्च करते हुए मार्टिन श्वेंक, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा, हम 2022 का समापन दो बहुउपयोगी 7-सीटर एसयूवी जीएलबी और ईक्यूबी की प्रस्तुति के साथ करने के लिए उत्साहित हैं। ये दोनों एसयूवी बहुउपयोगी, विशाल और बड़े न्यूक्लियर परिवारों के लिए उत्तम हैं, जिन्हें प्रि-टीस और पेट्स के लिए अतिरिक्त स्पेस और सीटों की जरूरत होती है। इसमें 7 लोग तक बैठ सकते हैं, और स्पेस के विभिन्न कॉन्फिगरेशन बनाए जा सकते हैं, साथ ही बीहड़ रास्तों से भी आसानी से गुजरा जा सकता है। *एजेंसी*

## संक्षेप

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने आवासीय परियोजना के लिए मुंबई में खरीदी 18.6 एकड़ भूमि

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने महंगी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए मुंबई के कांदिवली में 18.6 एकड़ भूमि खरीदी है। कंपनी को उम्मीद है कि इस परियोजना से उसे 7000 करोड़ रुपये का बिक्री राजस्व प्राप्त होगा। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजारों को बताया कि इस परियोजना में 37.2 लाख वर्गफुट क्षेत्र विकसित करने की संभावना है और लगभग 7000 करोड़ रुपये का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद है। इस परियोजना में मुख्य रूप से महंगे आवासीय अपार्टमेंट और आवश्यक खुदरा क्षेत्र होंगे। यह कंपनी की सबसे बड़ी आवासीय परियोजनाओं में से एक होगी और मुंबई के पश्चिमी उपनगरों में कंपनी की मौजूदगी को मजबूती करेगी। कंपनी ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में यह उसकी आठवीं परियोजना है और इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में जोड़ी गई कई परियोजनाओं के जरिए उसका कुल बुकिंग मूल्य लगभग 16500 करोड़ रुपये है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा इस परियोजना से अगले कुछ वर्षों में मुंबई के बाजार में हमारी हिस्सेदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजारों में अपनी पैठ बढ़ाने की हमारी रणनीति के अनुरूप है।

### लाइन ने नए उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की

**नई दिल्ली।** लाइन ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स की अपनी आकर्षक और उच्च श्रेणी की रेंज में नए उत्पादों को जारी करने की घोषणा की है। ये नए गैजेट लाइन के मौजूदा गैजेट्स के अतिरिक्त हैं, जिसमें नेकबैंड, स्पीकर, हेडफोन, डेटा केबल, पावर बैंक आदि जैसी 10 विभिन्न श्रेणियाँ शामिल हैं। डिस्ट्रीब्यूटर्स और कस्टमर्स ने हमारी ओरिजिनल प्रोडक्ट सीरीज पर जैसी प्रतिक्रिया दी, यह देखने के बाद हम प्रोडक्ट्स की इस नई सीरीज को पेश करने के लिए उत्साहित थे। हमारी प्राथमिकता कस्टमर्स की जरूरतों को सुनना और समझना था, और साथ ही यह सुनिश्चित करना भी था कि क्वालिटी, किफायत और डिजाइन के हमारे महत्वपूर्ण उद्देश्य और स्टैंडर्ड हमेशा बना रहे। मीत विज ने कहा। उन्होंने आगे बताया, हमने यह भी देखा कि वायरलेस प्रोडक्ट्स अब आम हो गए हैं, फिर भी बहुत से प्रोडक्ट्स में ज्यादातर कनेक्टिविटी की परेशानी आती है। अपने नए प्रोडक्ट्स के साथ, हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे कंज्यूमर्स को बेहतर एक्सपीरियंस मिले और उन्हें इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। लाइन देश भर में अपने ग्राहकों को एक अद्भुत अनुभव और उत्पाद प्रदान करके निरंतर विकास को बनाए रखने के लिए उत्सुक है। जुलाई 2022 में लॉन्च हुआ, लाइन एक मोबाइल एक्सेसरीज और गैजेट्स ब्रांड है जो किफायती मूल्य पर प्रीमियम-गुणवत्ता, डिजाइन-केंद्रित उत्पाद प्रदान करता है। इसकी स्थापना मीत विज ने अपने पिता नवीन विज और चाचा परेश विज के साथ मिलकर की थी। ब्रांड अपने ग्राहकों को एक विशिष्ट और बेजोड़ गुणवत्ता और डिजाइन के साथ मोबाइल सहायक एसेसरीज और गैजेट्स देने का वादा करता है।।

### एसीवाईवी डॉट एआई ने एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** एआई-पावर्ड एंटरप्राइज एसएएएस प्लेटफॉर्म एसीवाईवी डॉट एआई ने देश में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक, एक्सिस बैंक के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी एमएसएमई ग्राहकों को सप्लाई चेन फाइनेंसिंग प्रदान करने के लिहाज से की गई है। इस साझेदारी के तहत कॉर्पोरेट एंकर, डाउनस्ट्रीम डीलर और व्यापारिक भागीदार बैंक के सप्लाई चेन फाइनेंसिंग सॉल्यूशंस का लाभ उठा सकते हैं। एसीवाईवी डॉट एआई के फाउंडर और ग्लोबल सीईओ रघु सुब्रमण्यन ने कहा, भारत में छोटे और मध्यम उद्यमों को अक्सर स्थायी ऋण प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी में हम एसीवाईवी डॉट एआई पर एमएसएमई ग्राहकों तक पहुंचने के लिए अपनी टैक्नोलॉजी का लाभ उठाने का लक्ष्य रखते हैं। हमें यकीन है कि हमारा डिजिटल प्लेटफॉर्म, टैक्नोलॉजी टूल्स तक पहुंच और किफायती ऋण इस सेगमेंट के विकास को और तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा। वर्तमान दौर में सप्लाई चेन ईकोसिस्टम में डिजिटल परिवर्तन पर पूरी तरह फोकस किया गया है, जिसमें आवश्यक टैक्नोलॉजी, डेटा-संचालित निर्णय लेने और बेहतर ग्राहक अनुभव पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है।

### ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और फ्रेंच चीज निर्माता बेल ग्रुप ने संयुक्त उपक्रम बनाया

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी फूड कंपनी, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीआईएल) और मशहूर फ्रेंच चीज निर्माता एवं हैल्दी स्नैकिंग की दिग्गज कंपनी, बेल ने घोषणा की है कि उन्होंने भारतीय उपभोक्ताओं को पोषणयुक्त, स्वादिष्ट और आसानी से उपलब्ध चीज उत्पाद प्रदान करने के लिए एक संयुक्त उपक्रम बनाया है। ब्रिटानिया की पूर्ण अधिग्रहीत सब्सिडियरी बीडीपीएल (ब्रिटानिया डेयरी प्राईवेट लिमिटेड) में बेल 49 प्रतिशत अंश हासिल करेगा। इसके बाद इस इकाई का नाम ब्रिटानिया बेल फूड्स प्राईवेट लिमिटेड रख दिया जाएगा। फिर चीज उत्पाद इस संयुक्त उपक्रम की रंजनगाँव, महाराष्ट्र में स्थित नई व अत्याधुनिक प्लांट में बनाए जाएंगे। यह प्लांट क्षेत्र में स्थानीय किसानों से दूध एकत्रित करने के लिए बैकवर्ड-इंटीग्रेटेड है। यहाँ बनाए जाने वाले उत्पादों को ब्रिटानिया और द लॉफिंग काउ ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर को-ब्रांड किया जाएगा और देश में तेजी से बढ़ती हुई चीज की श्रेणी का लाभ उठाने के लिए इनोवेटिव फॉर्मेट्स में प्रस्तुत किया जाएगा। इस संयुक्त उपक्रम का सीईओ अभिषेक सिन्हा, चीफ बिजनेस ऑफिसर, डेयरी बिजनेस, ब्रिटानिया को बनाया गया है। इस संयुक्त उपक्रम में बेल ग्रुप की सदियों पुरानी विरासत और प्रतिष्ठित ग्लोबल ब्रांड, द लॉफिंग काउ के तहत इनोवेटिव एवं स्वादिष्ट चीज उत्पाद प्रदान करने के ज्ञान के साथ ब्रिटानिया के भरोसे, गुणवत्ता, और वितरण नेटवर्क एवं भारतीय बाजार के ज्ञान का मिलन हुआ है, ताकि देश में चीज उद्योग का विस्तार हो सके। संयुक्त उपक्रम में बेल ग्रुप और ब्रिटानिया मिलकर दोनों कंपनियों की सामरिक सहभागिता की मदद से भारत में नए विकसित चीज बाजार में तेजी लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ परिस्थितियों का निर्माण करेंगे। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के पास संयुक्त उपक्रम कंपनी में 51 प्रतिशत अंश होगा, जबकि बेल ग्रुप के पास 49 प्रतिशत अंश होगा।

### मोएट हेनेसी इंडिया अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के विकास में अल्कोहल और सिपरिट्स सेक्टर का अहम योगदान है। इस प्रकार मोएट हेनेसी इंडिया, देश में महानगरीय शहरों से परे अपने उपभोक्ता आधार का विस्तार करने के लिए तत्पर है। मोएट हेनेसी इंडिया ने मुंबई, बैंगलोर, दिल्ली जैसे महानगरों में एक्सपेरिएंशियल स्टोर्स और लिकर लाउंज के माध्यम से अपनी मजबूत उपस्थिति की पेशकश की है, और हाल ही में चंडीगढ़ में भी अपने ब्रांड का सफल लॉन्च किया है। इसे प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मोएट हेनेसी इंडिया अब नवाबों के शहर उत्तर प्रदेश, लखनऊ में अपने रिटेल फुटप्रिंट का विस्तार कर रहा है, जो कि राज्य का सबसे बड़ा शहर है। बड़ी संख्या में शहर के उपभोक्ता इसे विविध व्यवसायों के केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। लखनऊ के समग्र विकास के लिए यह व्यवसाय गुणकारी सिद्ध हो रहा है। इसके परिणाम के रूप में उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव देखने को मिले है, जो न सिर्फ बेहतर जीवन शैली प्रदान करता है, बल्कि उन्नत उपभोक्ता की पसंद को भी दर्शाता है। अब उपभोक्ता जागरूक हैं और बढ़ती डिस्पोजेबल आय के साथ विविध ग्लोबल ट्रेंड्स को देखते हुए विकसित विकल्पों और प्रीमियम ब्रांड्स को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में नवाबों के शहर में मोएट हेनेसी की शुरूआत इस तेजी से बढ़ते बाजार में व्यापक विस्तार को प्रोत्साहित करेगी। भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में हाई क्वालिटी स्पिरिट्स प्रदान करने के उद्देश्य से बाजार में मोएट हेनेसी के प्रीमियम ब्रांड्स की उपलब्धता होगी। इसमें 'चंदन', जो नासिक में बनाई गई एक पुरस्कार विजेता स्पार्कलिंग वाइन है, सिंगल माल्ट 'ग्लेनमोरंगी', जैसा कि इसकी टैगलाइन से स्पष्ट है कि यह अद्भुत और खातिर है और मास्टर राई डिस्टिलर्स द्वारा तैयार किया गया एक अल्ट्रा-प्रीमियम वोदका 'बेल्वेडेर' शामिल है।

# नगर निकाय चुनाव की वार्डवार प्रस्तावित आरक्षण सूची जारी

**तैयारी**

### सात दिसबंर तक माँगी गयी आपत्तियां

जनसंदेश न्यूज



प्राथमिक विद्यालय ठकुरा पर बने बूथ का निरीक्षण करते इओ जी लाल व बीईओ चंद्रशेखर

**ज्ञानपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनपदवासियों को सूचित किया गया कि जनपद भदोही की समस्त नगर पालिका परिषदों,नगर पंचायतों में स्थानों को अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गो एवं महिलाओं के लिए आरक्षित आवंटित करने हेतु उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा-9-क की उपधारा-5 के खण्ड-3 की व्यवस्थानुसार आपत्तियॉ प्राप्त करने की दृष्टि से वार्डवार आरक्षण सूची प्रकाशित किया गया है। आरक्षण सूची के सम्बन्ध में यदि किसी को आपत्तियां व सुझाव देना हो तो जिलाधिकारी भदोही को संबोधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से, सात दिवस के भीतर अर्थात सात दिसम्बर तक लिखित रूप में प्रस्तुत करें। केवल उन्हीं आपत्तियों पर विचार किया जाएगा जो निर्धारित अवधि के भीतर जिलाधिकारी कार्यालय में प्राप्त होगी।

वार्डवार जारी आरक्षण सूची अधिसूचना जिलाधिकारी कार्यालय तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के सूचना पट्ट पर अवलोकनार्थ चस्पा कर दिया गया है। अधिसूचना के सम्बन्ध में प्राप्त आपत्तियों पर निर्धारित अवधि समाप्त होने के अगले दिवस को आपत्तियों पर सम्यक विचार कर उनका युक्तयुक्ति निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए आख्या व प्रस्ताव शासन को प्रेषित कर दिया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय ठकुरा पर बने बूथ सहित नगर के कई बूथों का निरीक्षण ईओ जी लाल व बीईओ चंद्रशेखर ने किया।

## समाज के वंचितों व ट्रांसजेंडर लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं : एडीएम

**ज्ञानपुर।** विधानसभा मतदाता सूची से संबंधित राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समाज के वंचित लोगों और ट्रांसजेंडर लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु पार्टी पदाधिकारियों व जिम्मेदार लोगों से अपील किया।

उन्होंने कहा कि मत देने का अधिकार सभी को है और इसी अधिकार के क्रम में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वंचित लोग और ट्रांसजेंडर लोगों को भी मतदाता सूची में शामिल करते हुए उन्हें भी मताधिकार की प्रक्रिया में शामिल शामिल किया जाए, तभी भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्य व लक्ष्यों की प्राप्ति हो सकेगी। बैठक में निर्वाचन कार्यालय से कुमुद श्रीवास्तव, विकास सिंह, वाहिद, हिंचलाल सहित राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी व सम्मानित गण उपस्थित रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर लोगों को किया गया जागरूक

**जागरूक**

### प्रतिमा नर्सिंग कॉलेज इन्द्रामिल चौराहा से निकाली गयी जागरूकता रैली

जनसंदेश न्यूज



प्रतिमा नर्सिंग कॉलेज की छात्र-छात्राएं जागरूकता रैली निकालते हुए

**भदोही।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रतिमा नर्सिंग कालेज इन्द्रामिल चौराहा पर भदोही के छात्र छात्राओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भदोही में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा नाटक एवं एड्स विषय सम्बन्धित चित्र के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भदोही में उपस्थित लोगो को एड्स के प्रति जागरुक किया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमरनाथ ने विश्व एड्स दिवस पर लक्षण एवं इसके बचाव से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि एड्स छूआछूत की बीमारी नहीं है, यह संकमित जनित रोग है, इसका उपाय एवं जानकारी ही बचाव है। कालेज की प्रिंसिपल ज्योति द्विवेदी ने विश्व एड्स दिवस पर बचाव से अवगत कराते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति एड्स से संकमित है, तो वह खान-पान अच्छे दिनचर्या से अपने को लम्बे समय तक स्वस्थ्य रख सकता है एवं कार्यक्रम एवं रैली को सफल बनाने एवं प्रशासनिक सहायता के लिए भदोही कोतवाली प्रभारी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर कालेज के प्रबंधक दिनेश पाल, शिव सागर पाण्डेय, विनय मौर्य, विवेक पाठक एवं शिक्षक मनीषा मिश्रा, गुन्जा राय, शिवानी पाण्डेय, कल्पना वर्मा, स्वाति सिंह, प्रतिमा दुबे गुलिस्ता, सूर्य प्रकाश मौर्य, उमूल वरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भदोही के सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# मासिक बैठक में बसपा ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

**भदोही।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान मासिक बैठक शुक्रवार को कैम्प कार्यालय 392 विधानसभा भदोही मे सम्पन्न हुई।बैठक में हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश व मुख्य सेक्टर प्रभारी मिजार्पुर मण्डल कमला शंकर भारती ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला व निकाय चुनाव में पूरी ताकत के कार्यकताओं को मेहनत करने का निर्देश दिया। मुख्य अतिथि ने कहा की 2024 मे होने वाले लोकसभा आम चुनाव तथा नगर मे होने वाले नगर निकाय के चुनाव के मद्देनजर भाजपा केवल फर्जी शिलान्यास कर रही है आज उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार मे जनता महगांई,भ्रष्टाचार, गुण्डागर्दी, से त्रस्त है आज प्रदेश की दुर्दशा देखकर प्रदेश की जनता बहन कुमारी मायावती के शासन काल को याद कर रही हैं, जो गुण्डे माफिया बसपा सरकार मे जेलो मे बन्द रहते थे आज वही गुण्डे गेस्ट हाउस में ऐश कर रहे है। बसपा सरकार की योजनाओं को भाजपा भी काग्रेस के नक्शे कदम चलते हुए अपने नामों से फर्जी शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे है। आज न तो किसान सुरक्षित, न ही व्यापारी सुरक्षित है मजदूर और नौजवान बदहाल है सरकारी संस्थान प्राइवेट सेक्टर के हाथो बेच दे रहे है लेकिन बसपा सरकार मे बिना भेदभाव के सबका सम्मान, सबको रोजगार,सबको शिक्षा, दंगा मुक्त विकास युक्त, शिक्षा युक्त बसपा की सरकार बनाने का प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है, हमारी कार्यकताओं से अपील है जिले की नगर पालिका परिषद भदोही के सभासद व चेयरमैन की सीटे जीतना है कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है , सभी धर्म जाती मजहब, के लोगो का हित बसपा मे सुरक्षित है।

इस मौके पर शमीम अंसारी, इरफान अंसारी, रतनलाल यादव, सलाहूद्दीन अंसारी, डाक्टर राजेश कुमार, समर जीत पासी, डाक्टर चन्द्रेश मौर्य, रायचन्द गौतम, मनोज कुमार गौतम, योगेश कुमार, सदलू गौतम, सभाजीत पासी,शिवशंकर प्रजापति,जंग बहादुर पाल,ओम प्रकाश बिन्द,एजाज खान आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएमओ के निरीक्षण में आठ स्वास्थ्य कर्मी गैरहाजिर

**ज्ञानपुर।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी सन्तोष कुमार चक ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावा का औचक निरीक्षण किया।

सीएमओ के निरीक्षण के दौरान डॉ आलोक कुमार, राम प्रकाश, शिप्रा मौर्या, कमलेश यादव, नेत्र सहायक डॉ अंजू सिंह, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीएन मिश्रा व चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित मिले ।सीएमओ ने अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

# स्टेडियम एकादश ने आसमां क्रिकेट एकेडमी को 28 रनों से पीटा

**भदोही।** पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर खेल विभाग द्वारा आयोजित जूनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को आसमाँ क्रिकेट एकेडमी भदोही व स्टेडियम एकादश भदोही के मध्य खेला गया।जिसमे स्टेडियम एकादश-भदोही ने 28 रनों से जीत दर्ज की। टास जीतकर स्टेडियम एकादश-भदोही ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 06 विकेट खोकर कुल 165 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें शनि पाण्डेय ने 52 रन, रितिक राय ने 48 रन, विशाल सिंह 18 व विशाल कुमार ने 16 रनों का योगदान दिया। आसमाँ क्रिकेट एकेडमी भदोही की तरफ से गेंदबाजी करते हुए भानू ने 03 व सचिन ने 02 विकेट लिये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आसमाँ क्रिकेट एकेडमी भदोही ने 20 आवों में 07 विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। इस प्रकार 28 रनों से जीतकर स्टेडियम एकादश-भदोही ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। आसमाँ क्रिकेट एकेडमी भदोही की तरफ से अभिजीत ने 44 रन व रोशन ने 34 रनों का योगदान किया। स्टेडियम एकादश की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अभिषेक ने 03 विकेट व विशाल सिंह ने 2 विकेट व हरभजन- शॉन ने क्रमश 01-01 विकेट लिये। निर्णायक की भूमिका में श्रेयाश व सादिक तथा स्कोरर का कार्य शिवम मौर्या द्वारा निभाया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के एन त्रिपाठी ने मैच के मुख्य अतिथि रहें।मुख्य अतिथि विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। फानइल मैच में खालिद अंसारी, सचिव जिला क्रिकेट संघ- भदोही, सूर्यकान्त, कनिष्ठ सहायक- भदोही, एकलाख, विनय कुमार, एथलेटिक्स प्रशिक्षक भदोही, नियाकत अली, मुनव्वर हुसैन, हाकी प्रशिक्षक, राजकमल हाकी सचिव, भदोही, इत्यादि लोग उपस्थित रहें। अन्त में जिला क्रीडा अधिकारी, सिराजुद्दीन के द्वारा मुख्य अतिथि एवं समस्त खिलाडियों एवं खेल प्रेमियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दिया जा रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण

**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत उप निदेशक पंचायतीराज मिजार्पुर के निर्देशन में जनपद के ब्लॉक डीघ के क्षेत्र पंचायत सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत डीघ के तीन सदस्यीय समिति के अध्यक्ष मनोज मिश्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ हुआ। सर्वप्रथम प्रशिक्षण उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। तथा सतत विकास के स्थानीयकरण के संबंध में प्रशिक्षकों ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से जानकारियां साझा कीं। प्रशिक्षण में एसडीजी के विषयों पर भी जानकारी दी गई। आज प्रशिक्षण के साथ दो दिनी ट्रेनिंग का समापन हो जाएगा। कार्यक्रम में बीडीओ सुरेंद्र सिंह यादव ,सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रदीप कुमार, सुमन व प्रशिक्षण टीम के अलावा बड़ी संख्या में बीडीसी उपस्थित रहे।

# शाहीपुल ईरान-भारत की दोस्ती का प्रतीक

**जौनपुर।** रहबरे इन्केलाबे इस्लामी ईरान और मरज ए तकलीद आयतुल्ला उल उजमा सैय्यद अली खामेनाई के भारत में नुमाइंदे आयतुल्ला शेख मेंहदी



मेहदवीपुर से ईरानी कल्चरल हाउस नई दिल्ली स्थित उनके दफ्तर में शिया जामा मस्जिद नवाब बाग के मुतवल्ली शेख अली मंजर डेजी ने मुलाकात कर हिन्दुस्तान की खुशहाली और मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

आयतुल्ला ने ईरान भारत के सदियों से स्थापित रिश्तों का ज़िक्र करते हुए बताया कि ये अटूट है। भारत और ईरान में हमेशा मधुर संबंध रहे हैं। फारसी भाषा का प्रयोग भारत में कार्यालयों में किया जाता रहा है। इस अवसर पर श्री डेजी ने आयतुल्ला को शाल और शाही पुल का मोमेंटो देकर उनको सम्मानित किया। आयतुल्ला ने कहाकि शाही पुल का निर्माण अकबर के शासनकाल में जौनपुर के गवर्नर मुनअम खां ने कराया था जिनका ताल्लुक ईरान से था। ये पुल ईरान भारत के सदियों पुरानी दोस्ती का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि रहबरे मुअज्जम आयतुल्ला उल उज्मा सैय्यद अली खामेनाई हमेशा हिन्दुस्तान के मुसलमानों की खुशहाली और समृद्धि के लिए दुआएं करते रहते हैं और भारत और ईरान के मजबूत रिश्ते चाहते हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता की दिलायी शपथ



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव 75 के थीम पर प्रतिबद्ध 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा अधिशासी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्र की अगुआई में नगर पालिका इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों व प्राचार्य, अध्यापकगण के साथ जन जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के बारे में समझाया गया और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अंत में अटाला मस्जिद से राजा फाटक तक जागरुकता रैली निकाली गईं। इस अवसर पर डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन अमित यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नगर पालिका अवधेश चंद्र, डीसी खुशबू यादव, नगर पालिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, डा. केदारनाथ सिंह, अजय कुमार मिश्र, अजय कुमार तिवारी, राम कृपाल निषाद, संजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर यादव, अखिलेंद्र कुमार, रमेश कुमार, तिलकधारी सरोज तथा नगर पालिका से अनिल कुमार विश्वकर्मा, रजत यादव आदि मौजूद रहे।

# चौथे दिन भी विद्युत कर्मियों की हड़ताल जारी

**प्रदर्शन**

### अंधेरे में डूबा रहा शहर पानी को तरसे लोग

जनसंदेश न्यूज



हड़ताली विद्युत कर्मियों को सम्बोधित करते कर्मचारी नेता निखिलेश सिंह

**जौनपुर।** लगातार चौथे दिन गुरूवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति के केन्द्रीय आह्वान पर पूरे प्रदेश के साथ-साथ जनपद मुख्यालय पर स्थित 132 केवी अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय परिसर में विद्युत कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति के बैनर तले ई. पंकज जायसवाल की अध्यक्षता में कार्य बहिष्कार जारी रहा जिसमें जनपद के ऊर्जा क्षेत्र के कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता आदि विभागीय लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया।

सभा में मुख्य रूप से शीर्ष ऊर्जा निगम प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी, तानाशाही पूर्ण रवैये के कारण कर्मचारियों, अभियन्ताओं की न्यायोचित समस्याओं का समाधान एक लम्बे अवधि से नहीं हो पाने आदि मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ। सभा को सम्बोधित करते हुए संघर्ष समिति के जनपद संयोजक निखिलेश सिंह ने कहा कि जब तक प्रबन्धन हमारी मांगे नहीं मान लेती है तब तक हम झुकने वाले नहीं है तथा कार्य बहिष्कार जारी रखा जायेगा जिसके कारण होने वाली सम्पूर्ण औद्योगिक अंशाति, निगमीय कार्य व्यधान एवं अन्य जन-असुविधाओं की जिम्मेदारी उ.प्र. पावर कारपोरेशन प्रबन्धन की होगी। सभा में ई. एके सिंह, ई. अभिनव गर्ग, ई. एसके सिंह, ई. रविन्द्र पाल, ई. धर्मेन्द्र गुप्ता, ई. अजीजुल हसन अंसारी, ई. अभिषेक केसरवानी, असगर मेंहदी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये तथा कहा कि सरकार हठधर्मिता पर आ गयी है। कर्मचारियों एवं आम जनता की उपेक्षा कर रही है तथा स्वयं के लाभ के लिए निजी संस्थानों को बेच रही है। इसी क्रम में बिजली विभाग को भी बेचने की भरपूर कोशिश की जा रही है। प्रबन्धन द्वारा कर्मचारियों को सुविधा प्रदान नहीं की जाती है जिसके कारण विद्युत आपूर्ति भी बाधित होती है तथा लाइन कर्मचारियों को अपनी जान गवानी पड़ती है। निजीकरण की नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन से शहर के अधिकतर इलाकों में विद्युत व्यवस्था चरमरा चुकी है। जहां भी फाल्ट हो रहे हैं वहां दुरूस्तीकरण का कार्य ठप है। आमजनमानस में चरमरायी विद्युत व्यवस्था से लोग बेहाल हैं। उन्हें पानी तक नहीं मिल पा रहा है। इस मामले का अगर निपटारा नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो जायेगी।

# नगर पंचायत के सभी वार्डों में चल रहा सफाई अभियान



जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत एक दिसम्बर से नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में तेजी से साफ सफाई का काम किया जा रहा है। इसके तहत मेहंदीतला में मदरसा के पास और नालापार मोहल्ले में स्थित कूड़े के ढ़ेर को हटा दिया गया है। इस संबंध में स्थानीय नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि शासन के मंशानुसार एक दिसंबर से तीन दिसंबर तक 75 घंटे तक अभियान चलाया जाना है। इसके तहत जिस स्थल पर अधिक मात्रा में कचरा जमा हो उस स्थल पर सफाई और सुंदरीकरण करना है। इसके आलावा सफाई के प्रति लोगों को जागरुक करना भी है। उन्होंने बताया कि 3 दिसंबर तक सभी वार्डों को साफ सुथरा बना दिया जायेगा। इसके लिए वे स्वयं सफाई कार्यक्रम की मानिटरिंग कर रहे हैं। इसके आलावा अजय निषाद अमित साहनी आदि को भी जिम्मेदारी दी गई है।

# अंतर महाविद्यालयीय एथलेटिक पुरुष-महिला प्रतियोगिता आयोजित

जनसंदेश न्यूज

**सरायख्वाजा।** पूविवि अन्तर महाविद्यालयीय एथलेटिक पुरूष/महिला प्रतियोगिता के तीसरे दिन 10000 मीटर के पुरूष वर्ग में दौड़ में अरविन्द टीडीपीजी कालेज जौनपुर प्रथम, सतीश कुमार पीजी कालेज गाजीपुर द्वितीय एवं अवधेश कुमार हण्डिया पीजी कालेज हण्डिया प्रयागराज तृतीय स्थान तथा 10000 मीटर के महिला वर्ग में प्रियांशू कुमारी पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सैदपुर गाजीपुर प्रथम, निशा पासवान शहीद स्मारक महाविद्यालय गाजीपुर द्वितीय एवं साधना हण्डिया पीजी कालेज हण्डिया प्रयागराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में डिस्कस थ्रो पुरूष वर्ग में सौरभ मिश्रा हण्डिया पीजी कालेज हण्डिया प्रयागराज प्रथम, सूरज यादव श्री चन्दजी महाविद्यालय पिलखिनी जौनपुर द्वितीय एवं रिषभ सिंह टीडी कालेज जौनपुर ने तृतीय स्थान तथा डिस्कस थ्रो महिला वर्ग में अंशिका यादव, सतिराम महाविद्यालय गाजीपुर प्रथम, करिश्मा बिन्द द्वितीय एवं स्वाती पाण्डेय तृतीय स्थान हण्डिया पीजी कालेज हण्डिया प्रयागराज पोलवाल्ट पुरूष वर्ग में शास्वत सिंह टीडी कालेज जौनपुर प्रथम तथा पोलवाल्ट महिला वर्ग में माही पटेल टीडी कालेज जौनपुर प्रथम रही। 200 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में अंशुल टीडी कालेज जौनपुर प्रथम, गुरमीत श्री चन्दजी महाविद्यालय



पिलखिनी जौनपुर द्वितीय एवं मोनू कुमार झा टीडी कालेज जौनपुर तृतीय स्थान एवं 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में नीशू कुमारी टीडी कालेज जौनपुर प्रथम, टीना श्री चन्दजी महाविद्यालय पिलखिनी जौनपुर द्वितीय एवं शुभम टीडी कालेज जौनपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक पुरूष वर्ग में अविनाश यादव टीडी कालेज जौनपुर प्रथम, समर सिंह टीडी कालेज जौनपुर द्वितीय, राजेश कुमार राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ जौनपुर तृतीय एवं भाला फेंक महिला वर्ग में प्रीति मौर्य राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ जौनपुर प्रथम, पूर्णिमा सिंह हण्डिया पीजी कालेज हण्डिया प्रयागराज द्वितीय, शहाना परवीन शहीद स्मारक महाविद्यालय गाजीपुर तृतीय रही। 400 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में अभिषेक राय प्रथम, एवं सुमित यादव पीजी कालेज गाजीपुर द्वितीय तथा करन टीडी कालेज जौनपुर ने तृतीय 400 मीटर दौड़ महिला वर्ग में नीशू कुमारी, टीडी कालेज जौनपुर प्रथम, शिवांकी पीजी कालेज गाजीपुर द्वितीय एवं किरन यादव हण्डिया पीजी कालेज हण्डिया प्रयागराज तृतीय स्थान पर रही। 800 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में वैभव यादव, मोहम्मद हसन पीजी कालेज जौनपुर प्रथम, यादव अंतरिक्ष माँ प्यारी देवी महाविद्यालय मोकलपुर, जौनपुर द्वितीय एवं शाहरूख पीजी कालेज गाजीपुर तृतीय तथा 800 मीटर दौड़ महिला वर्ग में भाविका, टीडी कालेज जौनपुर प्रथम, शिवांकी पीजी कालेज गाजीपुर द्वितीय एवं शिल्पी यादव पीजी कालेज, गाजीपुर तृतीय स्थान पर रही।

उक्त अवसर पर सचिव खेलकूद परिषद प्रो. ओम प्रकाश सिंह, आयोजन सचिव प्रो. चन्द्रभान सिंह, अशोक कुमार सिंह, प्रो. शेखर सिंह, प्रो. मुन्ना सिंह, प्रो. संजय कुमार, डॉ. अच्छेलाल यादव, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, जितेन्द्र बहादुर सिंह, अशोक कुमार सिंह, डॉ. राजेश सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, क्रिकेट प्रशिक्षक विजय प्रकाश, अल्का सिंह चौहान, भानू प्रताप शर्मा आदि उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में अन्तर्राष्ट्रीय रेफरी दिनेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, श्यामजी, कृष्णा यादव, रविचन्द यादव, नीलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# सीएमओ ने काम में सुधार लाने का दिया निर्देश

**निरीक्षण**

### आधुनिक चीरघर का किया निरीक्षण, जेई से कार्य की प्रगति के बारे में ली जानकारी

### शव संग्रह कक्ष, एक्स-रे रूम, पुलिसकर्मियों तथा परिजनों की सुविधा के लिए निर्माण कार्य देखा

जनसंदेश न्यूज




नवनिर्मित पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण करतीं सीएमओ

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने एसीएमओ डॉ. प्रभात कुमार के साथ करंजाकला ब्लाक में मेडिकल कालेज के पास निमार्णाधीन आधुनिक पोस्ट मार्टम हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद जूनियर इंजीनियर जिया लाल सोनकर से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा ठेकेदार को काम में सुधार लाने का निर्देश दिया।

मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर निमार्णाधीन कक्षों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक चीरघर में आपरेशन थियेटर की ही तरह टेबल रहेगा और प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। एक शव संग्रह कक्ष बनेगा जिससे ज्यादा शवों को सुरक्षित रखने में सहूलियत मिलेगी। वहां पर एक्स-रे रूम भी प्रस्तावित है। पोस्टमार्टम के रिकार्ड के लिए भी दफ्तर रहेगा। पुलिसकर्मियों के लिए भी वेटिंग रूम की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही शवों के साथ आने वाले परिजनों के लिए रैन बसेरा का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सीएमओ दूसरी मंजिल पर भी गईं। इस दौरान उन्हें सीढ़ियां खड़ी महसूस होने पर उन्होंने मरीजों और तीमारदारों को होने वाली दिक्कत को देखते हुए ठेकेदार को सही करने का निर्देश दिया।

# आरक्षण सूची जारी होते ही आरोप प्रत्यारोप शुरू



## निकाय चुनाव में जारी आरक्षण पर विपक्षी दलों में नाराजगी

## मनमाने तौर पर थोपा जा रहा वार्डों का आरक्षण

## अपनी पार्टी के लोगों को जीत दिलाना है सत्ताधारियों का मकसद

वाराणसी। शासन की ओर से गुरुवार की देर शाम निकाय चुनाव के लिए निगम के 100 वार्डों सहित गंगापुर नगर पांचायत के 10 वार्डों की प्रस्तावित आरक्षण सूची जारी की गई। जिसके बाद शुक्रवार को अन्य दलों की ओर से तल्ख प्रतिक्रिया आने शुरू हो गए। विपक्षी दलों ने नाराजगी जताते हुए निकाय चुनाव को लेकर इस बार के जारी आरक्षण सूची को पूरी तरह सत्ता के अनुरूप बताया है। कहा गया कि अपनी पार्टी के लोगों को जीत दिलाने के लिए मनताने तौर पर आरक्षण थोप दिया गया है। विपक्षी दलों का मामना है कि सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की जानकारी में आरक्षण सूची तैयार की गई। जिसमें अपने लोगों की जीत निश्चित कराने के लिए परिसीमन और उसके बाद आरक्षण जारी किया गया। हालांकि अभी सात दिनों तक दावे और आपत्तियों के बाद इसे अंतिम तौर पर जारी किया जाएगा। कांग्रेस की ओर से जारी बयान में बताया गया कि सत्ता के इशारे पर जिन वार्डों में भाजपा कमजोर है उन वार्डों में मनमानी की गई। यह पहली बार हुआ जब मनमाने तरीके से आरक्षण सूची बनाई गई। जारी आरक्षण को लोकतंत्र के खिलाफ बताया गया। वहीं समाजवादी पार्टी की ओर से बताया गया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दबाव में आरक्षण सूची का खाका तैयार किया गया है। जिसमें अन्य दलों को नुकसान पहुंचाने के लिए परिसीमन जारी कर मनमाने ढ़ग से आरक्षण तय कर दिया गया। ताकि खुद के पार्टी को फायदा पहुंचाया जा सके। जहां जहां सपा के पार्षद जीते हैं वहां आरक्षण में बदलाव किया गया। पार्टी का कहन है कि जारी आरक्षण के खिलाफ न्यायालय का रुख करने के साथ मोर्चा खोला जाएगा। वहीं अन्य विपक्षी पार्षदों का कहना है कि सत्ता के इशारे पर अधिकारी भी कुछ नहीं कर पा रहे। जो सत्ता के लोगों द्वारा कहा जा रहा है उसी पर सतरंज की बिसात तैयार की जा रही है। जिससे अन्य दलों को कोई रास्ता न मिल सके। इनके द्वारा परिणाम अपने पक्ष में कराने के मंसूबे कमयाब नहीं हो सकेंगे। बताया कि आज तक के इतिहास में इस प्रकार की मनमानी नहीं हुई। जिस प्रकार इस बार के आरक्षण सूची में दिखाई दे रही है। वहीं बसपा की ओर से जिलाध्यक्ष राजेश कुमार भारती ने बताया कि आरक्षण सूची अभी देखा गया है। कुछ लोगों का फोन आया है। सूची में कुछ बदलाव हुआ है। पार्टी हाईकमान से जैसा निर्देश होगा, उसी के अनुसार काम किया जाएगा। फिलहाल इस सूची के संबंध में बैठक कर आगामी रणनीति तय करेंगे। बता दें कि शासन की ओर से पार्षद पद के लिए अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं। जारी अधिसूचना की तिथि से सात दिनों के भीतर जिलाधिकारी के यहां आपत्तियां ली जाएंगी। इसके बाद 100 वार्डों के आरक्षण की फाइनल अंतिम) सूची का प्रकाशन होगा।

## विवाद की छाया



जहां जहां से पार्टी के पार्षद जीतने वाले थे वहां भौगोलिक आरक्षण से खिलवाड़ किया गया है। हम इसके खिलाफ पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ बैठक कर मोर्चाबंदी करेंगे। न्यायालय में इनके खिलाफ अपील किया जाएगा।

**विष्णु शर्मा, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी**



सत्ता के इशारे पर हर निर्वाचन संबंधी फैसले तय किए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं है, निकाय चुनाव में सत्ता की नीयत सही नहीं है तभी आरक्षण में इस प्रकार से मनमानी नजर आ रही है। जिन वार्डों में हार का डर है उन्हीं वार्डों में आरक्षण के साथ छेड़छाड़ की गई है।

**प्रशांत सिंह पिंकू, पार्षद समाजवादी पार्टी**



सत्ता के इशारे पर परिसीमन और उसके बाद आरक्षण जारी किया गया है। जो पूरी तरह अपने पार्टी के लोगों को जीताने के लिए किया गया। यह लोकतंत्र के खिलाफ कार्य है। किसी तरह कुर्सी पाना ही इनकी प्राथमिकता है।

**- राघवेंद्र चौबे, महानगर अध्यक्ष कांग्रेस**



इस बार का निकाय चुनाव पूरी तरह सत्ताधारियों के हाथ में है। परिसीमन के साथ आरक्षण पर भी इन्होंने मनमानी की है। जहां अन्य दलों की जीत निश्चित थी वहीं इन्होंने अपने उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाने के लिए आरक्षण में बदलाव किया है।

**सीताराम केशरी, पार्षद कांग्रेस**

## भाजपा के प्रत्याशियों के हिसाब से आरक्षण किया गया जारी

समाजवादी पार्टी ने नगर निगम चुनाव के लिए जारी परिसीमन और आरक्षण के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया है। महानगर निवर्तमान अध्यक्ष विष्णु शर्मा की ओर से पत्र जारी कर बताया गया कि सरकार अपने प्रति उभर रहे असंतोष और आक्रोश से डर गई है। भाजपा के निश्चित प्रत्याशीयों के हिसाब से परिसीमन और आरक्षण किया गया है। क्षेत्र में कराए गए सर्वे की भी अनदेखी की गई है। सपा नेताओं और कार्यकताओं की साख और समीकरण को ध्वस्त करने की साजिश स्पष्ट है। सपा इनकी साजिशों का पदार्फाश करते हुए चुनाव में मुहतोड़ जवाब देगी। इनकी दुरभि संधि को नाकाम कर जनता इन्हें परास्त करें।



## अल्पसंख्यकों पर दांव लगाएगी भाजपा

शासन स्तर से गुरुवार की देर शाम आरक्षण की सूची जारी की गई। जिसके बाद भाजपा की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस बार भाजपा पहले से ज्यादा सीटों पर जीत हांसिल करेगी। खासकर अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को इस बार चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। जिससे पार्टी की सोच सबका साथ सबका विकास को साकार किया जाएगा। भाजपा के निकाय चुनाव संयोजक जगदीश त्रिपाठी ने बताया कि इस बार निकाय चुनाव में पार्टी अल्पसंख्यक उम्मीदवारों की सूची तैयार कर उन्हें चुनाव मैदान में उतारेगी। इसके लिए जल्द ही कोर कमेटी की बैठक होगी। इसमें पालकों के मार्गदर्शन में प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा शत-प्रतिशत सफलता के लिए अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में विजय हासिल करेगी।

## कांग्रेस की ओर भी से तैयारियां शुरू

आगामी नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की ओर से तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस संबंध में महानगर अध्यक्ष ने शुक्रवार को एक पत्र जारी कर बताया कि निकाय चुनाव में आवेदन के संदर्भ में प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय के संस्तुति पर प्रत्याशियों को आवेदन पत्र वितरण व आवेदक जमा करने के लिए विधानसभा वार जिम्मेदारी दी गई है जिसमें उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के वार्डो का आवेदन महानगर उपाध्यक्ष फसाहत हुसैन बाबू, दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के वार्डो का आवेदन के लिए महानगर उपाध्याय डॉ. राजेश गुप्ता, कैंट विधानसभा क्षेत्र के वार्डो के आवेदन के लिए महानगर उपाध्यक्ष आनंद सिंह व नए जुड़े वार्डो के आवेदन के लिए जिला सचिव गोपाल पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। जो महानगर कांग्रेस कार्यालय मैदागिन पर आवेदन फार्म देंगे व जमा करेंगे।



## प्रबुद्ध सम्मेलनों से निकाय चुनाव फतह करने में जुटी भाजपा

वाराणसी। प्रस्तावित निकाय चुनावों के लिए भी भाजपा जमीन मजबूत करने में जुट गई है। चुनव के लिए प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए संवाद और सौगात को माध्यम बनाया जा रहा है। चुनाव की घोषणा से पहले योगी की नजर हर नगर निगमों में पहुंचने पर है। इसलिए, चुनावी व्यस्तताओं के बीच प्रबुद्ध सम्मेलनों का भी सिलसिला जारी है। प्रदेश में 17 नगर निगम हैं। 2017 में 16 नगर निगमों में चुनाव हुए थे। इसमें 14 नगर निगमों में मेयर की कुर्सी पर भाजपा काबिज हुई थी, जबकि अलीगढ़ और मेरठ बसपा के खाते में गई थी। इस बार भाजपा की नजर 'क्लीन स्वीप' पर है। इसके लिए योगी ने अभी से जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है।

## नवंबर से ही शुरू हो गए सम्मेलन

यूपी के नगर निगम क्षेत्रों में प्रबुद्ध सम्मेलनों का सिलसिला शुरू हो गया है। योगी ने 20 नवंबर को सहारनपुर, 22 को गाजियाबाद, 24 को झांसी और प्रयागराज, 25 को अलीगढ़ और फिरोजाबाद, 28 को आगरा और 30 को मेरठ में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलनों के साथ ही इन शहरों में शिलान्यास और लोकार्पण के जरिए विकास योजनाओं की भी सौगात दी गई, जिनका अधिकतर हिस्सा शहरी क्षेत्रों से जुड़ा था। इस बीच 27 नवंबर को योगी अयोध्या में भी थे। निकाय चुनाव को साधने के लिए प्रबुद्ध सम्मेलनों की झड़ी जारी है। दो दिसंबर को मुरादाबाद में प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद अब योगी चार दिसंबर को गोरखपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पांच से सात दिसंबर तक विधानमंडल का शीतकालीन सत्र चलेगा। बचे नगर निगमों के कार्यक्रम इसके हिसाब से तय किए जाएंगे।

## सम्मेलन में 15 से 20 हजार लोग हो रहे आमंत्रित

प्रबुद्ध सम्मेलनों से संदेश साधने के लिए भागीदारी का दायरा व्यापक बनाया गया है। हर सम्मेलन में 15 से 20 हजार लोग आमंत्रित हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें नगर निगम, नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के सभी वॉर्डों के लोग शामिल हैं। मंच से सीएम पहले नगर विकास, स्वास्थ्य आदि विभागों की योजनाओं की सौगात दे रहे हैं। इसके बाद उस क्षेत्र में अपनी सरकार के काम और पिछली सरकार की असफलताओं को गिना रहे हैं, जिससे जनता तक तुलनात्मक तस्वीर पहुंच सके। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने प्रबुद्ध सम्मेलनों का प्रयोग किया था, जिसमें उसे सफलता मिली थी।

# याद है वो महिला, जिसने भारत में एड्स का पहला मरीज खोजा था?

**भूल गए सभी**

**सेलप्पन निर्मला ने यह दुर्लभ कारनामा किया था, पर शायद ही किसी को यह याद हो**

यह साल 1985 की बात है, चेन्नई (उस वक़्त मद्रास) के एक मेडिकल कॉलेज की 32 साल की माइक्रोबायोलॉजी की छात्रा सेलप्पन निर्मला अपने लेख का विषय ढूंढने में व्यस्त थीं। उनके शिक्षक और मेंटोर सुनिति सोलोमन ने पहली बार निर्मला को एचआईवी एड्स के लिए लोगों की जांच करने की सलाह दी। अमेरिका में तो एड्स के मामलों का औपचारिक रूप से पता लगाने का आगाज 1982 में हुआ था।भारत में चिकित्सा अधिकारी इस बीमारी की जांच में फंसना नहीं चाह रहे थे। क्योंकि एड्स को लेकर बड़ी भ्रामक जानकारी फैली हुईं थीं। निर्मला का कहना है कि उस वक़्त ऐसे सुझाव को ज्यादातर नामुमकिन माना जाता था। उस वक़्त की मीडिया ने एचआईवी को 'अय्याश' पश्चिमी देशों की बीमारी बताया था, जहां कथित तौर पर खुले सेक्स और समलैंगिकता का प्रचलन था। दूसरी तरफ भारत के लोग को विपरीत लिंग वालों से संबंध रखने, एक शादी और भगवान से डरने वाले माने जाते थे।कुछ अखबार तो अपनी मर्जी से यह भी लिखते थे कि जब तक यह बीमारी भारत पहुंचेगी, तब तक अमेरिका इसका इलाज ढूंढ लेगा। तमिलनाडु में चेन्नई शहर और इसके आसपास के इलाके को खास तौर पर रूढ़िवादी समाज माना जाता है। जबकि मुंबई को आमतौर पर स्वच्छंद शहर माना जाता है। उस वक़्त मुंबई शहर से भी सैकड़ों सैंपल इकट्ठे किए गए थे, जिसकी जांच पूना के वायरोलॉजी संस्थान में की गई थी और इनमें से एक भी सैंपल को पॉज़िटिव नहीं पाया गया था।

इसलिए इस बात पर कोई हैरानी नहीं हो सकती कि निर्मला को भी अपनी मेहनत के रिजल्ट को लेकर अंदाजा था. उनका कहना है, मैंने डॉक्टर सोलोमॉन से कहा कि मुझे पक्का यकीन है इस जांच के रिजल्ट निगेटिव आएंगे। हालांकि सोलोमॉन ने अपनी छात्रा को एक बार कोशिश करने के लिए मना लिया। यह तय किया गया कि निर्मला उन 200 लोगों के ब्लड सैंपल इकट्ठा करेगी जिन्हे एड्स को लेकर ज्यादा खतरा है जैसे सेक्स वर्कर्स, समलैंगिक और अफ्रीकी छात्र। लेकिन यह आसान काम नहीं था। नर्मला ने पहले बैक्टेरिया से होने वाली लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी पर काम किया था, जो कुत्ते और चूहे जैसे जानवरों से फैलता है। निर्मला एड्स के बारे में कुछ भी नहीं जानती थीं। निर्मला के सामने एक और समस्या भी थी. मुंबई, दिल्ली और कोलकाता जैसे शहरों में काफी चर्चित रेड लाइट इलाके थे, लेकिन चेन्नई में सेक्स वर्कर्स का कोई निश्चित पता नहीं था। इसलिए उन्होंने लगातार मद्रास जनरल हॉस्पिटल जाना शुरू किया, जहां सेक्सुअली ट्रांसमिटेड बीमारियों से पीड़ित कई महिलाओं का इलाज होता था। वो कहती हैं कि मैंने वहां कुछ सेक्स वर्कर्स से दोस्ती कर ली और फिर उन लोगों ने मुझे कुछ और सेक्स वर्कर्स के बारे में बताया। जब मैंने उनका फॉर्म देखा तो उस पर 'वी होम' लिखा था। मैंने इसके बारे में पता किया तो बताया गया कि इसका मतलब विजिलेंस होम होता है, यानी कि जहां वेश्याएं और बेसहारा लोग अधिकारियों की कैद में रहते हैं। उस वक़्त और आज भी भारत में भीख मांगना अपराध है। उन महिलाओं को फिर से हिरासत में लेकर हवालात में डाला जाना था, क्योंकि उनके पास जमानत कराने के लिए पैसे नहीं थे। इसलिए हर सुबह काम पर जाने से पहले निर्मला एक बार रिमांड होम जाकर सेक्स वर्कर्स से मिलने लगीं।

## सेक्स वर्कर्स से लिए सैंपल

निर्मला का पालन पोषण एक छोटे से गांव में एक रूढ़िवादी परिवार में हुआ था। उनकी शादी हो चुकी थी और दो छोटे-छोटे बच्चे भी थे। वो बताती हैं, मैं काफी नर्वस महसूस करती थी और तमिल में बात करती थी। मैं एक शांति से भरी ज़िंदगी चाहती थी। लेकिन पति वीरप्पन रामामूर्ति ने उनको प्रोत्साहित किया। उन्होंने हर कदम पर निर्मला का साथ दिया। वो अक्सर बस का किराया बचाने के लिए स्कूटी पर निर्मला को रिमांड होम तक छोड़ने जाते थे। उस वक़्त दोनों ने अपना करियर शुरू किया था और उनके पास ज्यादा पैसे भी नहीं होते थे। तीन महीने गुजर जाने के बाद निर्मला ने 80 सैंपल जमा कर लिए। उनके पास कोई दस्ताना नहीं था और न ही सुरक्षा का कोई और सामान। दूसरी तरफ सेक्स वर्कर्स को भी इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि ये जांच किसलिए हो रही है। निर्मला बताती हैं, मैंने उन्हें नहीं बताया था कि मैं एड्स की जांच कर रही हूं। वो सभी लोग अनपढ़ थे और अगर मैं बता भी देती, तो उन्हें समझ में नहीं आता कि एड्स क्या है। उन लोगों ने सोचा कि मैं सेक्स से जुड़ी किसी बीमारी की जांच कर रही हूं। सोलोमन की शादी हृदय और फेफड़े के एक सर्जन से हुई थी। उन्होंने अपने पति और दूसरों की मदद से छोटा सा लैब बनाया था. इसी लैब में वो और निर्मला, सीरम को अलग करने का काम करती थीं। एड्स की जांच के लिए यह एक अहम प्रक्रिया होती है। इन सैंपल्स को सुरक्षित रखने का कोई और जरिया नहीं होने की वजह से निर्मला उन्हें अपने घर के फ्रिज में रखती थीं। चेन्नई में एलिसा टेस्टिंग की कोई सुविधा नहीं होने की वजह से डॉक्टर सोलोमन ने सैंपल्स की जांच चेन्नई से 200 किलोमीटर दूर वेल्लोर के क्रिश्चन मेडिकल कॉलेज में कराने की व्यवस्था की। निर्मला बताती हैं, साल 1986 के फरवरी में एक दिन मैंने और मेरे पति ने उन नमूनों को आइस बॉक्स में रखा और वहां से रात की ट्रेन लेकर काटपडी रवाना हुए. फिर वहां से हमने ऑटो रिक्शा लिया और सीएमसी पहुंचे। वहां के वायरोलॉजी विभाग के निदेशक डॉक्टर जैकब टी जॉन ने दो लोगों पी जॉर्ज बाबू और एरिक सिमॉस को, निर्मला की मदद के लिए लगाया।

## कहां से जमा किए गए थे सैंपल?

निर्मला याद करती हैं, हमने सुबह साढ़े आठ बजे जांच शुरू की। बिजली कट जाने की वजह से दोपहर में टी-ब्रेक लिया। जब हम वापस लौटें तो मैं और जॉर्ज बाबू पहले लैब में पहुंचे। वो बताती हैं, डॉक्टर जॉर्ज बाबू ने लिड को खोला और उसे तुरंत ही बंद कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि प्ले मत करो. लेकिन मैं उसे देख चुकी थी। उनमें से छह सैंपल पीले हो गए थे। मैं हैरान रह गई, मैंने कभी ऐसा कुछ भी सोचा तक नहीं था। एक मिनट बाद ही सिमॉस भी अंदर आए। उन्होंने भी रिजल्ट को देखा और कहा, इनमें से कुछ रिजल्ट पॉज़िटिव हैं। मैं जॉन को बुलाने के लिए भागी, वो दौड़ते हुए कमरे की ओर आ रहे थे। इस पॉज़िटिव रिजल्ट को न मानने का कोई मतलब ही नहीं था, यह तो सभी के चेहरों पर दिख रहा था। जॉन ने निर्मला से पूछा, आपने ये सैंपल कहां से इकट्ठा किए?। चेन्नई लौटने से पहले ही निर्मला और उनके पति ने यह बात किसी को नहीं बताने की कसम खा ली। रामामूर्ति कहते हैं, हमें कहा गया कि यह बहुत ही गंभीर मामला है, इसलिए किसी को न बताएं। चेन्नई लौटने के बाद निर्मला सोलोमन के दफ़्तर गईं और उन्हें इस खबर के बारे में बताया। उसके फौरन बाद वो सोलोमॉन, बाबू और सिमॉस के साथ विजिलेंस होम गईं। उन लोगों ने उन छह महिलाओं के सैंपल फिर से लिए। सिमॉस इन सैंपल्स को लेकर अमरीका रवाना हो गए, जहां वेस्टर्न ब्लॉट टेस्ट से यह कन्फर्म हो गया कि भारत में एचआईवी वायरस पहुंच चुका है। यह भयानक खबर इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च को दी गई, जिसने उस वक़्त के प्रधानमंत्री राजीव गांधी और फिर तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एचवी हांडे को इसकी जानकारी दी। जब मई में हांडे ने विधानसभा में इस खबर के बारे में बताया, तो उस वक़्त निर्मला और सोलोमॉन विधानसभा के दर्शक दीर्घा में बैठे हुए थे। शुरू में तो लोगों ने इस पर कोई यकीन नहीं किया।



## परिणाम आने पर मचा हंगामा

पिछले साल सोलोमॉन की मौत हो गई. लोगों ने खास तौर पर उन्हीं की आलोचना की थी, क्योंकि वो दूसरे राज्य महाराष्ट्र की रहने वाली थीं। सोलोमॉन के बेटे सुनील कहते हैं, ₹लोग सच में बहुत भड़के हुए थे. वो कह रहे थे कि एक उत्तर भारतीय महिला हमें बुरा बता रही है। लेकिन इस पर मेरी मां सहित सारे लोग हैरान थे। उधर इस तरह के परिणाम के बाद सारे अधिकारियों में पागलों की तरह भगदड़ मच गई. निर्मला कहती हैं, ₹आईसीएमआर के निदेशक ने मुझे बताया कि यह एक विशाल पहाड़ का एक छोटा सा टुकड़ा है. हमें इस पर जल्दी से काम करना होगा। अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर जांच और एड्स की रोकथाम के लिए कार्यक्रम शुरू किए. कुछ साल के बाद भारत में एड्स एक महामारी बन गया और देश के हर कोने में तेजी से फैलने लगा। कई साल तक भारत में एसआईवी संक्रमित लोगों की संख्या दुनिया मे सबसे ज्यादा मानी जाती थी, जो करीब 52 लाख बताई जाती थी. लेकिन 2006 में आए नए आंकड़ों में यह संख्या इसकी आधी बताई गई है। आज भी भारत में 21 लाख से ज्यादा एचआईवी संक्रमित लोग हैं, जिस जानलेवा बीमारी का कोई इलाज नहीं है। उधर निर्मला फिर से अपनी पढ़ाई में जुट गईं. उन्हें अपने थेसिस के लिए जरूरी 200 में से 100 से ज्यादा सैंपल अब भी इकट्ठे करने थे। उसके बाद कुछ हफ़्तों बाद तक वो सेक्स वर्कर्स और कैदियों के लिए रिमांड होम जाती रहीं। मार्च 1987 में उन्होंने अपने लेख 'सर्विलांस फॉर एड्स इन तमिलनाडु' जमा किया। उन्होंने अपना इम्तेहान पास किया और चेन्नई के किंग इंस्टिच्यूट ऑफ प्रिवेंटीव मेडिसीन में वैक्सीन प्रोडक्शन कार्यक्रम में नौकरी शुरू दी, जहां से वो साल 2010 में रिटायर हुईं। जब उन्होंने भारत में एचआईवी एड्स की मौजूदगी का पता लगाया था, उसके ठीक 30 साल बाद निर्मला को पूरी तरह से भुला दिया गया है। उस वक़्त मीडिया की कुछ खबरों को छोड़ दें तो इतने बड़े काम के लिए उनको कोई पहचान नहीं मिली। मैंने उनसे पूछा, क्या कभी आपको एहसास होता है कि आपके इतने बड़े काम की कद्र किसी ने नहीं की। निर्मला जवाब देती हैं, मेरा लालन पालन एक गांव में हुआ है. वहां कोई नहीं है जो इस तरह की खबर पर उत्साहित हो या निराश हो. मैं खुश हूं कि मुझे समाज के लिए कुछ करने का अवसर मिला।

# एड्स की वैक्सीन तैयार, उम्मीदें बढ़ीं

*दुनिया को जल्द एचआईवी के इलाज के लिए पहली वैक्सीन मिल सकती है। दरअसल, वर्ल्ड एड्स डे पर साइंस जर्नल में एक रिसर्च प्रकाशित हुई है। इसमें एक वैक्सीन के पहले क्लिनिकल ट्रायल के नतीजे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह वैक्सीन एड्स के खिलाफ 97% तक कारगर है। एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) की बीमारी ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस से होती है। माना जाता है कि यह वायरस चिम्पांजी से इंसान में 20वीं सदी में ट्रांसफर हुआ था। यह एक यौन रोग है और मरीज के सीमेन, वजाइनल फ्लुइड और खून के संपर्क में आने से फैल सकता है। फिलहाल इसका कोई परमानेंट इलाज मौजूद नहीं है।*

**ट्रायल 97 फीसदी कारगर, आठ हफ्ते के अंतर पर दो डोज दिए जाएंगे**

**इलाज दूर नहीं**




### दो डोज में दी गई वैक्सीन

इस वैक्सीन का नाम इओडी-जीटी8 60एमइआर है। रिसर्च में 48 स्वस्थ लोगों पर इसका ट्रायल किया गया। इनकी उम्र 18 से 50 साल के बीच थी। 18 लोगों को पहली खुराक 20 माइक्रोग्राम की दी गई। इसके 8 हफ्ते बाद उन्हें इतनी ही खुराक दूसरी बार दी गई। वहीं, अगले 18 लोगों को आठ हफ्ते के अंतराल में 100 माइक्रोग्राम के दो डोज दिए गए। बाकी बचे 12 लोगों को सलाइन प्लेसिबो दिया गया। प्लेसिबो कोई दवाई नहीं है। डॉक्टर इसका इस्तेमाल ये जानने के लिए करते हैं कि दवा लेने का किसी व्यक्ति पर मानसिक रूप से क्या और कितना असर पड़ता है।

### एक खुराक में ही इम्यूनिटी बढ़ी

रिसर्चर्स ने पाया कि जिन 36 लोगों को वैक्सीन दी गई, उनमें से 35 लोगों में वैक्सीन का पहला डोज देते ही असर दिखाई दिया। उनमें बी सेल्स (बी कोशिकाएं) बढ़ीं। ये व्हाइट ब्लड सेल्स का वो प्रकार है, जो इम्यून सिस्टम में बीमारियों के खिलाफ एंटीबॉडी बनाता है। वैक्सीन की दूसरी खुराक के बाद इन लोगों की इम्यूनिटी और बढ़ गई। वैक्सीन एड्स के मरीजों पर कैसे काम करेगी, इस पर रिसर्च बाकी है। इंटरनेशनल एड्स वैक्सीन इनिशिएटिव के डेटा के अनुसार दुनिया में 3 करोड़ 80 लाख लोग ल्क्व्र के साथ जी रहे हैं। फिलहाल इस जानलेवा वायरस के खिलाफ 20 से ज्यादा वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल चल रहे हैं। वहीं, विश्व में अब तक इससे चार करोड़ लोगों की मौत हुई है। पिछले साल 15 लाख लोगों को एड्स हुआ, जबकि 6 लाख 50 हजार मरीजों ने अपनी जान गंवाई।